आषाढ़ कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


मंगलवार, 25 जून 2024
वर्ष 5, अंक 219, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वेस्टइंडीज को हराकर अफ्रीका सेमीफाइनल में 15
अक्षय कुमार की सरफिरा का पहला गाना मार उड़ी रिलीज 16










## 18वीं लोकसभा की पहली बैठक में नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ

# नीट-नीट के नारे, लहराईं संविधान की प्रतियां

### प्रधानमंत्री मोदी के शपथ लेने के दौरान सदन में गूंजा जय श्रीराम व मोदी-मोदी

### शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान और गृहमंत्री शाह को झेलना पड़ा विपक्ष का विरोध

### प्रधानमंत्री ने रखा अपना विजन, लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की बात कही

नई दिल्ली, एजेंसी

18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू हुआ। सत्र से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि यह सदन संकल्प की पूर्ति का सदन है। विकसित भारत के संकल्प के साथ नई लोकसभा की शुरुआत हो रही है। 60 साल बाद देश की जनता ने किसी सरकार को तीसरी बार सेवा का मौका दिया है। यह बेहद गौरवपूर्ण है।

उन्होंने देश के सामने अपना विजन रखा और लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की बात कही। सत्र की शुरूआत में प्रधानमंत्री व उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ ही अन्य नवनिर्वाचित सदस्यों ने सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। प्रधानमंत्री जैसे ही शपथ लेने के लिए उठे कांग्रेस समेत सभी विपक्षी सदस्य संविधान की प्रतियां लेकर खड़े हो गए, यह देखकर सत्ता पक्ष के सदस्य भी मोदी-मोदी और जय श्रीराम के नारे लगाने लगे। गृहमंत्री अमित शाह जब शपथ लेने जा रहे थे, तब भी राहुल गांधी





संसद भवन परिसर में हाथ उठाकर अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री मोदी और संविधान की प्रति लहराते राहुल गांधी व अन्य।

व अन्य कांग्रेसियों ने संविधान की प्रति लहराई। इससे पहले प्रधानमंत्री ने संसद में प्रवेश से पहले देश में आपातकाल लागू किए जाने के 50 वर्ष पूरे होने पर जनता को जागरूक करने का अभियान चलाने का एलान किया। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे उखड़ गए। उन्होंने पीएम मोदी को कठोरता से जवाब दिया। पहले दिन कुल 262 सदस्यों ने शपथ ग्रहण की, बाकी के अन्य सदस्य मंगलवार को शपथ ग्रहण करेंगे। कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब ने सदन की कार्यवाही का संचालन किया और सदस्यों को शपथ दिलाई। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जब शपथ लेने पहुंचे तो विपक्ष ने नीट-नीट के नारे लगाए। प्रधानमंत्री के बाद भाजपा के वरिष्ठ सदस्य राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते ने शपथ ली। कांग्रेस सदस्य के. सुरेश, द्रमुक के टीआर बालू और टीएमसी के सुदीप बंदोपाध्याय को भी सिंह और कुलस्ते के साथ पीठासीन सभापतियों के पैनल में चुना गया है लेकिन उन्होंने प्रोटेम स्पीकर के रूप में महताब के निर्वाचन पर आपत्ति जताते हुए शपथ नहीं ली और सदन से बहिर्गमन किया। मंत्रियों राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अमित शाह, शिवराज सिंह चौहान, मनोहरलाल खट्टर, एचडी कुमार स्वामी, पीयूष गोयल, ज्योतिरादित्य सिंधिया आदि ने शपथ ली।

### मोदी बोले-देश चाहता है जिम्मेदार विपक्ष

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश की जनता विपक्ष से नखरे, ड्रामा, नारेबाजी और व्यवधान की जगह ठोस काम और संसद की गरिमा बनाए रखने की उम्मीद करती है। एक अच्छे और जिम्मेदार विपक्ष की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं व आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उनकी सरकार हर किसी की सहमति के साथ और हर किसी को साथ लेकर चलने का निरंतर प्रयास करेगी। 18वीं लोकसभा की शुरुआत के अवसर पर संसद भवन परिसर में मीडिया को संबोधित करते हुए मोदी ने संसदीय चुनावों में राजग की जीत को महान और भव्य बताया।

### शपथ ग्रहण में भाषायी विविधता की झलक दिखी

शपथ ग्रहण के दौरान भारत की भाषायी विविधता की झलक देखने को मिली। अधिकतर सदस्यों ने हिंदी में शपथ ली तो कई सदस्यों ने संस्कृत, असमिया, मैथिली, तेलुगू, कन्नड, मलयालम तथा पंजाबी एवं अन्य भारतीय भाषाओं में शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनकी कैबिनेट के कई सदस्यों ने हिंदी में शपथ ली। नागर विमानन मंत्री तथा तेदेपा के सदस्य राममोहन नायडू और कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने तेलुगू में, केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी और प्रह्लाद जोशी ने कन्नड में शपथ ली। किसी भी केंद्रीय मंत्री ने अंग्रेजी में शपथ नहीं ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज की पुत्री बांसुरी स्वराज ने संस्कृत में शपथ ली।

### नड्डा बनाए गए राज्यसभा में सदन के नेता

भाजपा अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को राज्यसभा में नेता सदन बनाया गया है। नड्डा को पीयूष गोयल की जगह यह जिम्मेदारी दी गई है क्योंकि गोयल हाल ही में हुए चुनाव में जीत के बाद लोकसभा के सदस्य चुने गए हैं। नड्डा को गत फरवरी में एक बार फिर से राज्यसभा के लिए चुना गया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पहले से ही नेता विपक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

## आप नेता आतिशी की तबीयत बिगड़ी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि दिल्ली की जल मंत्री आतिशी की तबीयत सोमवार को उनके अनिश्चितकालीन अनशन के चौथे दिन बिगड़ गई, चिकित्सकों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी है। हालांकि आतिशी ने हरियाणा द्वारा दिल्ली के पानी का हिस्सा जारी किए जाने तक अस्पताल में इलाज कराने से इनकार कर दिया है। मेरा रक्तचाप और शर्करा का स्तर गिर रहा है और मेरा वजन भी कम हो गया है।

## केजरीवाल की बेल पर 26 को सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट आबकारी घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल की जमानत पर अंतरिम रोक के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ उनकी याचिका पर 26 जून को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने सोमवार को कहा कि वह इस मुद्दे पर हाईकोर्ट के आदेश का इंतजार करना चाहेगी। केजरीवाल के अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने जमानत आदेश पर अंतरिम रोक हटाने का अनुरोध किया।

## एक नजर

### ईडी ने मुंबई में जब्त की 37 करोड़ रुपये की संपत्ति

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंबर दलाल मामले में सोमवार को मुंबई में कई ठिकानों पर छापों के दौरान 37 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की और आपत्तिजनक दस्तावेज तथा डिजिटल उपकरण जब्त किए। दलाल (59) ने कथित तौर पर जोखिम-मुक्त वस्तुओं के व्यापार में निवेश के जरिए उच्च रिटर्न का वादा करके अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात के निवेशकों सहित कई लोगों से करोड़ों रुपये ठगे। दलाल को मार्च में गिरफ्तार किया गया था।

### फर्जी निकली हवाई अड्डे पर बम रखने की धमकी

**कर्नाटक।** कर्नाटक के कलबुर्गी हवाई अड्डे को सोमवार को ईमेल के जरिए बम रखे होने की धमकी मिली जो व्यापक तलाश अभियान के बाद फर्जी निकली। कलबुर्गी के पुलिस आयुक्त चेतन आर. ने बताया कि हवाई अड्डे के निदेशक चिलका महेश को सोमवार सुबह ईमेल मिला जिसमें दावा किया गया कि हवाई अड्डा परिसर में एक बम रखा गया है।

## टैंकर ने एक ही परिवार के पांच लोगों को कुचला, सभी की मौत

संवाददाता, प्रयागराज

- सरायममरेज थाना क्षेत्र में हुई दुघर्टना, मृतक जौनपुर निवासी

**अमृत विचार :** शादी समारोह से बाइक पर लौट रहे एक ही परिवार के पांच लोगों को तेज रफ्तार टैंकर ने कुचल दिया। सभी की मौके पर मौत हो गई। मृतकों में 2 बच्चे हैं।

हादसा सोमवार सुबह सात बजे सरायममरेज थाना क्षेत्र के हंडिया रस्तीपुर गांव के समीप हुआ। पुलिस के अनुसार जौनपुर जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के चौकी खुर्द गांव निवासी ये लोग रविवार को बाइक से रिश्तेदारी में गए थे। वहां से बरात में हंडिया चले गए। बरात से लौटने पर पांचों लोग बाइक से घर लौट रहे थे। सरायममरेज



के रस्तीपुर स्थित पेट्रोल पंप के सामने डंपर ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार विकास (25), सुम्मरी (60), जनता (34), दीवाना (7), लक्ष्मी (8 माह) की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने टैंकर चालक को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। डीसीपी अभिषेक भारती ने बताया कि परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है।

## ऑस्ट्रेलिया को हरा भारत सेमीफाइनल में




**सेंट लूसिया, एजेंसी।** भारत ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर-8 के मैच में सोमवार को ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हराकर सेमीफाइल में प्रवेश किया। वेस्टइंडीज के सेंट लूसिया में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के तूफानी 92 रन की पारी की मदद से भारत ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 205 रन बनाए। भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 181 रन पर रोक दिया। इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने अपना पहला विकेट विराट कोहली के रूप में जल्दी गवां दिया था, उसके बाद रोहित और ऋषभ पंत ने शानदार साझेदारी की। वहीं, सूर्यकुमार (31), शिवम दुबे (28) और हार्दिक पंड्या (27) ने टीम का स्कोर 205 तक पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड ने 4 ओवर में सिर्फ 14 रन दिए और एक विकेट लिया।

## शाहजहांपुर में गठित किया जाएगा विकास प्राधिकरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी ने दिए प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश

**अमृत विचार :** शाहजहांपुर के दीर्घकालिक सुनियोजित विकास के लिए शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण का गठन होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्राधिकरण के गठन के लिए प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास पर सोमवार को आवास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में शाहजहांपुर व आस-पास के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की अनेक परियोजनाओं से जहां औद्योगिक विकास तेज हुआ है, वहीं आबादी में भी बढ़ोतरी देखी गई है। वर्तमान सरकार के पहले कार्यकाल में ही शाहजहांपुर को नगर निगम स्तर का बनाया गया। यहां पूर्व से ही विनियमित क्षेत्र है। हाल ही में यहां का मास्टर प्लान-2031 भी तैयार कराया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास प्राधिकरण का गठन करते समय यहां के गांवों में आबादी की भूमि को ग्रीन लैंड कतई न घोषित किया जाय। कहा कि विभिन्न जिलों में अनेक सरकारी भवन या तो उपयोग में नहीं हैं या निर्माण कार्य अधूरा है। इन्हें पूरा कराया जाय।

## सीबीआई ने कई राज्यों में 5 और मामलों की जांच संभाली

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में कथित गड़बड़ी के पांच नए मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है। इन मामलों की जांच गुजरात, राजस्थान और बिहार की पुलिस कर रही थी।

वहीं महाराष्ट्र के लातूर से आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने जिला परिषद स्कूल के एक शिक्षक को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) मामले में गिरफ्तार किया है और चार व्यक्तियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक

**नीट-यूजी**

- ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा, केंद्रीयकृत परीक्षा प्रणाली खत्म करने की मांग

पत्र लिखकर आग्रह किया कि 'पेपर लीक' विवाद को देखते हुए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) खत्म करने और राज्यों द्वारा परीक्षा आयोजित कराने की पुरानी प्रणाली बहाल करने पर विचार किया जाए।

सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने गुजरात और बिहार से एक-एक मामला और राजस्थान से तीन मामलों को अपनी प्राथमिकी के रूप में फिर से दर्ज किया है, वहीं महाराष्ट्र के लातूर से एक और मामले की जांच भी एजेंसी के अपने हाथ में लेने की संभावना है।

अधिकारियों ने बताया कि बिहार के मामले को छोड़कर, अन्य चार मामले अभ्यर्थी की जगह अन्य व्यक्ति द्वारा परीक्षा देने तथा स्थानीय अधिकारियों, निरीक्षकों और अभ्यर्थियों द्वारा धोखाधड़ी से संबंधित छिटपुट मामले प्रतीत होते हैं। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय से व्यापक जांच के लिए एक संदर्भ जारी किये जाने पर सीबीआई ने पहले ही मामले के संबंध में अपनी प्राथमिकी दर्ज कर ली है। अधिकारियों ने बताया कि इन नये मामलों की जांच संभालने के बाद सीबीआई अब नीट-यूजी में कथित गड़बड़ी से संबंधित कुल छह मामलों की जांच कर रही है।

### पटना और गोधरा पहुंची सीबीआई की टीम

**पटना/गोधरा।** सीबीआई का एक दल नीट-यूजी में अनियमितताओं के आरोपों की जांच के सिलसिले में सोमवार को पटना में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के कार्यालय पहुंचा। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई अधिकारी ईओयू से इस मामले के सबूत ले रहे हैं। सीबीआई की एक टीम सोमवार को गुजरात के पंचमहल जिले में स्थित गोधरा शहर पहुंची। गोधरा पुलिस ने आठ मई को एक मामला दर्ज किया था। पंचमहल के पुलिस अधीक्षक, हिमांशु सोलंकी ने कहा कि सीबीआई टीम गोधरा पहुंची और पुलिस अधिकारियों से मिली।

## होटल उद्योग के लिए बिल्डिंग बाइलॉज में परिवर्तन होगा

**लखनऊ।** प्रदेश में होटल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बिल्डिंग बाइलॉज में परिवर्तन होगा। अपने सरकारी आवास पर अधिकारियों के साथ होटल उद्योग के विकास पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने इस सिलसिले में निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि होटल इंडस्ट्री के लिए बिल्डिंग बाइलॉज में परिवर्तन करने की आवश्यकता है। आवासीय क्षेत्र में छह से 20 कमरों तक के होटल निर्माण के लिए न्यूनतम भूमि व होटल तक पहुंच मार्ग की चौड़ाई की न्यूनतम सीमा में बदलाव किया जाना चाहिए। पार्किंग, सुरक्षा व फ़ायर सेफ्टी जैसे अति महत्वपूर्ण विषयों में मानक का सख्ती से अनुपालन कराया जाए।

## आईपीएस अंकित मित्तल निलंबित, जांच के आदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- पत्नी-बच्चों के साथ बदसलूकी के आरोप में की गई कार्रवाई

**अमृत विचार :** पत्नी के साथ विवादों के चलते 2014 बैच के आईपीएस अंकित मित्तल को निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं।

वर्तमान में अंकित चुनार के पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में एसपी के पद तैनात थे। इससे पहले भी इन्हीं विवादों की वजह से उन्हें एसपी गोंडा के पद से हटाकर चुनार भेजा गया था। शासन ने पत्नी, बच्चों के साथ बदसलूकी के आरोप सही पाए जाने पर उन्हें सोमवार को निलंबित कर दिया। पूर्व डीजी गोपाल गुप्ता के दामाद अंकित मित्तल पर अपनी एक महिला मित्र के साथ संबंध रखने का आरोप है।

उनकी पत्नी ने शासन को भेजी अपनी शिकायत में बदसलूकी करने का आरोप लगाया था। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के रिश्ते ठीक नहीं चल रहे हैं। पत्नी उनके ऊपर तरह-तरह के आरोप लगाती रही हैं।

## आईबी प्रमुख तपन को मिला एक साल का सेवा विस्तार

**नई दिल्ली।** खुफिया ब्यूरो (आईबी) के प्रमुख तपन कुमार डेका को जून 2025 तक एक साल का सेवा विस्तार दिया गया। सोमवार को कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में यह जानकारी दी गई। डेका हिमाचल प्रदेश कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी हैं।

आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 30 जून 2024 से आगे एक वर्ष की अवधि के लिए खुफिया ब्यूरो के निदेशक के रूप में डेका की सेवा में विस्तार को मंजूरी दे दी है।

## उत्तराखंड में वज्रपात से भाई-बहन की मौत

संवाददाता, खटीमा

- धान की रोपाई कर रहे थे दोनों दो भाई और मां बाल-बाल बचीं

**अमृत विचार :** वज्रपात से सैजना गांव में धान की रोपाई कर रहे भाई-बहन की मौत हो गई। इनके दो भाई और मां बाल-बाल बच गए।

सैजना निवासी संक्रांति देवी सोमवार को अपने पुत्रों गोविंद सिंह राणा, सुमित सिंह राणा, हरीश सिंह राणा और पुत्री सुहावनी के साथ धान की रोपाई करने गई थीं। सुबह करीब 7:30 बजे तेज बारिश के दौरान वज्रपात हुआ जिसकी चपेट में आने से सुमित सिंह राणा (20) और सुहावनी (22) की मौत हो गई। गोविंद, हरीश और संक्रांति देवी



सुमित राणा



सुहावनी

बाल-बाल बच गए। तहसीलदार हिमांशु जोशी, पटवारी अंकित सक्सेना गांव पर पहुंचे। नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा और विधायक भुवन कापड़ी ने भी पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

# पहली बारिश में ही टपकने लगा श्रीराम मंदिर में पानी

### अधिक वर्षा पर बाधित हो सकती पूजा-अर्चना, दर्शन : मुख्य पुजारी, गर्भगृह से पानी की निकासी की व्यवस्था पहले से ही नहीं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पहली बारिश में ही श्रीराम मंदिर के भूतल पर पानी टपकने लगा। मंदिर के गर्भगृह से पानी की निकासी की समस्या पहले से ही है। अगर समुचित इंतजाम नहीं किया गया तो ज्यादा बारिश होने पर मंदिर में पूजा अर्चना और दर्शन बाधित हो सकता है। मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने जल्द इसका समाधान कराए जाने की मांग की है। कहा कि श्रीराम मंदिर का निर्माण अभी चल रहा है। संस्था एलएंडटी से जुड़े टॉप के इंजीनियर इसका निर्माण करा



मंदिर की दीवार से रिसता बारिश का पानी।

रहे हैं, लेकिन जितना निर्माण हुआ है उसमें ही कमियां सामने आई हैं।

आचार्य सत्येंद्र दास ने सोमवार को बताया कि शनिवार को हुई बारिश में रामलला के मंदिर के अंदर पुजारी के स्थान पर और उसके आगे ज्यादा पानी ऊपर छत से टपक रहा था। पानी भी भर गया था। यहां से वीवीआईपी श्रद्धालु दर्शन करते हैं। पानी निकलने की जगह पहले से ही नहीं है। एक-दो दिन में सोचकर समाधान निकाल लेना चाहिए। कहा कि मंदिर परिसर में प्रकोष्ठों में अन्य मूर्तियों की स्थापना मंदिर निर्माण के बाद साल 2025 तक किए जाने की बात बताई गई लेकिन इन सब की व्यवस्था पहले से ही सोच लेनी चाहिए। जो निर्माण हो गए हैं उन पर ध्यान भी दिया जाना चाहिए। श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि प्रथम मंजिल पर फर्श बनाने और वायरिंग का काम जारी है। पानी का रिसाव न हो, इसके लिए वाटर प्रूफिंग का काम सभी स्थानों पर चल रहा है। वायरिंग के कारण खंभों के पास से थोड़ा पानी आ सकता है। मैकेनिक कुछ कार्य को आधा छोड़कर चले जाते हैं।

इस दौरान जब बारिश होती है तो कहीं से थोड़ा पानी आ सकता है। पानी टपकने का मामला खंभों के आसपास का ही रहा। वायरिंग के लिए लगने वाली पाइप को बंद किया जा रहा है। आगे किसी भी प्रकार से पानी आने की संभावना नहीं रहेगी।

### 20 स्थानों पर धंसा नवनिर्मित रामपथ

पहली बारिश में ही नविनर्मित रामपथ 20 स्थानों पर धंस गया। सड़क और मिट्टी बैठने से नई डाली गई सीवर लाइन की पाइप जगह-जगह सामने आ गई। हालांकि गिट्टी की भराई करके यातायात सामान्य कर दिया गया। सहादतगंज से नया घाट तक रामपथ 12.94 किमी लंबा है। यह लगभग पौने आठ सौ करोड़ की लागत से बना है। रात की बारिश में 20 स्थानों पर यह धंस गया। सीवर चैंबर वाले स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए थे। शहर के मुख्य सड़क से गली के मार्गों में बिछाई गई सीवर लाइन की दुर्दशा भी सामने आ गई।

## आज का मौसम

तेज हवा के साथ बारिश का अनुमान

36.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- भाजपा कार्यालय पर आपातकाल को लेकर विचार गोष्ठी एवं लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान समारोह दोपहर 12 बजे।
- नगर निगम के स्थापना दिवस पर नगर निगम परिसर में कार्यक्रम सुबह 11 बजे।
- मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्रीराम कथा रात 8 बजे।
- विंडरमेयर में रामोत्सव पर दुर्ग छत्तीसगढ़ के कलाकारों का पंथी नृत्य शाम 6 बजे।

# हाउस टैक्सः सुधार के बजाय सर्वे का विरोध करने वालों को साधने की तैयारी

- **नगर निगम के अफसरों को मेयर के लौटने का इंतजार**
- **पार्षदों ने कहा- इस मुद्दे पर बाहर नहीं बोर्ड बैठक में करेंगे बात**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** हाउस टैक्स के बिलों में गड़बड़ियां आसानी से ठीक होने के आसार कम होने की वजह से अफसर दूसरा रास्ता तलाश करने में जुट गए हैं। हाउस टैक्स की ठप पड़ी वसूली शुरू करने के लिए जीआईएस सर्वे का विरोध करने वालों को साधने की तैयारी की जा रही है। उधर, पार्षदों का फिलहाल कहना यह है कि वे इस मुद्दे पर अब 6 जुलाई को कार्यकारिणी में ही बात करेंगे।

जीआईएस सर्वे के आधार पर नया हाउस टैक्स लागू किए जाने के बाद शहर में लोगों का टैक्स कई गुना बढ़ गया है। इसका विरोध शुरू होने के बाद मेयर ने हाउस टैक्स की वसूली रोकने का निर्देश दे दिया था। इससे टैक्स विभाग के अधिकारी सांसत में फंस गए हैं।

अधिकारियों का कहना है कि नए साफ्टवेयर में जितना सुधार हो सकता था। अब टैक्स जमा करने और बिल जारी करने की प्रक्रिया को शुरू किया जा सकता है। अफसरों के मुताबिक फिलहाल मेयर के लौटने का इंतजार किया जा रहा है। उधर, पार्षदों का कहना है कि वे अब किसी से टैक्स पर नहीं करेंगे और सीधे कार्यकारिणी की बैठक में यह मुद्दा उठाएंगे।




**ये चमक किसी काम की नहीं** शहर के लोग भले ही तमाम समस्याओं में घिरे हों, लेकिन नगर निगम अपना स्थापना दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है।

### फर्जी सर्वे को स्वीकार नहीं करेंगे

पार्षद राजेश अग्रवाल ने बताया कि फर्जी सर्वे को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। जब तक समस्या का निदान नहीं होता है, तब तक चैन से नहीं बैठेंगे। बिलों में सुधार करने बहाने सिर्फ दिखावे के लिए खिड़की बंद की गई है। अगर अफसर बुलाएंगे तो जाएंगे लेकिन लोगों की समस्या का निदान होना चाहिए। अगर पार्षद किसी के झांसे में आकर 2024- 25 से हाउस टैक्स लागू होने की व्यवस्था पर राजी हो गए तो आने वाली पीढ़ी उनको माफ नहीं करेगी। वह मंगलवार से लोगों और अधिवक्ताओं से मिलकर आंदोलन की तैयारी करेंगे। टैक्स विभाग के पास कोई आंकड़ा सही नहीं है।

### पुराने भवनों पर छूट दोबारा शुरू की जाए

उपसभापति सर्वेश रस्तोगी ने बताया कि टैक्स 2024- 25 से लागू किया जाए। इसे बोर्ड की प्रत्याशा बैठक में स्वीकृति के लिए मेयर को भी लिखकर दिया है। जो गड़बड़ियां हैं उसे दूर कराया जाएगा। पार्षद मुकेश सिंघल ने बताया कि 174-2 धारा के तहत पुराने भवनों पर जो छूट मिल रही थी, उसे फिर से शुरू किया जाए। अगर समस्या का निदान नहीं हुआ तो बोर्ड की बैठक में मुद्दा उठाया जाएगा। हाउस टैक्स की समस्या के निदान के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना ने बताया कि सोमवार को पार्टी के जिलाध्यक्ष से को मामले की जानकारी दी है। बोर्ड की बैठक में मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया जाएगा।

**कर जमा खिड़की बंद होने से कर्मचारियों की मौज** टैक्स विभाग की खिड़की बंद होने से कर्मचारियों की मौज है। सोमवार को विभाग के पुराने भवन में निर्माण कार्य चल रहा था और कर्मचारी आराम से बैठे थे। तीन कर्मचारी आपस में चर्चा कर रहे थे कि एसी लग जाता तो अच्छा होता।

# रेलवे ने अपनी जमीन पर कब्जा लेकर बंद किया 500 परिवारों के निकलने का रास्ता

## घर के सामने रेल लाइन और पीछे किला नदी, मुश्किल में फंसे लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अलखनाथ मंदिर के पास रेलवे ने अपनी जमीन को कब्जे में ले लिया है। इसकी वजह से मुरावपुरा को जाने वाला रास्ता बंद हो गया है। इससे करीब पांच सौ घरों में रहने वाले लोगों का आवागमन प्रभावित हो गया है। नाराज लोगों का कहना है कि घर के सामने रेल लाइन है और पीछे किला नदी है। ऐसे में वह लोग कहां से जाएं। उनका कहना है कि मोहल्ला पहले से बसा है, रेलवे लाइन बाद में डाली गई।

वार्ड नंबर 42 में मुरावपुरा मोहल्ला है, जो रेल लाइन और किला नदी के बीच में बसा हुआ है। यहां की आबादी करीब 25 सौ है। सोमवार की सुबह रेल लाइन पार कर जाने वाले रास्ते को रेलवे ने गर्डर लगाकर बंद कर दिया। इससे नाराज लोगों ने विरोध किया।

लोगों ने बताया कि एक यही रास्ता था, जिससे लोगों का आना जाना होता था। अब वह किधर जाएंगे, क्योंकि एक तरफ किला नदी है तो दूसरी तरफ रेल लाइन है। यह रास्ता काफी पुराना है। एक बार ऐसे ही हुआ था तो जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी गई थी। इसकी शिकायत रेलवे के अधिकारी से भी की गई है।



मुरावपुरा मोहल्ले के पीछे किला नदी बहती जिसकी वजह से निकलने का कोई रास्ता नहीं बचा। ● अमृत विचार

- **अलखनाथ मंदिर के पास थी रेलवे की जमीन**
- **अचानक कब्जा ले लिए जाने से लोगों की बढ़ीं दुश्वारियां**



रास्ता बंद होने से रेलवे लाइन पार करके निकलना पड़ रहा है लोगों को। ● अमृत विचार

"अवैध रूप से रेलवे लाइन पर होने वाले आवागमन को रोका गया है। यह रास्ता नहीं है। अवैध रूप से लाइन पार करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।
**-राजेंद्र सिंह,** पीआरओ इज्जतनगर रेल मंडल

"यहां पर गर्डर लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया है। अब किस रास्ते हम लोग जाएंगे, क्योंकि एक तरफ नदी है तो दूसरी ओर रेल लाइन है।
**-प्रेम कुमार**

"अचानक से रास्ता लोहे का गर्डर लगाकर बंद करना गलत है। इसी रास्ते हम ठेला लेकर आते जाते थे। रास्ता दोबारा खोलने के लिए रेलवे को विचार करना चाहिए।
**- अनिल कुमार**

"कई पीढ़ी से हम लोगों इसी रास्ते से आते-जाते थे लेकिन अचानक बंद कर दिया गया है। फिर से रास्ता खुलना चाहिए। इसके लिए हम लोग रेलवे के अधिकारियों से बात करेंगे। **-छेदा लाल**

"बुजुर्ग बताते हैं कि रेल लाइन बनने से पहले मोहल्ला बसा है। अचानक रास्ता बंद करना गलत है। सांसद को इसके बारे में जानकारी दी जाएगी।
**-चंद्रप्रकाश गुप्ता, पार्षद**

## चौपुला से घंटाघर तक हटाया अतिक्रमण

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम ने सोमवार को चौपुला से घंटाघर तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। कई ठेले और फड़ वालों ने टीम के आते ही सामान समेट लिया। जब टीम वापस गई तो शाम को दुकानदारों ने फिर से अतिक्रमण कर लिया।

अतिक्रमण टीम के प्रभारी ललतेश सक्सेना की अगुवाई में टीम दोपहर में चौपुला चौराहे पर ठेला और फड़ वालों को चेतावनी देकर हटवा दिया। बांस, बल्ली और अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले लोगों ने पहले ही अपना सामान हटा लिया। घंटा घर के पास ठेला लगाने वाले इधर उधर चले गए।

## जंक्शन पर नहीं आईं अवध असम और कुंभ एक्सप्रेस

**बरेली,अमृत विचार :** दुगनपुर में ब्लॉक की वजह से सोमवार को भी ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। बरेली जंक्शन पर अवध असम और कुंभ एक्सप्रेस का ठहराव निरस्त कर कैंट से चंदौसी के रास्ते मुरादाबाद भेजा गया। कई ट्रेनों के देरी से पहुंचने से यात्रियों को काफी परेशानी हुई।

ब्लॉक की वजह से सोमवार 12203 गरीबरथ एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से चलाया गया। वहीं 15909 और 15910 अवध असम और 12369 कुंभ एक्सप्रेस को कैंट होते हुए चंदौसी होकर गुजारा गया। कई ट्रेनें रास्ते में नियंत्रित और रिशेड्यूल करके चलाने की वजह से बरेली जंक्शन पर घंटों की देरी से पहुंचीं। ट्रेनों के इंतजार में परेशान यात्रियों ने एक्स पर अधिकारियों से शिकायत की।

**ब्लॉक की वजह से यह ट्रेनें हुई लेटः** ब्लॉक की वजह से 15128 काशी विश्वनाथ तीन घंटा, 04624 वाराणसी स्पेशल 5 घंटा 13 मिनट, 05310 मऊ स्पेशल छह घंटा, अयोध्या समर स्पेशल चार घंटा, 13152 सियालदह एक्सप्रेस 5 घंटा 19 मिनट, 12332 हिमगिरी एक्सप्रेस सात घंटा देरी से बरेली जंक्शन पहुंची।

## एक नजर

### जेई से परेशान संविदा कर्मचारियों ने काम छोड़ने की दी चेतावनी

**बरेली,अमृत विचार :** कुतुबखाना उपकेंद्र पर तैनात संविदा कर्मचारियों ने जेई से परेशान होकर काम छोड़ने की चेतावनी दी है। कर्मचारियों का आरोप है कि जेई दबाव बनाकर काम कराते हैं और उत्पीड़न करते हैं। कर्मचारियों ने जेई का दूसरी जगह ट्रांसफर कराने की मांग की है। कर्मचारियों ने अधीक्षण अभियंता से मामले की शिकायत की है। अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ से की गई शिकायत में कर्मचारियों ने कहा कि उनका समय से मानदेय भी नहीं मिल रहा है। मानदेय न मिलने पर जब जेई से पूछा तो कहा कि जब आए तब काम करना। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि जेई स्टाफ से गालीगलौज करते हैं। शिकायत करने वालों में उपकेंद्र पर तैनात सय्यद सदाकत अली, राशिद, मो. आसिफ, राजू कश्यप, नीरज सिंह, ऐवरन सिंह, राहुल समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। जेई कुतुबखाना प्रदीप ने बताया कि कर्मचारियों ने मानदेय न मिलने के बारे में पूछा था, इसके बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। गर्मी में फाल्ट होने से काम बढ़ गया है। दबाव बनाकर काम कराने के आरोप पूरी तरह से गलत हैं।



**किला पुल के नीचे भी रास्ता बंद**

किला पुल के नीचे सर्विस रोड बनाने के लिए रास्ता बंद कर दिया गया है। एक ही लेन पर वाहनों के आवागमन से बार-बार जाम लग रहा है। लोगों का कहना है कि काफी धीमी गति से हो रहा है। उन्हें काफी घूमकर जाना पड़ रहा है। ● अमृत विचार

## सकलैन नगर में बीस दिन से पानी का संकट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** वार्ड नंबर 62 चक महमूद के सकलैन नगर में पिछले बीस दिनों से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। सोमवार को सुबह 5 बजे पानी सिर्फ एक घंटे के लिए आया। महिलाओं का आरोप है कि सिर्फ पार्षद के घर में ही पानी आता है। जब पार्षद के पास शिकायत लेकर जाते हैं तो टाल मटोल करते हैं।

- **सोमवार को सुबह सिर्फ एक घंटे के लिए ही हुई आपूर्ति**

स्थानीय लोगों ने बताया पिछले बीस दिनों से लोग सरकारी नल से पानी भरने के लिए हजियापुर में मस्जिद तक जाते हैं। कई बार रात में 5-10 मिनट पानी आया तो वह काफी गंदा था। पानी के इंतजार में रात में जगना भी पड़ा।

"दिन भर मजदूरी करते हैं और रात में पानी के इंतजार में जागना पड़ता है। पानी न आने से काफी दिक्कत होती है। **-परवीन**

"पिछले 20 दिनों से पानी की समस्या है। पार्षद के पास गए तो कभी आज तो कभी कल पानी आ जाए कह देते हैं। **-शकील**

"जिन लोगों के घर में नल है उन्हें तो दिक्कत नहीं है लेकिन बुजुर्ग होने की वजह से हजियापुर में पानी लेने जाने के लिए काफी परेशानी होती है।**- मुकम्मिल**

"मेरी कुछ दिन पहले ही डिलीवरी हुई है। बच्चे भी छोटे हैं। ऐसे में दूर पानी भरने जाने से काफी परेशानी हो रही है।**-नाजिया**

### नगर आयुक्त को बता दिया

पानी की समस्या जानकारी में है। समस्या के समाधान के लिए नगर आयुक्त से भी मिला। कुछ लोग प्रभावित हो रहे हैं। दो टैंक भी लगवाए हैं।
**- अनीस,** पार्षद वार्ड 62 चकमहमूद

## किला में रात भर ट्रिपिंग, एक घंटे में सिर्फ 10 मिनट मिली बिजली

**बरेली, अमृत विचार :** किला उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में रविवार रात भर ट्रिपिंग होती रही। लोगों ने उपकेंद्र पर फोन किया तो नहीं उठा। लोगों ने व्हाट्सएप गुप पर भी शिकायत की लेकिन समाधान नहीं हुआ। इसके अलावा नकटिया में काम करने के लिए चार की जगह पांच घंटे बिजली गुल रही। किला उपकेंद्र के तीन नंबर फीडर पर पूरी रात बिजली का आना-जाना लगा रहा। जिससे लोग उमस भरी गर्मी में परेशान हो गए। जसोली निवासी नासिर कुरैशी ने बताया कि रविवार रात में 10 मिनट के लिए बिजली आती तो करीब एक घंटे के लिए गुल हो जाती। वहीं मढ़ीनाथ क्षेत्र में ट्रांसफार्मर में खराबी से रविवार रात 9 से 11 बजे तक बिजली गुल रही। हरुनगला क्षेत्र में राम गंगानगर में लोकल फाल्ट से कटौती की गई। गंगापुर में भी कटौती की गई। नकटिया क्षेत्र में सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक काम कराने के लिए शटडाउन लिया गया।

## दिन भर बादल छाए रहने से गिरा तापमान, 27 से भारी बारिश का अनुमान

**बरेली,अमृत विचार :** जिले में सोमवार को दिन भर बादल छाए रहने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई लेकिन रात में तापमान बढ़ने से उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हो गए। मौसम विभाग ने सप्ताह भर बारिश का अनुमान जताया है। 27 से 30 जून तक भारी बारिश का अनुमान है।

सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 35.9 और न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.4 डिग्री अधिक 29.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिले में पिछले 24 घंटे में एक मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई। सुबह आर्द्रता 67 प्रतिशत और शाम को 62 प्रतिशत दर्ज की गई। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मानसून सक्रिय होने से सप्ताह भर बारिश होने के आसार हैं। इस दौरान अधिकतम तापमान 35-37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24-26 डिग्री के बीच रहने का पूर्वानुमान है।

### यात्री कम होने पर टनकपुर-बरेली स्पेशल ट्रेन का संचालन बंद

**बरेली, अमृत विचार :** रेलवे ने यात्री कम मिलने की वजह से टनकपुर-बरेली पूर्णागिरी मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन मंगलवार से बंद करने का निर्णय लिया है। इज्जतनगर रेल मंडल ने 28 अप्रैल से 05307 टनकपुर-बरेली और 05308 बरेली-टनकपुर का संचालन शुरू किया था। जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि 05307 टनकपुर-बरेली का संचालन मंगलवार से और 05308 बरेली-टनकपुर ट्रेन का संचालन बुधवार से बंद कर दिया जाएगा।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact : 7906732664, 8445507002

S.R. INSTITUTIONS
Approved by PCI, AICTE, INC, DGT New Delhi
Affiliated to AKTU, BTE, UPSMF, ABV Medical University, Uttar Pradesh Lucknow
Registration Open 2024-25
B.Sc. (Nursing) GNM DPT
B.PHARMA D.PHARMA
ITI Courses
ELECTRICIAN 2 Years Course | COPA 1 Year Course | H.S.I. 1 Year Course | RADIOLOGY TECHNICIAN 2 Years Course
Add. : Maikpur, Bhuta-Faridpur Road, Bhuta, Bareilly, UP-243503
Contact : 9720456885, 9837464606


अजीत सिंह के निर्देशन में प्रयागराज व दिल्ली के विशेषज्ञों द्वारा संचालित
EXCELLENT IAS ACADEMY
IAS/PCS NCERT
ए.सी. डिजीटल क्लास रूम
अनुष्का डी.एस.पी., पी.सी.एस. 2022
उपदेश कुमार डिप्टी जेलर, पी.सी.एस. 2023
प्रातः 10 बजे से
निःशुल्क वर्कशाप के साथ नया बैच : 24 जून, सोमवार
7983948124, 9935264849
रामपुर गार्डन, पतंजलि स्टोर के सामने, बरेली

सांई पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एण्ड सांई अस्पताल
(UP State Medical Faculty Lucknow)
प्रवेश सत्र : 2024-25
छात्रवृत्ति उपलब्ध
• Diploma OT • Diploma Dialysis • Diploma Cardio
Stadium Road, Bareilly
Call us : 6399449913, 7253077077

SANDEEP COMPUTER INSTITUTE
Best Education for Best Future
OUR COURSES
• 'O' LEVEL • ADCA • DTP • INTERNET • MS OFFICE • Hindi & English Typing • CCC, DTC, BCC • PROGRAMMING • DCA • Tally Prime • Tally with GST • Front & Web Design • CSS • PGDCA, HTML • Digital Marketing
ADMISSION OPEN
BUMPER OFFER ONLY 25 JUNE VALID OFFER
A ग्रेड से CCC पास करने वाले छात्र-छात्राओं को फ्री टैबलेट
A ग्रेड से O Level पास करने वाले छात्र-छात्राओं को फ्री लैपटॉप
25 जून तक प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए बम्पर ऑफर
कहीं मौका चला न जाए शुरुआत के 50 स्टूडेंट के लिए
Now ! Hurry up
DIRECTOR- KASHISH KUSHWAHA
ENROLL NOW 2024-25 CONTACT US:- 6388537773
130, SHIV GARDEN COLONY NEAR WATER TANK DOHRA ROAD, BAREILLY

आवश्यकता है
अमृत विचार को
● एचआर /एडमिन
● मार्केटिंग मैनेजर, डिप्टी मार्केटिंग मैनेजर व अकाउंटेंट की
अनुभवः- किसी दैनिक अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव हो
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

www.anacollege.org
ANA Group of Institutions
•BAMS •B.Sc.Nur. •GNM
•B.Pharma •D.Pharma
•Polytechnic •M.Tech
•B.Tech •M.B.A.
•B.B.A. •B.C.A.
ADMISSION OPEN 2024-25
Best Placements in the Region
Campus: 13.5 Km. Bareilly-Delhi Highway, Near Rubber Factory, Agras Road, Bareilly U.P. (243501)
8937002800/8937002805

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# कोर्ट का आदेश तो था ही नहीं... फिर कैसे आईजी से मिला राणा, क्यों कब्जा दिलाने साथ गई इज्जतनगर पुलिस

## एसएसपी ने कहा- छानबीन में नहीं हुई कोर्ट से आदेश जारी होने की पुष्टि, सवाल- जहां गिर सकती थीं लाशें, वहां क्यों गई पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **राणा ने किया था दावा, कोर्ट का आदेश लेकर आईजी से मिला, फिर थाना इज्जतनगर गया**
- **नए तथ्य सामने आने के साथ और संगीन हो रहा है मामला, घिर रही है इज्जतनगर पुलिस**

**अमृत विचार :** धुआंधार गोलीबारी के बीच बुलडोजर से तोड़फोड़ करते हुए पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश का मामला एक-एक तथ्य सामने आने के साथ और संगीन होता जा रहा है। मुख्य आरोपी राजीव राणा ने रविवार को वीडियो जारी कर दावा किया था कि वह कोर्ट का आदेश लेकर आईजी से मिला था और उसके बाद थाना इज्जतनगर पहुंचा था, जहां से पुलिस प्लॉट पर कब्जा दिलाने के लिए उसके साथ भेजी गई थी। अब एसएसपी ने साफ किया है कि अब तक की छानबीन में कोर्ट का कोई ऐसा आदेश उनकी जानकारी में नहीं आया है जिसमें प्लॉट पर कब्जा दिलाने को कहा गया हो।

प्लॉट पर कब्जे के लिए जिस तरह लगातार दो घंटे तक सड़क पर गोलीबारी की गई, उससे साफ है कि इस घटना में कई लाशें भी गिर सकती थीं। ऐसे में पुलिस की साठगांठ इस घटना को और गंभीर बना सकती थी।इस पूरी कहानी में तमाम ऐसे सवाल हैं जिनमें सबसे ज्यादा पुलिस घिर रही है। रविवार को कई और नए सवाल तब खड़े हो गए थे, जब राजीव राणा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर दावा किया कि कोर्ट ने प्लॉट पर उसे कब्जा दिलाने का आदेश पारित किया था। इसके बाद उसने वह आईजी से मिला था और उसके बाद थाना इज्जतनगर जाकर तत्कालीन इंस्पेक्टर जयशंकर सिंह से मिला था। जयशंकर ने ही उसे प्लॉट पर कब्जा लेने की मंजूरी दी थी और उसके साथ पुलिस भी भेजी थी।

अब एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने साफ किया है कि आरोपी राजीव राणा वीडियो में अपने पक्ष में कोर्ट के जिस आदेश का जिक्र कर रहा है, उसकी अब तक कोई पुष्टि नहीं हुई है। एसएसपी ने कहा कि कोर्ट का आदेश होता, तब भी खुद जाकर कब्जा नहीं लिया जा सकता। ऐसे न्यायिक मामलों के लिए बाकायदा एक प्रक्रिया तय है। इसी के तहत कोई कब्जा लिया जा सकता है। कोर्ट के आदेश की पुष्टि न होने से पुलिस और ज्यादा घिर गई है। सवाल उठ रहा है कि तत्कालीन इंस्पेक्टर इज्जतनगर ने किस दबाव में इतने बड़े जोखिम से आंखें मूंद लीं। दोनों पक्षों से भाजपा नेताओं के कथित कनेक्शन ने इस सवाल को और गंभीर बना दिया है।


माफिया की बढ़ती ताकत की गवाही
मकान पर नजर आ रहे गोलियों के निशान बरेली के लिए इतिहास बन गए हैं। ये इस बात कि सनद रहेंगे कि एक शांतिप्रिय शहर किस तरह अपराधों के साये में डूब गया।

राजीव राणा के दावे पर भी एक सवाल यह है कि अगर उसके पास कोर्ट का आदेश था तो उसे एसएसपी से मिलना चाहिए था। ऐसे मामलों में कभी पुलिस फोर्स की जरूरत होती है तो कोर्ट एसएसपी को ही इसके लिए आदेश जारी करता है। राणा ने जो वीडियो जारी किया, वह एसएसपी को ही संबोधित है। सवाल है कि वह पहले क्यों एसएसपी के पास नहीं गया। बहरहाल यह तो जाहिर है ही कि इस प्रकरण में भूमाफिया और बीच सड़क दो घंटे तक फायरिंग करने वाले गुंडों के साथ दूसरी सबसे बड़ी दोषी थाना इज्जतनगर की पुलिस है जिसे राजीव राणा निर्दोष बता रहा है। इंस्पेक्टर समेत सात पुलिसकर्मियों को घटना के बाद सस्पेंड तो कर दिया गया लेकिन यह साफ नहीं हो सका है कि उसने यह घटना क्यों होने दी।

### खीरी के मैगलगंज में मिली राजीव राणा की आखिरी लोकेशन, अब फोन बंद

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस को छानबीन में मुख्य आरोपी राजीव राणा की आखिरी लोकेशन खीरी के मैगलगंज में मिली है। पुलिस का मानना है कि राणा या तो नेपाल भागने की फिराक में है या बरेली के एक और सत्ताधारी नेता के इशारे पर लखनऊ में डेरा डालने की तैयारी में है।

इस बीच सोमवार को पुलिस इस मामले में कोई खास कार्रवाई नहीं कर पाई।

- **पुलिस को नेपाल भागने या लखनऊ में डेरा डालने का शक**
- **एक और सत्ताधारी नेता की मदद से कर सकता है सरेंडर**

राणा और पूर्व विधायक पप्पू भरतौल के बीच कनेक्शन के प्रमाण तलाश करने की कोशिश जरूर की गई। राणा समेत बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें गठित की गई थीं। पुलिस के मुताबिक पीलीभीत बाईपास पर घटना के बाद फरार हुआ राणा लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा है। उसकी अंतिम लोकेशन मैगलगंज में मिलने के बाद कोई और सुराग अब तक नहीं लगा है। उसका मोबाइल भी फोन लगातार बंद है। सर्विलांस टीम ने उसके करीबियों के नंबर भी सर्विलांस पर लगाए हैं ताकि वह अपने किसी करीबी से बात करे तो उसकी लोकेशन ट्रेस कर उस तक पहुंचा जा सके।

उधर, संभावना जताई जा रही है कि बरेली के ही एक और सत्ताधारी नेता के जरिए राणा कोर्ट में आत्मसमर्पण करने के फिराक में है। पुलिस अभी इस मामले में कुछ गुर्गों तक ही पहुंच पाई है। राणा का प्रमुख साथी हिस्ट्रीशीटर केपी यादव भी अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। सूत्रों के मुताबिक घटना के बाद से ही राणा सत्ताधारी नेताओं के जरिए मामला निपटाने में लगा हुआ है। बताया जा रहा है कि केपी यादव ने जिला छोड़कर किसी दूसरे राज्य में शरण ले ली है।

### आदित्य की बेटी बोली- कानून से भरोसा उठ गया

**बरेली, अमृत विचार :** मार्बल कारोबारी आदित्य उपाध्याय की बेटी अनुष्का उपाध्याय ने भी पुलिस पर सवाल खड़े किए हैं। अनुष्का का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें वह कह रही है कि घटना वाले दिन सुबह 6 बजे दूसरे पक्ष के 200 से 250 लोग आकर मारपीट करने के साथ दुकान में मार्बल तोड़ने लगे। दो ढाई करोड़ का नुकसान हुआ है। सारी घटना पुलिस के सामने हुई लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया। काफी देर लड़ाई के दौरान उनके पिता ने कई बार पुलिस को फोन किया लेकिन कोई नहीं आया और बचाव में बंदूक से दो हवाई फायर किए। जब दूसरे पक्ष के लोग फरार हो गए तो पुलिस आई उनके पिता को ही गिरफ्तार कर लिया। बाद में दिखाने के लिए पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया। बोली– मेरा तो कानून से भरोसा उठ गया है।

## खतरे की घंटी... सियासी संरक्षण में तैयार हो रही है शूटरों की खेप



**बरेली, अमृत विचार:** शहर के लोगों को एहसास हो न हो, लेकिन प्लॉट पर कब्जे के लिए पीलीभीत बाईपास पर जिस तरह पचासों गुंडों ने दो घंटे तक गोलियों की बारिश की, उसने शहर के लिए खतरे की घंटी बजा दी है।

इतने बड़े पैमाने पर बरेली से ही शूटरों का इंतजाम करना साफ बता रहा है कि शांतिप्रिय माना जाने वाला यह जिला राजनेताओं और माफिया के संरक्षण में कितनी तेजी से बदल रहा है। अनाधिकारिक तौर पर पुलिस के अफसर भी मान रहे हैं कि ऐशोआराम और दबंगई की जिंदगी जीने के लिए तमाम युवा जरायम की दुनिया में आ रहे हैं। छोटी-मोटी घटना करने के बाद उन्हें राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है और इसी कारण बड़ी संख्या में शूटरों की खेप तैयार हो रही है। उधर, पुलिस ने सोमवार को छह उन आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया जिन्हें रविवार को गिरफ्तार किया था।

## एक नजर

### डिलीट कर दिया होटल के कैमरों का रिकॉर्ड

**बरेली, अमृत विचार :** प्लॉट पर पहुंचने से पहले शूटरों को ठहराने के लिए हिस्ट्रीशीटर केपी यादव ने राजीव राणा के होटल में पांच कमरे बुक किए थे। पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात 10 से शनिवार सुबह 11 :59 बजे तक की होटल के कैमरों की रिकार्डिंग डिलीट कर दी गई है। केपी यादव ने शुक्रवार रात साढ़े दस से सुबह छह बजे तक के लिए पांच कमरे बुक किए थे। होटल में केपी खुद शूटरों और गुर्गों के साथ पहुंचा था।

### राणा या केपी की गिरफ्तारी से ही साफ होगी पप्पू भरतौल और गिरधारी पप्पू की भूमिका

इस घटना में पुलिस अब पूर्व विधायक पप्पू भरतौल और उत्तराखंड की मंत्री रेखा आर्य के पति गिरधारी पप्पू का बदमाशों से कनेक्शन तलाश रही है। बताया जा रहा है कि राणा का भाजपा नेता के साथ कई प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। आदित्य उपाध्याय का गिरधारी पप्पू के साथ कबसे संपर्क है, इसकी भी जांच की जा रही है। एफआईआर में नामजद पप्पू भरतौल उज्जैन में हैं। उनके लौटने के बाद पुलिस उनसे पूछताछ करेगी ।पुलिस का कहना है कि राणा या केपी यादव की गिरफ्तारी के बाद ही इस मामले में सभी की भूमिका साफ होने की उम्मीद है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** भोजीपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम बिलवा निवासी युवक की लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। ग्राम बिलवा निवासी राजू (22) सोमवार 5 बजे शाम रेल लाइन पर कर रहा था, इसी बीच बरेली से लाल कुआं जाने वाली ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर एसएचओ जगत सिंह ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाया।

### गंभीर डायरिया की चपेट में था बच्चा, दो मिनट में थम गईं सांसें

**बरेली, अमृत विचार :** डायरिया जानलेवा साबित हो रहा है। जिला अस्पताल में रविवार शाम डायरिया से ग्रसित बच्चे को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया। करीब दो मिनट में ही बच्चे की सांसें थम गईं। स्टाफ के अनुसार परिजनों ने देरी से बच्चे को भर्ती कराया। जब बच्चा आया तो स्थिति ज्यादा खराब थी। शहर के चौपुला निवासी चंदन के बेटे वंश (13) को घर पर उल्टी, दस्त की समस्या हुई। परिजनों ने पास के ही एक क्लिनिक से बच्चे को दवा दिला दी, लेकिन जब हालत गंभीर हुई तो परिजन रविवार शाम 7 :15 बजे बच्चे को लेकर जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में पहुंचे। स्टाफ ने तुरंत बच्चे का इलाज शुरू कर दिया। करीब दो मिनट के बाद इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई।

# बीडीए की जमीनों पर भी कब्जे की कोशिश कर चुका है राणा भूमाफिया घोषित करने के बजाय केस से निकाल दिया नाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पूर्व विधायक केसर सिंह के बेटे के साथ भी हुआ था नामजद, जेई ने लिखाई थी रिपोर्ट**
- **इज्जतनगर पुलिस ने चार्जशीट में नहीं शामिल किया नाम, अफसरों ने भी साधी चुप्पी**

**अमृत विचार :** सत्ताधारियों की सरपरस्ती और साझेदारी में काम करने वाले राजीव राणा पर पुलिस ने पहले भी मेहरबानी दिखाने में कसर नहीं छोड़ी थी। उसने अपने भाई राधेश्याम राणा के साथ बीडीए की जमीन पर कब्जे की कोशिश की थी। बीडीए की टीम से मारपीट भी की थी। इस मामले में बीडीए के जेई ने नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी लेकिन पुलिस ने तब भी राणा और उसके भाई का नाम केस से निकाल दिया था। बीडीए की जमीन पर कब्जे के एक मामले में वह पूर्व विधायक केसर सिंह के बेटे विशाल गंगवार के साथ भी नामजद हुआ लेकिन तब भी पुलिस ने चार्जशीट में नाम शामिल नहीं किए।

बीडीए के जेई सुनील कुमार ने राजीव राणा और राधेश्याम राणा के खिलाफ थाना इज्जतनगर में एफआईआर दर्ज कराई थी जिसमें कहा गया था कि बिहारमान नगला में आरोपियों ने सरकारी भूमि पर कब्जा कर लिया। उनके कब्जे को बीडीए की टीम ने हटाकर जमीन को सुरक्षित रखने के लिए बाउंड्रीवाल बनवानी शुरू की तो राणा और उसके तमाम साथियों ने वहां ठेकेदार और मजदूरों के साथ मारपीट कर काम बंद करा दिया। इसके बाद बीडीए की जमीन पर कब्जे के एक और मामले में भाजपा के पूर्व विधायक केसर सिंह के बेटे विशाल गंगवार की गिरफ्तारी हुई थी।

इस मामले में बीडीए के जेई रमन कुमार ने आशीष इंटरप्राइजेज के पार्टनर राजीव राणा, जैसवार, जगदीश प्रसाद, भगवान दास, सुखपाल, सुंदरी देवी, सतबीर सिंह, रामदास, अमर सिंह, सर्वेश कुमार, धर्मेंद्र सिंह के खिलाफ 13 नवंबर 2022 को केस दर्ज कराया था। आरोप था कि बीडीए की जमीन कब्जा करके बेच देने का था। इसमें सभी के खिलाफ कार्रवाई हुई, लेकिन कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई तो राजीव राणा बच निकला। उसका नाम केस से पुलिस ने निकाल दिया।

**राधेश्याम का करीबी एक सफेदपोश :** मुख्य आरोपी राजीव राणा के भाई राधेश्याम राणा का नाम कुछ समय पहले एक सफेदपोश के साथ खूब चर्चा में रहा था। कहा जा रहा था कि सफेदपोश की हिस्सेदारी उसके साथ जमीनों में है। जमीनों के सभी कामों में सफेदपोश का बड़ा हिस्सा रहता है।

**जेसीबी मालिक का राणा ग्रुप से विवाद :** सुरेश शर्मा नगर के जिस व्यक्ति ने प्लॉट पर कब्जा करने के लिए अपनी दो जेसीबी भेजी थीं, उसके साथ राणा ग्रुप का विवाद शुरू हो गया है। जेसीबी मालिक का कहना है कि उसने राणा के कहने पर जेसीबी भेजी थीं जिनमें घटनास्थल पर आग लगा दी गई। जेसीबी पुलिस के कब्जे में हैं जिन्हें छुड़ाने और नुकसान का भुगतान राणा ग्रुप को करना होगा। उसका कहना है कि जेसीबी ले जाते समय राणा ने दावा किया था कि पुलिस से पूरी सेटिंग है।

### केपी और ललित पर हैं दर्जन भर से ज्यादा केस

राजीव राणा के सबसे खास गुर्गे रिठौरा के पार्षद केपी यादव का नाम भी शामिल है। इंस्पेक्टर इज्जतनगर राधेश्याम ने बताया कि केपी यादव हिस्ट्रीशीटर है। उस पर एक दर्जन से ज्यादा केस हैं। पुलिस ने रात में ही उसके घर दबिश दी थी। मठ लक्ष्मीपुर निवासी ललित सक्सेना पर भी 13 मुकदमे हैं। उसे पुलिस ने शनिवार रात को मुठभेड़ में पकड़ा था। उसके पैर में गोली लगी है। दोनों पेशेवर अपराधी हैं।

### सात साल में सिर्फ 15 भूमाफिया तलाश पाया प्रशासन

- **इनमें आठ एलायंस बिल्डर्स, दो फरीदपुर कटरी कांड के, 2023 के बाद कोई कार्रवाई नहीं**
- **थानों, तहसीलों में शिकायतों की भरमार, सत्ता से जुड़े मामलों में कार्रवाई की एक मिसाल नहीं**

**बरेली, अमृत विचार :** कई साल पहले जब एंटी भूमाफिया अभियान की घोषणा की गई थी तो ऐसा लगा था कि अब जमीनों पर कब्जों का सिलसिला थम जाएगा लेकिन अब हाल यह है कि एक तरफ थानों, अफसरों के दफ्तरों और एंटी भूमाफिया पोर्टल पर शिकायतों की भरमार है, दूसरी तरफ 2023 से इस अभियान के तहत एक भी कार्रवाई नहीं हुई है। जमीन कब्जाने की तमाम शिकायतें सत्ता से जुड़े लोगों के खिलाफ भी हुईं, लेकिन प्रशासन की भूमाफिया की लिस्ट में आज तक उनमें से किसी का नाम शामिल नहीं हुआ।

एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स के गठन के बाद बरेली में सिर्फ 15 लोगों को भूमाफिया घोषित किया गया है। हर साल सैकड़ों मामले सामने आने के बावजूद यह संख्या आश्चर्यजनक रूप से काफी कम तो है ही, इससे भी ज्यादा दिलचस्प यह है कि इसमें रमनदीप और अमनदीप समेत आठ नाम एलायंस बिल्डर्स के डायरेक्टरों के हैं और दो नाम सुरेश प्रधान और परमवीर सिंह के, जो फरीदपुर की कटरी में जमीन पर कब्जे की जंग में पीलीभीत बाईपास की तरह गोलीबारी हुई थी। इस गोलीबारी में तीन लोगों के मारे जाने के बाद मामला शासन तक गूंजा, तब कई साल से बेपरवाह बने प्रशासन ने यह कार्रवाई की थी।

> जमीनों पर कब्जे की शिकायतों का नियमों के मुताबिक निस्तारण कराया जाता है। एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स सरकारी जमीनों पर कब्जे के मामलों में कार्रवाई करती है। जिले में बड़े पैमाने पर कार्रवाई कर जमीनों को कब्जामुक्त कराया गया है।
> – दिनेश, एडीएम प्रशासन

एंटी भूमाफिया अभियान पर यह सुस्ती प्रशासन पर भी सवाल खड़े कर रही है। संपूर्ण समाधान और थाना दिवसों में जमीन के मामलों में लगातार बढ़ती शिकायतें भी इन्हीं सवालों को और पुख्ता करती हैं। दरअसल, ज्यादातर मामलों में कहीं न कहीं राजनीतिक हस्तक्षेप शामिल होता है जिसकी वजह से अफसर कार्रवाई करने से कन्नी काट लेते हैं। अब पीलीभीत बाईपास पर शहर को झकझोर कर रख देने वाली घटना के बाद अफसरों ने इस मुद्दे पर चुप्पी साध ली है।

# राजस्थान के मंत्री का मुख्यमंत्री योगी को पत्र कड़ी कार्रवाई कराएं

## दूर-दूर तक जुड़ रहे हैं घटना के सत्ता से तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **अपने क्षेत्र के शख्स का बताया गोदाम, कहा- डेढ़ करोड़ के नुकसान की भरपाई कराएं**

**अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास पर 15 करोड़ के प्लॉट पर कब्जे के लिए सड़क पर दो घंटे तक गोलीबारी और आगजनी की घटना के तार दूर-दूर तक सत्ता से जुड़ रहे हैं। उत्तराखंड की मंत्री रेखा आर्य के पति गिरधारी पप्पू और पूर्व विधायक पप्पू भरतौल के बाद अब राजस्थान के कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने भी इस मामले में दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर प्लॉट पर अपराधियों के दम पर कब्जा करने की कोशिश करने के मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

राजस्थान के कृषि राज्यमंत्री के पत्र के साथ इस प्रकरण में एक नया नाम शुभ अजमेरा भी सामने आया है। राज्यमंत्री ने पत्र में कहा है कि शुभ उनके विधानसभा क्षेत्र किशनगढ़ के शिवाजीनगर का रहने वाला है और बरेली में मार्बल का कारोबार करता है। जमीन कब्जाने के लिए स्थानीय अपराधियों और माफिया ने 22 जून की सुबह उसके किराए पर लिए गोदाम में रखी मार्बल की थप्पियों और स्लैब में तोड़फोड़ कर करीब डेढ़ करोड़ का नुकसान किया है। उन्होंने इस मामले में प्रभावी कार्रवाई के साथ शुभ अजमेरा को सुरक्षा दिलाने और नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है। राज्यमंत्री ने यह भी कहा है कि इस घटना पर अजमेर के फूल-माली समाज में काफी गुस्सा है।

### राजीव राणा ग्रुप के खिलाफ शुभ अजमेरा ने भी की शिकायत

**बरेली, अमृत विचार :** शुभ अजमेरा विवादित प्लॉट पर टाइल्स और मार्बल का कारोबार कर रहे आदित्य उपाध्याय का पार्टनर है। सोमवार को उसने भी एडीजी और एसएसपी कार्यालय में शिकायत की। इसमें उसने राजीव राणा, केपी यादव समेत कई लोगों को नामजद करते हुए उसके मार्बल गोदाम में तोड़फोड़ कर डेढ़ करोड़ के नुकसान का आरोप लगाया है और कार्रवाई की मांग की है। शुभ ने बताया कि उसके परिवार ने सारी जमापूंजी के साथ 70 लाख उधार लेकर व्यापार शुरू किया था। तीन महीने पहले अपना मकान भी गिरवी रख दिया। अब वह और उसका परिवार के आगे आत्महत्या करने की नौबत आ गई है।

# बीडीए ने अपनी जमीन की पैमाइश कराकर नुकसान का आंकलन किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास पर शनिवार को ताबड़तोड़ फायरिंग के बीच प्लॉट पर कब्जा करने पहुंचे बदमाशों ने बीडीए की चारदीवारी पर भी बुलडोजर चला दिया। सोमवार को बीडीए स्टाफ ने तहसील के कर्मचारियों के साथ मौके पर पैमाइश की और अपने नुकसान का भी आंकलन किया। बीडीए इस नुकसान की भरपाई का दावा करेगा।


प्लॉट की पैमाइश करने पहुंची बीडीए की टीम और पुलिस। ● अमृत विचार

- **प्लॉट पर कब्जे की कोशिश के दौरान बदमाशों ने बीडीए की चारदीवारी पर भी चला दिया था बुलडोजर**

जिस प्लॉट पर कब्जे के लिए शनिवार को फायरिंग हुई, बीडीए की करीब चार हजार वर्गमीटर जमीन ठीक उसकी बगल में है। बीडीए ने अपनी इस कीमती जमीन पर चारदीवारी बनवा रखी थी, जिसे तोड़ दिया गया। सोमवार दोपहर बीडीए की टीम लेखपाल के साथ यहां पहुंची। पूरी जमीन की पैमाइश करने के बाद नुकसान का आंकलन किया और लौट गई। बीडीए अफसरों ने इस बात का भी संज्ञान लिया है कि इस घटना के आरोपी पहले भी बीडीए की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर चुके हैं। इसलिए हो सकता है कि इस बार भी उनका इरादा ठीक न हो। बीडीए उपाध्यक्ष मनिकनंदन ए ने बताया कि इंजीनियर और लेखपाल को पैमाइश के लिए भेजा था। उनकी रिपोर्ट मिलने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

## तीन अवैध कॉलोनियों पर बीडीए ने चलाया बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बीडीए से रामपुर रोड पर बिना नक्शा पास कराए 19 बीघा क्षेत्रफल में बसाई जा रहीं तीन अवैध कॉलोनियों को सोमवार को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। टीम ने अवैध कॉलोनाइजरों को नोटिस जारी किए हैं। इसके बाद भी निर्माण किया तो एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

सोमवार दोपहर में बीडीए की टीम ने गांव सनौआ में पांच हजार वर्ग मीटर भूमि पर इजराइल खां अवैध कॉलोनी का निर्माण करा रहे थे। टीम ने बुलडोजर चलाकर निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

इसके अलावा गांव महलऊ में 10 हजार वर्ग मीटर पर तनवीर और चार हजार वर्ग मीटर में मोहित कुमार अवैध सड़क, ऑफिस और प्लॉटिंग कर अवैध कॉलोनी बसा रहे थे। टीम ने दोनों कॉलोनियों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। टीम ने अवैध कॉलोनी बसाने वालों के खिलाफ उप्र नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 की धाराओं में कार्रवाई की है और नोटिस भी दिए हैं। टीम ने चेतावनी दी है कि अगर फिर से निर्माण किया तो रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। बीडीए लगातार अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चला रहा है।


सनौआ गांव में अवैध कॉलोनी को ध्वस्त करता बीडीए का बुलडोजर।

# दुर्गानगर में भतीजे ने सरेआम बुआ को दौड़ाकर मारी गोली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बारादरी क्षेत्र में संजयनगर में रविवार रात हुई घटना**
- **पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को लिया हिरासत में**

**अमृत विचार :** थाना बारादरी क्षेत्र के संजयनगर में दुर्गानगर मोड़ पर रविवार रात एक युवक ने बुआ को दौड़ाकर गोली मार दी। गोली महिला के जबड़े में फंस गई। पुलिस ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया है और आरोपी भतीजे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे हिरासत में लिया है।

पुष्कर ने बताया कि वह रविवार को अपनी पत्नी पायल, सास रूपवती, बच्चों और भाई मनोज के परिवार के साथ पीलीभीत के इलाबास में मेले में गए थे। वह रात में वापस आ रहे थे। आरोप है कि उनके ममेरे भाई रोहित की बहन ने अपने पिता से कहा कि इन लोगों को साथ क्यों लेकर आए। इस पर पायल की बड़ी बहन पिंकी ने जवाब दिया कि पैसा खर्च करके आते हैं। इसी बात पर रोहित ने पायल को थप्पड़ मार दिया। उस समय लोगों ने विवाद शांत करा दिया गया। देर रात जब रूपवती अपने परिवार के साथ बरेली पहुंचीं तो दुर्गानगर मोड़ पर पीछे से आए रोहित ने दौड़ा कर गोली चला दी जो रूपवती के जबड़े में लग गई। लोगों ने मौके से भाग रहे रोहित को पकड़ लिया। आरोपी रोहित को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सीओ तृतीय अनीता चौधरी और थाना प्रभारी अमित पांडे ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। आरोपी रोहित और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## सार-संक्षेप

### ब्लड प्रेशर के प्रति जागरूक किया



**बरेली, अमृत विचार** : विश्व उच्च रक्तचाप सप्ताह के तहत केशलता कॉलेज/ स्कूल ऑफ नर्सिंग की ओर से सोमवार को केशलता अस्पताल में शिविर आयोजित किया गया, जिसमें मरीजों को नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने उच्च रक्तचाप के बारे में बताया। इस दौरान मरीजों की ब्लड प्रेशर की जांच की गई। यहां सेल्फी प्वाइंट लगाकर लोगों को ब्लड प्रेशर के प्रति जागरूक किया गया। शिविर के अंतिम दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उप प्राचार्य डॉ. अनीता गोटलिव ने सभी को शपथ ग्रहण कराई। सहायक प्रो. नितिन सहाय ने उच्च रक्तचाप के विषय में प्रस्तुति दी। संचालन हिमांशु पाल और दिव्या नायर ने किया। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र खंडेलवाल, प्राचार्य डॉ. प्रतिभा मनोहरम बी, डॉ. ऋषभ कुमार, निशा सिंह, रॉबिन पॉल आदि उपस्थित रहे।

### तैराकी प्रतियोगिता में बरेली के तैराकों ने जीते पदक



**बरेली, अमृत विचार** : सिद्धार्थ नगर में हुई राज्य स्तरीय सब जूनियर और जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में बरेली के तैराकों का प्रदर्शन शानदार रहा। इसमें गौतम शाह ने 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर और 50 मीटर बैक स्ट्रोक में चार स्वर्ण पदक जीते। बालिका वर्ग में अनुश्री ने कांस्य पदक जीता। इसके अलावा शिवांश चौरसिया ने रिले, मधुर, फजल, फैज ने अलग-अलग श्रेणी में पदक जीते। इस दौरान जिला तैराकी संघ के सचिव सुनील मित्तल, आरएसओ जितेंद्र यादव, शामिल अहमद, सुमित चौरसिया, अविनाश समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### यूपीएचसी जगतपुर में हुआ योग



**बरेली, अमृत विचार** : यूपीएचसी जगतपुर में योग कर मरीजों को स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया। एमओआईसी डॉ. श्वेता भारद्वाज ने लोगों को योग के फायदे बताएं। इस दौरान मरीजों को प्राणायाम, भ्रामरी समेत अन्य योग क्रियाएं कराई गईं। इस दौरान मो. यूनुस, मो. ताहिर, ममता कुमारी, पिंकी, प्रीति, शिखा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया



**बरेली, अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर सोमवार को मिशन कंपाउंड स्थित पार्टी कार्यालय पर महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने रानी दुर्गावती के जीवन पर प्रकाश डाला। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने भी विचार रखे। महानगर महासचिव पं. दीपक शर्मा, सुरेन्द्र सोनकर, गोविंद सैनी, अशोक यादव, राजेश मौर्या, द्रोण कश्यप, जितेंद्र मुंडे, नमन मिश्रा, सचिन आंनद, नाजिम कुरैशी आदि मौजूद रहे।

### राम कथा का श्रवण हर प्रकार से है औषधि



**बरेली, अमृत विचार** : श्री हरि मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा में सोमवार को कथा व्यास पं. आशीष मिश्रा ने कहा कि आराध्य जिसको अपनी शरण में रखते हैं, वह कुपात्र होकर भी सुपात्र हो जाता है। श्रीराम कथा का श्रवण हर प्रकार से औषधि है। बताया कि बड़े लोग जिसको अपनी शरण में लेते हैं, उसको छोड़ते नहीं। चंद्रमा में दोष ही दोष होने के बाद भी प्रभु शंकर ने अपनी शरण में लेकर भाल पर रख लिया। यही अद्भुत रस है। मंदिर समिति के अध्यक्ष सतीश खट्टर, सचिव रवि छाबड़ा, सुशील अरोड़ा, अश्वनी ,संजय आनंद, गोविंद तनेजा, बलराम अरोरा, राम प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# ओपीडी में इलाज से पहले घंटों लाइन में खाए धक्के, 12 सौ से ज्यादा मरीज पहुंचे

## डॉक्टर कक्ष से दवा काउंटर तक भीड़, बुखार और डायरिया के मरीज अधिक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : अन्य दिनों की तुलना में सोमवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ उमड़ी। धक्का मुक्की के बीच पर्चा बना और फिर डॉक्टर कक्ष और दवा काउंटर पर मरीजों को घंटों लाइन में लगना पड़ा। इस दौरान उमस भरी गर्मी से मरीज बेहाल दिखे। ओपीडी में 1230 मरीज पहुंचे थे। बुखार और डायरिया के साथ आंखों के संक्रमण के मरीजों की संख्या अधिक रही।

**पूरी दवाएं न मिलने पर देहात के मरीज भी यहां आ रहे** : पर्चा काउंटर पर सुबह 8 बजे मरीजों की कतार थी। इनमें कुछ ऐसे मरीज थे, जो फरीदपुर और बिथरी चैनपुर से आए थे। उनसे पूछा किया कि दोनों स्थानों पर सीएचसी में ओपीडी का संचालन होता है, फिर वहां क्यों नहीं गए। उनका जवाब था कि वहां न तो पूरी दवाएं मिलती हैं और न ही समय पर डॉक्टर आते हैं। इस वजह से भी जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ रहती है।

**लैब में सिर्फ एक कूलर** : पैथोलॉजी लैब में भी मरीजों की भीड़ पहुंच रही है। यहां गर्मी से बचाव के लिए सिर्फ एक कूलर लगा है, जो नाकाफी है। इससे मरीजों को दिक्कत हो रही है।



जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की लगी कतार। ● अमृत विचार



वरिष्ठ नागरिक दवा काउंटर पर बुजुर्गों की लाइन में लगे युवा।

### बुजुर्गों की लाइन में लग रहे युवा

पर्चा काउंटर और फार्मेसी विभाग में बुजुर्गों के लिए अलग से काउंटर आरक्षित है, लेकिन अस्पताल प्रशासन की अनदेखी के चलते बुजुर्गों की लाइन में युवा लग रहे हैं। सोमवार को इस वजह से काउंटर पर मरीजों के बीच तकरार हुई। यह स्थिति रोज की है, लेकिन अस्पताल प्रशासन की ओर रोकथाम के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।



फरीदपुर से आए हैं, वहां सीएचसी पर दवाएं पूरी नहीं मिलती है तो कभी डॉक्टर नहीं होते हैं, यहां दो घंटे के बाद एक्स-रे हो सका। 11 बजे आए थे। साढ़े बारह बज चुके हैं। भीड़ के कारण अभी डॉक्टर को रिपोर्ट नहीं दिखा पाए हैं।

-कांता प्रसाद



सिकलापुर से सुबह 9 बजे आ गए थे। 11 बजे तक डॉक्टर से परामर्श मिला, अब दवा लेने के लिए एक घंटे से लाइन में लगे हैं। बैठने का इंतजाम न होने से थकान की वजह से जमीन पर ही बैठे हैं।

-पन्ना लाल



बिथरी चैनपुर से आए हैं, पेट संबंधी गंभीर समस्या है, सीएचसी पर ठीक से इलाज नहीं मिला, मजबूरन यहां आना पड़ा। भीड़ ज्यादा है। सुबह 9 बजे आए थे, 12 बजे दवा मिल पाई है।

-युसूफ खान

# वार्षिक परीक्षाओं का मूल्यांकन लगभग पूरा, जल्द आएंगे परिणाम



बरेली कॉलेज में परास्नातक की परीक्षा देने जाते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● इस बार समय पर सत्र पूरा करने के लिए भीषण गर्मी में भी कराई गई हैं परीक्षाएं

**अमृत विचारः** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक और परास्नातक की वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम जल्द जारी हो सकते हैं। मूल्यांकन का काम लगभग पूरा हो गया है और कुछ कॉलेजों से प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक आना बाकी रह गए हैं। इसकी वजह से कुछ देरी हो रही है। इसके अलावा जिन परीक्षाओं का मूल्यांकन हो गया है, उनके भी परिणाम जल्द जारी किए जाएंगे।

विश्वविद्यालय की व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की वार्षिक परीक्षा 1 अप्रैल से 24 अप्रैल तक हुई थी। इसके बाद परास्नातक की वार्षिक परीक्षा 9 अप्रैल से 2 मई तक हुई। इसके अलावा स्नातक की वार्षिक परीक्षा 19 मार्च से शुरू हुई थी और यह परीक्षा भी 18 जून को समाप्त हो गई। स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा 10 मई से शुरू हुई और 1 जुलाई को समाप्त हो जाएंगी। वर्तमान में परास्नातक सम सेमेस्टर की वार्षिक परीक्षा 19 जून से शुरू हुई है और यह भी 6 जुलाई को समाप्त हो जाएगी। इसके अलावा विधि पाठ्यक्रमों समेत अन्य की भी वार्षिक व सम सेमेस्टर की परीक्षाएं हुई हैं।

जो परीक्षाएं पूरी हो चुकी हैं, उनका मूल्यांकन लगभग पूरा हो चुका है। इसके अलावा जो चल रही हैं, उनका भी मूल्यांकन तेजी से चल रहा है। अब विश्वविद्यालय जल्द परिणाम घोषित करने की तैयारी कर रहा है। जिन महाविद्यालयों की प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक किन्हीं कारणों से रह गए हैं, उन्हें भी जल्द से जल्द मांगे जा रहे हैं।

### जिन महाविद्यालयों में कम छात्र, वहां के अंक नहीं आए

प्रयोगात्मक परीक्षाओं के उन कॉलेजों के अंक कम आए हैं, जिनके यहां छात्रों की संख्या कम है। वार्षिक परीक्षा में विश्वविद्यालय ने कॉलेजों में ही केंद्र निर्धारित कर दिए थे। इसके बावजूद भी कुछ कॉलेजों में प्रयोगात्मक परीक्षा होने से रह गई हैं। कुछ दिनों पहले विश्वविद्यालय ने प्रयोगात्मक परीक्षा कराने की तिथि भी बढ़ाई है। अब अंक आते ही परिणाम जारी करने शुरू हो जाएंगे।

# नाटक से दिया आत्मबल से हालात को बदलने का संदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● रंगालय एकेडमी आफ आर्ट एंड कल्चर सोसाइटी के थिएटर फेस्ट का नौवां दिन

**अमृत विचार** : रंगालय एकेडमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर सोसाइटी की ओर से लोक खुशहाली चैरिटेबल ट्रस्ट सभागार में आयोजित 15 दिवसीय थिएटर फेस्ट के 9 वें दिन कानपुर की नाट्य वस्तु सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था ने नाटक जहर का मंचन किया, जिसमें बताया कि इंसान का आत्मबल हालात को बदलने में समक्ष होता है।

नाटक में प्रेम विवाह करने वाले युगल के जीवन में आने वाली जटिलताओं को दिखाया कि किस प्रकार एक व्यक्ति हालात से मजबूर होकर पत्नी की हत्या करने को राजी हो जाता है। व्यक्ति इंटरनेट पर जहर बनाने वाले केमिस्ट का पता ढूंढ लेता है।

केमिस्ट उस आदमी से जहर खरीदने का कारण पूछता है तो वह बहाने बनाने लगता है। यहीं से नाटक मनोरंजक परिस्थितियों के साथ उस व्यक्ति के हत्या करने के इरादे को बदल देता है। नाटक में प्रवीण कुमार अरोड़ा, महेंद्र धूरिया ने मुख्य भूमिका अदा की।


पंकज सोनी लिखित नाटक को प्रवीण अरोरा ने निर्देशित किया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत धर्मेन्द्र गुप्ता, डॉ. विनोद पागरानी ने की। संयोजन शैलेंद्र आजाद ने किया। शुभी मेहरोत्रा, गुरजीत सिंह रंधावा, कृष्णा चौधरी, शालिनी गुप्ता, अजय गौतम, सुशील, मोहित, सचिन श्याम भारतीय, महेंद्र पाल राही का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों के अनुसार थिएटर ग्रुप दिल्ली की ओर से मंगलवार को एक था डॉक्टर नाटक का मंचन किया जाएगा।

# पहले दिन रामायण कठपुतली नाटिका का मंचन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : कला संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं दयादृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सोमवार को विंडरमेयर थिएटर में रामोत्सव की शुरुआत हुई। पहले दिन उदयपुर के भारतीय लोक कला मंडल के 15 सदस्यों ने डॉ. लईक हुसैन के निर्देशन में रामायण कठपुतली नाटिका का मंचन किया।

भारतीय लोक कला मंडल उदयपुर के निदेशक डॉ. लईक हुसैन ने बताया कि रामायण कठपुतली नाटिका रामायण ग्रंथ पर आधारित घटनाओं का संक्षिप्त कथासार है। नाटक में कैकेयी द्वारा राजा दशरथ से श्रीराम के लिए वनवास मांगना, श्रीराम का वनगमन, उनका सीता स्वयंवर में जाना आदि प्रसंगों को दिखाया गया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत मेयर डॉ. उमेश गौतम ने की। इस दौरान दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. बृजेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।



विंडरमेयर में आयोजित रामोत्सव में भारतीय लोक कला मंडल उदयपुर ने कठपुतली रामायण नाटिका का मंचन किया। ● अमृत विचार

● विंडरमेयर में रामोत्सव की शुरुआत, दर्शकों में उत्साह



कठपुतली के जरिये किया मंचन।



कठपुतली रामलीला मंचन के दौरान उत्साहित दिखे दर्शक। ● अमृत विचार

### वेतन के लिए छह महीनों से चक्कर लगा रहा शिक्षक

**बरेली, अमृत विचार** : लाल फाटक स्थित एक निजी उच्च शिक्षण संस्थान में डांस टीचर रहे गोविंद कुमार यादव वेतन के लिए करीब छह महीने से चक्कर लगा रहे हैं। गोविंद ने जिलाधिकारी और उप श्रमायुक्त को पत्र देकर बकाया वेतन दिलाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2023 तक उन्होंने सेवाएं दीं लेकिन संस्थान ने उन्हें जुलाई तक का ही वेतन दिया है। कई बार संस्थान के अधिकारियों से बात करने के बाद भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही हैं। इस संबंध में संस्थान के एचआर अंकित ने बताया कि शिक्षक की संविदा अवधि समाप्त होने के बाद उन्हें हटा दिया गया है। संस्थान के पास नो ड्यूज प्रमाण पत्र भी है। शिक्षक के आरोप निराधार हैं।

### 34 लोगों को शूकर पालन का दिया प्रशिक्षण

**बरेली, अमृत विचार** : भारतीय पशु चिकित्सा संस्थान (आईवीआरआई) में सोमवार को एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन परियोजना के तहत पशुधन उत्पादन और प्रबंधन अनुभाग के सहयोग से पांच दिवसीय शूकर पालन का प्रशिक्षण शुरू हुआ। इसमें असम, बिहार, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के 34 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर एबीआई परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ. बबलू कुमार ने सूकर पालन के क्षेत्र में उद्यमिता की अपार संभावनाओं के बारे में बताया। शूकर फॉर्म के प्रभारी डॉ. अनुज चौहान ने बताया कि शूकरो में उच्च प्रजनन क्षमता, कम लागत, बेहतर ड्रेसिंग प्रतिशत और मांस की गुणवत्ता कुछ ऐसे आयाम हैं जिससे उद्यमियों को कम लागत में अधिक लाभ होता है।

# राहुल का दर्द बता रहा दिव्यांगों के लिए चलाई जा रहीं योजनाओं का सच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : दिव्यांगों के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई इससे इतर है। तीन महीने से दिव्यांग प्रमाण बनवाने के लिए राहुल सीएमओ कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अभी तक उनका प्रमाण नहीं बन सका है। सोमवार को भी वह कार्यालय में आयोजित शिविर में पहुंचे। सुनवाई नहीं हुई तो वह दोपहर बाद निराश होकर लौट गए। उनके सिर से मां बाप का साया उठ चुका है। उन्हें यहां तक आने में भी तमाम परेशानियों से जूझना पड़ता है।

आंवला के रफियाबाद निवासी 24 वर्षीय राहुल सागर दाएं पैर से दिव्यांग हैं। बचपन में उन्होंने मां को खो दिया। जब जिंदगी को ठीक से समझने की उम्र हुई तो 6 साल पहले पिता की टीबी की बीमारी से मौत हो गई। वह तीन माह से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सीएमओ कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हर बार कोई न कोई बहाना बनाकर उन्हें टकरा दिया जाता है। आज भी उनका साथ यही हुआ। शिविर में उनकी सुनवाई नहीं हुई। काफी देर तक वह यहां बैठ रहे। आखिर में वह थक हार कर घर लौट गए।



● प्रमाण पत्र बनवाने को तीन महीने से सीएमओ कार्यालय के काट रहे चक्कर

● कोई न कोई बहाना बनाकर टरका दिया जाता है, सिर से उठ चुका है मां बाप का साया

### शिविर में बढ़ी दिव्यांगों की भीड़

बारिश के बाद गर्मी का प्रकोप कुछ कम हुआ तो शिविर में भी दिव्यांगों की भीड़ बढ़ गई। सोमवार को बड़ी संख्या में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पहुंचे। इस दौरान शिविर में अव्यवस्थाएं हावी रहीं। इस वजह से दिव्यांगों को परेशानी झेलनी पड़ी।

इस संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली है। अगर तीन महीने से किसी दिव्यांग की समस्या है तो उसका समाधान कराया जाएगा। संबंधित अफसरों को निर्देशित किया जाएगा। नियमानुसार प्रमाण पत्र जारी किया जाए।

-डॉ. विश्राम सिंह, सीएमओ

### डिजिटलाइजेशन, ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध, बेसिक शिक्षा मंत्री को पत्र भेजा

**बरेली, अमृत विचार** : परिषदीय स्कूलों में ऑनलाइन उपस्थिति और पंजिकाओं के डिजिटलाइजेशन के विरोध में शिक्षक संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में सोमवार को यूपी प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बेसिक शिक्षा मंत्री को पत्र भेजा है। जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार का कहना है कि इस व्यवस्था को लागू करने से शिक्षकों की निजता के अधिकार का हनन होगा।

शिक्षक नेताओं के मुताबिक माध्यमिक शिक्षा, राज्य कर्मचारी, उच्च शिक्षा, सचिवालय आदि में यह व्यवस्था लागू नहीं की गई है, लेकिन शिक्षकों के साथ दोहरा मापदंड अपनाते हुए यह व्यवस्था लागू की जा रही है। यूटा, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ आदि संगठनों ने भी इस व्यवस्था के खिलाफ उच्च अधिकारियों को पत्र लेकर रोष व्यक्त किया है।

### फूलों की होली खेलकर श्रीमद्भागवत कथा को दिया विश्राम


**बरेली, अमृत विचार** : मीरा की पैठ स्थित ठाकुरजी महाराज मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा को फूलों की होली खेलकर विश्राम दिया गया। सोमवार को कथा व्यास आचार्य मुकेश मिश्रा ने प्रभु दत्तात्रेय से जुड़ा प्रसंग सुनाया और बताया कि उन्होंने कहा कि आनंद बाहर के विषयों में नहीं भीतर है। बताया है कि दीक्षा गुरु एक होता है लेकिन शिक्षा गुरु अनेक हो सकते हैं। दत्तात्रेय ने अपने जीवन में 24 शिक्षा गुरु बनाए। उन्होंने कहा कि वृत्रासुर, प्रह्लाद, विभीषण, सुग्रीव, ब्रज की गोपियां आदि सत्संग के माध्यम से ही प्रभु को प्राप्त कर सके। वे वेदों से भी अज्ञात थे और तप भी नहीं किया था। फिर भी सत्संग प्रेरित भक्ति के कारण वो अपने आराध्य के प्रिय पात्र बने। इस दौरान परीक्षित मोक्ष प्रसंग भी सुनाया गया। वेद प्रकाश गुप्ता, प्रभात मिश्रा, गिरिजा किशोर गुप्ता, राहुल गुप्ता, वेद प्रकाश गुप्ता, नरेश मिश्रा, मुरारी लाल गुप्ता, राहुल गुप्ता, विष्णु गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बास्केटबॉल चैंपियनशिप में गोरखपुर बनीं चैंपियन

**बरेली, अमृत विचार** : फरीदपुर में मानस स्थली स्कूल में चल रही 22वीं यूथ उत्तर प्रदेश राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप में गोरखपुर की टीम ने वाराणसी को 88-75 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने कहा कि खेल में हार जीत का कोई स्थान नहीं होता है। खेल में परिश्रम ही महत्वपूर्ण है, इसलिए खेलो और अपने लक्ष्य को प्राप्त करो।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि मानस स्थली ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्येंद्र गोयल, कोषाध्यक्ष प्रकाश चंद्र शर्मा और आकाश अरोड़ा, प्रधानाचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी, उप क्रीड़ा अधिकारी शमीम अहमद, सोनेन्द्र श्रोतीया, डेविड मैसन, चंचल सिंह, केएस बिष्ट, आदित्य मिश्र, प्रभात उपाध्याय, अनुपम शर्मा, उमाशंकर, मयंक दीक्षित समेत अन्य लोग मौजूद रहे।




बास्केटबॉल चैंपियनशिप की ट्राफी के साथ गोरखपुर टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

# आरोपः वरिष्ठ प्रवक्ता को प्रधानाचार्य पद का कार्यभार ग्रहण नहीं कराया जा रहा



अपर आयुक्त न्यायिक को ज्ञापन सौंपते समिति के पदाधिकारी।

● डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति ने अपर आयुक्त न्यायिक को सौंपा ज्ञापन

**बरेली, अमृत विचार** : डीआईओएस के आदेश के एक माह बाद भी शहर के केपीआरसी कला केंद्र बालिका इंटर कॉलेज में वरिष्ठ प्रवक्ता ममता कुमारी को प्रधानाचार्य पद का कार्यभार ग्रहण नहीं कराया गया है। इस संबंध में सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति ने अपर आयुक्त न्यायिक प्रीति जायसवाल को ज्ञापन सौंपा।

समिति के अध्यक्ष रनवीर सिंह ने ज्ञापन में बताया कि ममता कुमारी को प्रधानाचार्य पद पर कार्यभार ग्रहण कराने के लिए डीआईओएस ने शासन के निर्देश पर आदेश जारी किया था। मामले में प्रधानाचार्य दीपा शर्मा के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है। मंडल संरक्षक राम सिंह, बच्चूलाल, भानु प्रताप सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह, वेदप्रकाश वाल्मीकि, जितेंद्र सिंह मुंडे, अजय प्रसाद, राजेश सागर, रमेश चंद्रा आदि मौजूद रहे।

### वित्तीय अनियमितताओं के चलते किया गया था निलंबित

प्रधानाचार्य दीपा शर्मा ने बताया कि पूर्व में वरिष्ठ प्रवक्ता को वित्तीय अनियमितताओं के चलते निलंबित किया जा चुका है। उनका आरोप है कि वरिष्ठ प्रवक्ता ने अफसरों को झूठे दस्तावेज प्रस्तुत कर गुमराह करने का प्रयास किया है। बोलीं- जल्द अफसरों के समक्ष सही दस्तावेज साक्ष्य के प्रस्तुत किए जाएंगे। यह प्रकरण कोर्ट में विचाराधीन है। न्यायालय के निर्णय पर इस संबंध में आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# आईआरसीटीसी एजेंट को रेल टिकटों की दलाली करते पकड़ा

## मुख्यालय से आईडी ट्रेस होने के बाद आरपीएफ ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 200 से 300 रुपये अधिक लेकर बुक कर रहा था ई-रेल टिकट

**अमृत विचार :** बरेली सिटी स्टेशन आरपीएफ ने शीशगढ़ से एक टिकट दलाल को पकड़ा है। दलाल आईआरसीटीसी का अधिकृत एजेंट है। इसकी आड़ में वह निजी आईडी से टिकट बुक कर रहा था। गोरखपुर मुख्यालय से आईडी ट्रेस होने के बाद उसे दबोचा गया।

गोरखपुर मुख्यालय से आरपीएफ को आईआरसीटीसी की संदिग्ध पर्सनल यूजर आईडी और मोबाइल नंबर की जानकारी मिली थी। जिसके आधार पर बरेली सिटी स्टेशन आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार मीणा के नेतृत्व में टीम ने बिलासपुर रोड थाना शीशगढ़ स्थित अहमद जन सेवा केंद्र पर छापा मारा। जनसेवा केंद्र संचालक मुस्तफा निवासी मोहल्ला तकिया कस्बा शीशगढ़ से पूछताछ की गई तो उसके पास से आईआरसीटीसी की छह निजी आईडी मिलीं। आरपीएफ के मुताबिक जनसेवा केंद्र संचालक आईआरसीटीसी का अधिकृत एजेंट भी था। वह अलग-अलग निजी आईडी से ई-टिकट बुक कर यात्रियों से 200 से 300 रुपये अतिरिक्त वसूलता था। उसके पास के 29 ई-रेल टिकट बरामद हुए हैं, जिसमें 4075 रुपये के चार टिकट पर यात्रा की जानी बाकी थी। इसके अलावा 35350 रुपये के 25 तत्काल रेल ई- टिकट पर यात्रा कराई जा चुकी थी। इसके अलावा मोबाइल, लैपटॉप और नकदी भी बरामद की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।


आरपीएफ की हिरासत में दलाल।

# दाल मिल में मशीन पर काम कर रहे मजदूर की गिरने से मौत

**सीबीगंज, अमृत विचार :** सीबीगंज के परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में दाल मिल में काम कर रहे मजदूर की मशीन से गिरने से मौत हो गई।

गांव पस्तौर निवासी हरीश कुमार (45) दाल मिल में मजदूरी करते थे। वह रविवार की शाम करीब सात बजे ड्यूटी पर गए थे। रात में मशीन पर काम करते समय अचानक वह जमीन पर गिर गए। जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। साथी मजदूरों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। परिजन पटना से बरेली के लिए रवाना हो गए हैं। मृतक के परिवार में पत्नी मंजू, दो बेटे, एक बेटी हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# ट्रेनों में 270 अनधिकृत यात्री पकड़े, 1.5 लाख का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीसीएम ने आला हजरत और पुरबिया एक्सप्रेस में की चेकिंग
- सप्तक्रांति की पेंट्रीकार में जाकर की खाने की गुणवत्ता की जांच

**अमृत विचार :** डीसीएम सिद्धार्थ वर्मा ने सोमवार को ट्रेनों में टिकट चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने आला हजरत, पुरबिया और सप्तक्रांति एक्सप्रेस में चेकिंग की और अनधिकृत यात्रियों से 1.50 लाख रुपये का जुर्माना और किराया वसूला।

रेलवे के पास यात्रियों की शिकायतें पहुंच रही हैं कि वेटिंग और जनरल टिकट वालों की वजह से आरक्षण कराने वाले यात्रियों को दिक्कत हो रही है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता के निर्देश पर डीसीएम सिद्धार्थ वर्मा के नेतृत्व में टीम ने 19270 मुजफ्फरपुर-पोरबंदर एक्सप्रेस, 14321 बरेली-भुज आला हजरत, 12558 आनंद विहार-मुजफ्फरपुर सप्तक्रांति और 15279 सहरसा-आनन्द विहार पुरबिया एक्सप्रेस में अभियान चलाया। जिसमें अनधिकृत और बिना टिकट यात्रा करने वाले 270 यात्रियों को पकड़ा। इन लोगों से 83,010 रुपये किराया और 67,500 जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा डीसीएम सिद्धार्थ वर्मा ने 12558 आनंद विहार -मुजफ्फरपुर सप्तक्रांति एक्सप्रेस में पेंट्रीकार को भी चेक किया। उन्होंने पेंट्रीकार स्टाफ को निर्देश दिया कि यात्रियों को स्वच्छ खानपान निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध कराया जाए।

# मस्जिद के इमाम पर दर्ज पॉक्सो एक्ट के केस को बताया फर्जी


एसएसपी कार्यालय में शिकायत करने पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आईएमसी प्रवक्ता की अगुवाई में एसपी क्राइम से मिले लोग
- इमाम को बेगुनाह बताया, जांच कर मुकदमा रद करने की मांग की

**अमृत विचार :** एक मस्जिद के इमाम पर पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज होने के मामले में आईएमसी प्रवक्ता डॉ. नफीस के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने सोमवार को एसएसपी कार्यालय में एसपी क्राइम से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने इमाम को बेगुनाह बताते हुए दर्ज मुकदमे को फर्जी करार दिया और निष्पक्ष जांच कराकर उसे रद कराने की मांग की।

आईएमसी प्रवक्ता ने एसपी क्राइम को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि संभल निवासी इमाम मुफ्ती हाफिज स्वाले हसन किला क्षेत्र स्थित एक मस्जिद में बच्चों को कुरान पढ़ाते हैं। उनपर बच्ची के यौन उत्पीड़न का आरोप लगा है। इमाम ने सबक याद नहीं करने पर 30 मई को बच्ची को डांट दिया था। उनका आरोप है कि इसपर बच्ची के पिता ने विरोध जताते हुए इमाम के साथ मारपीट की थी। स्थानीय लोगों ने इमाम को बचाया था। अगले दिन इमाम के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया गया।

बताया कि तीन जून को बच्ची की मां ने मुकदमा समाप्त करने का पत्र एसएसपी को डाक के जरिए भेजा था, लेकिन बाहरी लोगों के भड़काने पर बच्ची के मां बाप अब गिरफ्तारी का दबाव पुलिस पर बना रहे हैं। डॉ. नफीस के अनुसार एसपी क्राइम ने इस संबंध में सीओ द्वितीय को जांच दी है। इस दौरान तस्लीम मिर्जा, तस्लीम रजा, सलीम रजा, डॉ हनीफ कासिम, वसीम आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### खरगोश का टिकट काटने वाले परिचालक को काम से रोका

**बरेली, अमृत विचार :** रोडवेज बस में खरगोश का 150 रुपये का टिकट काटने वाले परिचालक को आरएम ने काम से रोक दिया है। बदायूं निवासी पारस अग्रवाल ने शनिवार को कुतुबखाना बाजार से खरगोश दो खरीदे थे। वह बरेली डिपो की रोडवेज बस से बदायूं जा रहे थे। उन्होंने पिंजरे में बंद दोनों खरगोश को गोद में रख लिया। बस परिचालक जय प्रकाश ने उनका टिकट काटने के साथ दोनों खरगोश के 75-75 रुपये के टिकट काट दिए। शिकायत में कहा गया कि परिचालक ने बस में मौजूद अन्य यात्रियों से पैसे लेने के बाद भी उन्हें टिकट नहीं दिया। इस मामले की शिकायत परिवहन विभाग के अधिकारियों से की गई थी। बरेली डिपो के एआरएम संजीव श्रीवास्तव ने परिचालक जयप्रकाश को काम से रोक दिया। इसके अलावा मामले की जांच भी शुरू करा दी है।

### राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों का करें निस्तारण

**बरेली, अमृत विचार :** राजस्व परिषद के अध्यक्ष ने सोमवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग में राजस्व की कोर्ट में लंबित वादों के निस्तारण में तेजी लाने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें लेटलतीफी न की जाए। सभी लंबित मामलों का जल्द निस्तारण कर वादकारी को राहत दें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में एनआईसी में एडीएम प्रशासन दिनेश, एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह, एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव आदि अधिकारी जुड़े।

### स्टेशनों के पोल से राष्ट्रीय ध्वज गायब होने की शिकायत

**बरेली, अमृत विचार :** समाजसेवी एटा निवासी शिव कुमार ने बरेली जंक्शन और इज्जतनगर स्टेशन पर राष्ट्रीय ध्वज नहीं लगने और ट्रेनों पर लगे राष्ट्रीय ध्वज के स्टीकर का अनादर होने की शिकायत रेल मंत्रालय से की है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि जो पोल खाली हैं, वहां राष्ट्रीय ध्वज लगाए जाएं। उन्होंने पत्र में बताया कि बदायूं स्टेशन पर राष्ट्रीय ध्वज की स्थिति खराब है। बरेली जंक्शन और टनकपुर स्टेशनों पर खड़ी ट्रेनों के ऊपर राष्ट्रीय ध्वज के जो स्टीकर लगे मिले, वे बेहद खराब स्थिति में हैं। जिससे राष्ट्रीय ध्वज का अनादर होता है। उन्होंने रेलवे के अलावा प्रधानमंत्री कार्यालय और गृहमंत्रालय से भी इस संबंध में शिकायत की है।

### भूलेख पोर्टल पर आवेदनों का कराएं निस्तारण

**बरेली, अमृत विचार :** भूलेख पोर्टल के भूमि बंधक डैशबोर्ड पर बैंकों की ओर से आने वाले ऑनलाइन बंधक और बंधक मुक्त आवेदनों का समय से निस्तारण न होने पर शासन ने चिंता जताई है। उप भूमि व्यवस्था आयुक्त की ओर से विभाग को पत्र भेजकर प्राथमिकता के आधार पर आवेदनों का निस्तारण कराने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने पत्र में बताया कि भूलेख पोर्टल पर बैंक बंधक डैशबोर्ड पर आने वाले आवेदनों की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत निस्तारण के आदेश पहले ही दिए जा चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी 18 जून को हुई समीक्षा में पाया गया कि बड़े स्तर पर आवेदन लंबित हैं। उन्होंने इस स्थिति को खेदजनक बताया और अफसरों को निर्देशित किया है कि लिंक पर उपलब्ध आवेदनों की रोजाना समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत निस्तारण कराने पर जोर दिया जाए।

### महिलाओं को भा रही कौशल सुधार योजना

**बरेली, अमृत विचार :** ग्राम उद्योग विभाग की ग्रामीण स्तर पर उद्योग बढ़ाने के तीन योजनाओं कौशल सुधार योजना के व्यावहारिक प्रशिक्षण में सबसे अधिक महिलाएं रुचि ले रही हैं। इसमें अब तक 175 महिलाओं ने प्रशिक्षण लिया है। वहीं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में महिलाओं की रुचि नहीं है। इसमें अब तक सिर्फ 10 महिलाएं ही लाभान्वित हुई हैं। वहीं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना में सबसे कम संख्या तीन रही है।


समस्या आपकी समाधान

INTERNATIONAL SEXOLOGIST

Neat & Clean Hygiene
Clinic Activity
Fast Appointment
for Maximum 25 Minute only
Offline, Online
Justdial

PHIMOSIS (फिमोसिस) संक्रमण
पोस्ट हाइटिस, वैलानो हाइटिस मधुमेह के कारण भी हो सकता है।

Foreskin Panis Not Open, No Eract
कभी-कभी यौन सम्बन्ध नहीं बनाते एवं नामर्दी के शिकार हो जाते हैं (नपुसंका)

Phimosis and Paraphimosis Adult ED
शीघ्रपतन से पीड़ित हो सकते हैं।

Adult Circumcision Buried Penis
व्यस्कों जवान युवाओं की स्कीन पूरी खुल नहीं पाती जिसके कारण यौन सम्बन्ध नहीं बना पाते दर्द होता है और हर समय दर्द बना रहता है जिसके कारण वह मानसिक तनाव से ग्रसित रहते हैं।

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमश: बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरुष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist





रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :



सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान





डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए नि:संकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)






धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता
के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतय: हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202



प्रवेश प्रारम्भ
BIU
BIUCOP BAREILLY
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)



प्रवेश प्रारम्भ
BIU
FOPS BAREILLY
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## 10 हेक्टेयर बढ़ा ड्रैगन फ्रूट की खेती का रकबा

**बरेली, अमृत विचार :** किसानों की जागरूकता के चलते जिले में ड्रैगन फ्रूट की खेती का रकबा पांच से बढ़कर 15 हेक्टेयर हो गया है। 2023 से पहले ड्रैगन फ्रूट का उत्पादन करीब शून्य था।

जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक के अनुसार पहली बार 2023 में शासन की ओर से 2 हेक्टेयर का लक्ष्य मिला था। विभाग की ओर से ड्रैगन फ्रूट की खेती करने के लिए किसानों को जागरूक किया गया। इस साल चार हेक्टेयर लक्ष्य भी बढ़ा दिया गया है। करीब 8 किसान 15 हेक्टेयर में इसकी खेती कर रहे हैं। जिले में ड्रैगन फ्रूट का उत्पादन करीब 10 हजार फल है। प्रति हेक्टेयर पर किसानों को अनुदान दिया जा रहा है।

**शरीर के लिए बेहद फायदेमंद है ड्रैगन फ्रूट**

जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. राहुल वाजपेयी के अनुसार ड्रैगन फ्रूट कई तरह से फायदेमंद होता है। इसमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है। यह शरीर में आयरन की कमी को पूरा करता है। ब्लड शुगर को नियंत्रित करता है।

**कम पानी में होता है ड्रैगन फ्रूट**

जिले में किसानों की ओर से ड्रैगन फ्रूट खेती पौधे और बीज दोनों से की जा रही है। इसकी खेती कम पानी में भी हो सकती है।

## ओवरलोडिंग की क्रॉस चेकिंग के लिए गठित की गईं टीमें

**बरेली, अमृत विचार:** वाहनों की ओवरलोडिंग की क्रास चेकिंग के लिए आरटीओ ने मंडल के चारों जिलों में टीमें गठित कर दी हैं। इसके तहत बरेली में बदायूं और शाहजहांपुर के अधिकारी चेकिंग करेंगे। वहीं जिले के अधिकारी दूसरे जिलों में चेकिंग करेंगे। तीन दिन तक रात 8 से सुबह 6 बजे तक चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

पिछले दिनों सीबीगंज में एक ट्रक चालक से निजी लोगों ने वसूली की कोशिश की थी। निजी लोगों को एआरटीओ का गुर्गा बताया गया था। इसके बाद ही आरटीओ ने मंडल में क्रॉस चेकिंग का निर्णय लिया। क्रॉस चेकिंग के लिए गठित टीमों में बरेली में एआरटीओ बदायूं अम्बरीश कुमार, शाहजहांपुर के यात्रीकर अधिकारी मो. आरिफ खां और बदायूं के यात्रीकर अधिकारी रमेश चंद्र प्रजापति ओवरलोड वाहनों को चेक करेंगे।

आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार रात से चेकिंग शुरू होगी और रोजाना रात 8 से सुबह 6 बजे तक चेकिंग की जाएगी।

# बिजली विभाग में बाकी सभी सुखी, सिर्फ चीफ इंजीनियर और संविदा कर्मी परेशान

## मुख्य अभियंता बोले जिले की स्थिति शर्मनाक, फोन तक नहीं उठाते शहर के जेई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **उधर, संविदा कर्मियों ने भी जेई पर लगाया उत्पीड़न का आरोप कहा- नौकरी छोड़ देंगे**

**अमृत विचार :** गर्मी में बिजली संकट से हर कोई परेशान है। लोग कई-कई घंटे बिजली न आने से परेशान हैं तो संविदा कर्मचारी समय पर मानदेय न मिलने और काम के दबाव से दुखी हैं। कुतुबखाना उपकेंद्र के संविदा कर्मचारियों ने जेई से परेशान होकर नौकरी छोड़ने की चेतावनी दी है। चीफ इंजीनियर भी चिंतित हैं लेकिन विभाग में बाकी सभी सुखी हैं। उन्हें न तो लोगों की और न ही संविदा कर्मचारियों की परेशानी दिखती है। यही नहीं लोगों के फोन तक नहीं उठाते हैं।

गर्मी में बेहतर बिजली मिले इसके लिए करोड़ों रुपये के काम भी कराए गए लेकिन जब गर्मी शुरू हुई तो हालात वही पुराने ही रहे। तीन महीने से लोग बिजली कटौती से परेशान हैं। मुख्यमंत्री, वन मंत्री और जिलाधिकारी की भी अधिकारी नहीं सुनते हैं। विद्युत निगम के मुख्य अभियंता बरेली जोन रणविजय सिंह ने सोमवार को समीक्षा बैठक में जिले के अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जिले की स्थिति काफी शर्मनाक है। उन्होंने फोन न उठाने वाले जेई को सुधार लाने और काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को कार्रवाई की चेतावनी दी है।

बैठक में मुख्य अभियंता ने कहा कि शहरी इलाके में जेई के फोन नहीं उठाने की शिकायतें अधिक आ रही हैं। वहीं असिस्टेंट मीटर रीडिंग में किसी भी क्षेत्र की स्थिति ठीक नहीं मिली। मुख्य अभियंता ने कहा कि इसमें सुधार कर बकाया वसूली बढ़ाई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए उपकेंद्र के भी फोन हमेशा चालू रहें। नए कनेक्शन के लंबित आवेदनों और मीटर लगाने की समीक्षा में भी कमी पाई है।

उन्होंने कहा कि बहेड़ी और आंवला क्षेत्र में सबसे ज्यादा कनेक्शन पेंडिंग हैं। संबंधित एक्सईएन और एसडीओ तीन दिन में समस्या को दूर कराएं। सभी अधिशासी अभियंता और एसडीओ मौजूद रहे।

## सुभाषनगर में बिजली संकट से निपटने के लिए स्टाफ पूरा नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **19 हजार से अधिक कनेक्शन मगर सिर्फ 14 ही कर्मचारी**
- **18 किलोमीटर की लंबी लाइन में पैदल ही देखना होता है फाल्ट**

अमृत विचार : सुभाषनगर क्षेत्र में लगातार बिजली संकट की वजह से उपकेंद्र पर स्टाफ की कमी भी है। स्टाफ कम होने से फाल्ट या अन्य कोई समस्या आने पर इसे दूर करने में दिक्कत होती है। उपकेंद्र क्षेत्र में 19 हजार कनेक्शन पर 14 लाइनमैन और कुली हैं, जबकि जरूरत 28 की है।

सुभाषनगर उपकेंद्र पर पिछले दो महीने में 10 बार बिजली संकट होने पर लोगों ने घेराव किया और जाम लगाया। नौबत यहां तक आई गई कि कर्मचारियों की पिटाई भी कर दी गई। सुभाषनगर उपकेंद्र पर तैनात 14 कर्मचारियों में कुछ की ड्यूटी दिन तो कुछ की रात में रहती है। इसके अलावा कर्मचारी छुट्टी पर भी जाते हैं। लोकल फाल्ट के अलावा अब संविदा कर्मचारियों को असिस्टेंट बिलिंग के लिए भी लगा दिया गया है। इसकी वजह से उनका बिलिंग पर ज्यादा ध्यान रहता है। सुभाषनगर में परसाखेड़ा से 33 केवी की लाइन आती है। इसकी दूरी करीब 18 किलोमीटर है। ऐसे में यदि कहीं फाल्ट होता है तो उसे ठीक करने में काफी समय लगता है, क्योंकि कर्मचारियों को पैदल ही घूमकर फाल्ट देखना होता है।

> संविदा कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के लिए अधिकारियों को बता दिया गया है। स्टाफ कम होने पर फाल्ट ठीक करने में भी दिक्कत होती है। -अभिषेक कपासिया, एसडीओ सुभाषनगर

## आंवला में लिलौर झील किनारे बनेगी विरासत वृक्ष वाटिका

**बरेली, अमृत विचार :** आंवला में लिलौर झील किनारे विरासत वृक्ष वाटिका बनाई जाएगी। सौ साल से पुराने वृक्षों की कलम से तैयार पौधे को रोपा जाएगा।

- **सौ साल पुराने वृक्षों की कलम से तैयार कराई गई पौध**
- **झील किनारे किया जाएगा कलम की पौध का रोपण**

प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भंडारी के अनुसार यह पहला मौका है जब विरासत वृक्षों को इस तरह संजोकर रखने का फैसला लिया गया है। वृक्षों के विरासत के रूप में संरक्षण की परिकल्पना अब से चार साल पहले की गई थी। तीन साल पहले जैव विविधता बोर्ड ने विरासत वृक्ष नाम से कॉफी टेबल बुक का प्रकाशन किया था। जिसमें 29 प्रजातियों के 993 वृक्षों का ब्योरा दिया गया था। इनमें से 948 विरासत वृक्ष सामुदायिक भूमि पर मौजूद हैं।

जिले में कुल 26 विरासत वृक्ष हैं, जिनमें सात बरगद, 17 पीपल, एक गुलर, एक नीम का वृक्ष शामिल है।

इन विरासत वृक्षों की कलम से आंवला के गांव सेंधा स्थित नर्सरी में पौध तैयार की गई है। नर्सरी में 10 अलग-अलग स्थानों पर पौध तैयार कराए जा रहे हैं, ताकि पौधरोपण के समय कोई दिक्कत न आए। दरअसल, शासन की ओर से 11 जिलों में विरासत वाटिका बनाने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें जिला भी शामिल है।

## रोटरी रोहिलखंड के अध्यक्ष संजीव को गवर्नर एक्सीलेंस अवार्ड



**बरेली, अमृत विचार:** रोटरी इंटरनेशनल मंडल 3110 का वार्षिक पुरस्कार समारोह कानपुर के मर्चेंट चैंबर हॉल में हुआ, जिसमें रोटरी रोहिलखंड बरेली के अध्यक्ष संजीव मिश्रा को गवर्नर एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा रोटरी रोहिलखंड बरेली को रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर, सदस्यता सहित नौ श्रेणियों में विशेष कार्य के लिए स्टार क्लब अवार्ड दिया गया। पुरस्कार डीजी डीसी शुक्ला, पीडीजी रवि प्रकाश अग्रवाल, पीडीजी किशोर कटरु और डीजीएन नीरव निमेश ने प्रदान किए। संजय रेक्रिबाल, राजन विद्यार्थी, हिमांशु शर्मा आदि मौजूद रहे।

### चेकिंग अभियान : बैंक शाखाओं में सुरक्षा व्यवस्था को परखा

**बरेली, अमृत विचार** : एसएसपी के निर्देश पर जिले के सीओ और थाना प्रभारी ने सोमवार को बैंक शाखाओं में चेकिंग कर अभियान चलाकर सुरक्षा व्यवस्था को परखा। एटीएम के बाहर घूम रहे संदिग्ध लोगों की तलाशी ली गई।

## कोड़ा शाह बाबा की मजार पर अदा की कुल की रस्म



बरेली रामपुर रोड स्थित दरगाह पर मौजूद अकीदतमंद। • अमृत विचार

- **कई इलाकों से लोग चादर लेकर दरगाह पहुंचे**
- **फनकार आरिफ नियाजी ने रूहानी कलाम पेश किए**

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली-रामपुर रोड पर आनंद विहार कॉलोनी स्थित गौस अली शाह जलाली उर्फ कोड़ा शाह बाबा की दरगाह पर कुल की रस्म अदा की गई। इससे पहले रजा कॉलोनी, सीबीगंज, मथुरापुर, गुलाब नगर, स्वालेनगर, बाकरगंज आदि इलाकों से लोग चादर लेकर दरगाह पर पहुंचे। चादर और गुल पोशी कर दुआ-ए-खैर की। फनकार आरिफ नियाजी ने रूहानी कलाम पेश कर रंग का नजराना पेश किया।


खानकाह-ए-निजामियां के सज्जादानशीन पाशा मियां निजामी ने असर की नमाज के बाद शाम 6:15 बजे कुल की फातिहा पढ़ी और देश में अमन और भाईचारे के लिए दुआ की। सलीम रजा ने सलाम का नजराना पेश किया। खुसरो निजामी नियाजी ने महफिल में आने वालों को लंगर बांटा। मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी के अनुसार बुधवार को दरगाह पर संदल पेश किया जाएगा। उर्स में शिरकत करने वालों में कुर्बान रजा, सैय्यद आरिफ, इसरार नियाजी निजीमी, वसी वारसी, अरबाज खान, मिर्जा शाहाब बेग, डॉ. सरताज हुसैन, शाजेब अली खां, रिजवान नियाजी, चमन मियां नियाजी, शादाब कुरैशी, इब्राहिम निजामी आदि मौजूद रहे।

## आला हजरत ट्रस्ट ने फलस्तीन में भेजी राहत सामग्री

**बरेली, अमृत विचार :** आलाहजरत वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष अब्दुल्ला मियां ने युद्धग्रस्त फलस्तीन के शहर राफा और खान यूनुस में मदद भेजी है। मौलाना अब्दुल्लाह रजा कादरी ( अब्दुल्ला मियां) ने बताया कि बरेली मरकज से जुड़े तमाम छात्र अल अजहर यूनिवर्सिटी मिस्र में तालीम हासिल कर रहे हैं, जिनके जरिये संगठन मदद भेज रहा है। वहां महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए चावल, पानी, बिस्कुट, तेल जैसी राहत सामग्री भेजी गई है। शेख आलीशान खान के अनुसार आलाहजरत वेलफेयर ट्रस्ट की तरफ से इस तरह की मदद लगातार की जा रही है।

# आपातकाल में गिरफ्तार कर प्लायर्स से खींचे गए थे नाखून

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- **भारतीय लोकतंत्र सेनानी समिति के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र अटल ने साझा किए संस्मरण**

**अमृत विचार** : भारतीय लोकतंत्र रक्षक सेनानी समिति के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र कुमार अटल ने सोमवार को आपातकाल से जुड़े संस्मरण साझा किए और बताया कि किस तरह के जुल्म किए गए। उन्होंने बताया कि आपातकाल में गिरफ्तार कर प्लायर्स से उनके हाथों के नाखून खींचे गए थे। यह मंजर देखकर उनके साथी घबरा गए थे, लेकिन उन्होंने मुंह नहीं खोला।

उन्होंने बताया कि 25-26 जून, 1975 की आधी रात में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सत्ता पर काबिज रहने के कारण आपातकाल की घोषणा कर दी। इसी के साथ नागरिक अधिकार, असहमति के विरोध का अधिकार, मुख्य लेखन के साथ ही अखबारों पर सेंसरशिप लालू कर दी गई। 26 जून, 1975 की सुबह तानाशाही अमावस्या की काली अंधेरी रात की तरह छा चुकी थी। लगभग सभी प्रमुख कांग्रेस विरोधी नेताओं को जेल में कैद कर लिया गया था। आपातकाल का विरोध करने वाली मीडिया पर भी दमन का चाबुक बेरहमी के साथ चलाया गया था। उस दौरान न्याय पालिका सत्ताधारी दल को नाखुश करने में संकोच करती दिखाई दी।

12 जून 1975 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस जगमोहन लाल सिन्हा द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के रायबरेली से निर्वाचित हुई सांसद की सदस्यता को खारिज कर दिया गया। इससे पूर्व लोकनायक जयप्रकाश नारायण संपूर्ण क्रांति के आंदोलन में देश के युवा, छात्र, मजदूर, किसान और पत्रकार भी पूरे उत्साह के साथ शामिल हो गए थे, क्योंकि उनकी ओर से शुरू किया गया संघर्ष भ्रष्टाचार के खिलाफ था।

उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर 1975 को जिलाधिकारी और पुलिस के सभी अधिकारियों के निवास, कार्यालय और शहर के थानों के मुख्य द्वार पर तानाशाही के खिलाफ और लोकतंत्र की बहाली के लिए पोस्टर चिपकाए गए थे।

इसकी भनक लगते ही एक साथी की मुखबरी के कारण उन्हें 28 अक्टूबर 1975 को पुराना शहर के सहसवानी टोला स्थित मकान से कोतवाली इंस्पेक्टर हाकिम राय ने गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली में उन्हें साथियों के नाम और पते न बताने पर टार्चर करना शुरू कर दिया। रात्रि में पैरों में रस्सी बांधकर उन्हें उल्टा लटका दिया गया और पैरों के तलवों पर डंडे बरसाना शुरू कर दिए लेकिन उन्होंने साथियों के विषय में कोई जानकारी नहीं दी। 29 अक्टूबर 1975 की सुबह सीओ के कमरे में तत्कालीन डीएम माता प्रसाद के सामने हाथों में हथकड़ी लगाकर पेश किया गया। इंस्पेक्टर को उनका इशारा मिलते ही प्लायर्स मंगवाया गया। एक-एक कर उनके हाथों के नाखून खींच लिए गए। यह सब देखकर उनके साथी घबरा गए और अखिल विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री श्रीनिवास का पता बता दिया।

वीरेंद्र कुमार अटल ने बताया कि आननफानन में उन्हें और एक साथी को सुभाष नगर ले जाया गया। उस दौरान उनके हाथों से खून बह रहा था। इशारों में उन्होंने साथी से कहा कि वह मकान का पता बताएंगे। इस दौरान उन्होंने बूझकर खपरैल नुमा मकान की तरफ इशारा किया और इंस्पेक्टर हाकिम राय उस घर में घुस गए। तलाशी लेने के बावजूद श्रीनिवास वहां नहीं मिले, क्योंकि इस मकान में वह रह ही नहीं रहे थे। उन्हें दोबारा कोतवाली लाया गया। स्व. प्रेम बहादुर सक्सेना एडवोकेट ने उनका मुकदमा लड़ा और लगभग 9 महीने बाद उन्हें बइज्जत बरी करवाया। तीन दिन बाद उनपर मीसा लगा दी गई, लेकिन 1977 में लोकसभा के चुनाव तक पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकी। इतना जरूर हुआ कि मीसा लगने के आठ दिन बाद उनके घर की कुर्की हो गई थी।

सब का मालिक एक है।
दुआ भी तक़दीर बदल सकती है।
समस्या है तो समाधान भी है।
गुरु अजमेरी जी
स्पेशलिस्ट वशीकरण व मुठकरनी
घर में बरकत, कारोबार में परेशानी, गृहक्लेश सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मन चाहा प्यार पति पत्नि में अनबन, विदेश यात्रा, किया कराया उपरी असर, जादू टोना, बीमारी में दवा का ना लगना कोर्ट कचहरी कर्ज मुक्ति, लक्ष्मी बंधन आदि
नोट : अगर किसी का पति, बेटा बेटी किसी के वश में हो तो हमसे मिलें।
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें या मिलें।
धोका नहीं 100% हर समस्याओं का समाधान 9720278984 बरेली

अमृत विचार
सूचना
प्रिय पाठक,
यदि आपका अपना प्रिय अखबार "अमृत विचार" मिलने या शुरू करने में कोई असुविधा हो रही हो तो निम्न नम्बर पर हमें सम्पर्क करें।
मो. : 9149383028, 8171573817
8218557116, 9627606999, 7017495144
9410632807
पढ़ते रहिये "अमृत विचार" सिर्फ ₹ 5/-



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006



प्रवेश प्रारंभ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

सूचना
सूचित किया जाता है कि M/s स्पैरा 239 फाईक एनक्लेव 2, बरेली पंजीयन सं. 121 बी-13927 दिनांक 07.07.2015 को 4 भागीदार थे 1. नाजिश अली 2. मौ. नईम 3.शाहीन जबीं 4. तनवीर नईम जिसमें मौ नईम का निधन हो चुका है। उसके उपरान्त उनका हिस्सा उनकी पत्नी श्रीमती तनवीर नईम को दिया गया था। कुछ समय पश्चात श्रीमती सोफिया सिद्दीकी फर्म की भागीदार बनीं। उसके बाद तनवीर नईम और शाहीन जबी निवृत हो गई। वर्तमान में फर्म में दो भागीदार श्री नाजिश अली पुत्र श्री कैसर सुल्तान एवं श्रीमती सोफिया सिद्दीकी पत्नी श्री नाजिश अली निवासीगण 239 फाईक एनक्लेव फेस 2, बरेली के हैं तथा सभी विधिक औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं। **नाजिश अली - पार्टनर स्पैरा**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट अनुक्रमांक 0597349 वर्ष 2002 एवं BCA VI Semester अनुक्रमांक 170980 वर्ष 2008 वास्तव में कहीं खो गये हैं जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिले हैं। **राहुल गुप्ता पुत्र प्रेम चन्द्र गुप्ता निवासी मो. आन्नद पुरम कालोनी, शाहजहांपुर**

सूचना
मैं अपने पुत्र राहुल और पुत्रवधू वर्षा से उनके असंगत व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में अपने कृत्यों के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। **डाल सिंह पुत्र डिप्टी सिंह 46, आलोक नगर, इज्जतनगर, बरेली**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र देवाषीश नाथ व पुत्रवधु रानी गोस्वामी को गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नही होगा। **पुरूषोत्तम नाथ पुत्र प्रकाशनन्द गोस्वामी निवासी 446, किला छावनी, बरेली।**

Required
Experienced TRAINED
PGT Chemistry, English
Fluent in english
Salary Negotiable
St. Xavier School
Akansha Enclave Near Munshi Nagar, Bareilly
stxc@rediffmail.com

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सैयद फव्वाद अली (Sayed Favvad Ali) से बदलकर सैयद फव्वाद अली (Syed Favvad Ali) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नये नाम से जाना व पहचाना जाये। **सैयद फव्वाद अली (Syed Favvad Ali) पुत्र श्री सैयद मुनव्वर अली (Syed Munavver Ali) निवासी 133, मो. मुनीर खाँ, थाना कोतवाली शहर व जिला पीलीभीत।**

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरा एक ओरिजनल अवंटन पत्र जिसकी दिनांक 26.05.1984 और एक कब्जा पत्र जिसकी दिनांक 14.03.1985 जो कि आवास विकास ने अरून कुमार अग्रवाल के नाम पर किये थे व अन्य कागजात के साथ राजेन्द्र नगर से कचहरी आते समय वास्तव में कहीं खो गये हैं। जिसका प्रयोग पूर्णतया अवैध होगा। यदि किसी को आपत्ति हो तो 15 दिन में सूचित करें। **अमित गुलाटी पुत्र रामेश चन्द्र गुलाटी ए-745, राजेन्द्र नगर, बरेली, उत्तर प्रदेश मो. 9259574904, 9259574904**

आवश्यकता है
प्राचार्य (01) पद (अनुभव 15 वर्ष)
कम्प्यूटर आपरेटर (01) पद
लाइब्रेरियन (01) पद
प्रवक्ता सभी विषयों हेतु
(योग्यता-यूजीसी के मानकानुसार)
इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र समस्त अंक पत्र सह प्रमाण पत्रों के साथ, दो प्रतियों में 15 दिन के अन्दर रजिस्टर्ड डाक द्वारा कॉलेज के निम्न पते पर भेजें।
माहिरा लॉ कॉलेज
बुद्ध बाजार रोड, इतवार नकाशा बिसौली (बदायूँ) पिन-243720
मो. 9412511333, 9412601810
E-mail : mahiralawcollege@gmail.com

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कामिनी देवी पत्नी श्री सतीश कुमार निवासी फतेहगंज पश्चिमी, जिला बरेली जिसका मकान रकबई 150.55 वर्ग मी. स्थित मो. अन्सारी, कस्बा फतेहगंज पश्चिमी, तहसील मीरगंज बरेली का है। उक्त सम्पत्ति के पूर्व मूल बैनामे जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 02.11.77 को वही सं. 01 जिल्द सं. 1870 के पृष्ठ 261-279 क्रमांक 3605 सी.नं. है। मीरगंज से कहीं खो गया है। यदि किसी को मिले तो वह ऐक्सिस बैंक शाखा डी.डी. पुरम में सम्पर्क करें। हम इस सम्पत्ति पर बैंक से लोन ले रहे हैं। यदि किसी को इस सम्पत्ति/घर पर कोई आपत्ति हो तो वह बैंक में सूचित करें। **1. एक्सिस बैंक शाखा-डी.डी. पुरम, बरेली। मो. 8953510841**

## एक नजर

### मेढ़ काटने के विरोध पर दबंग ने किसान को पीटा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** खेत की मेढ़ काटने को लेकर हुए विवाद में दबंग ने किसान की बेरहमी से पीटा। ग्राम दांडा सादात निवासी रियाज अहमद का आरोप है उसके पड़ोसी किसान ने ट्रैक्टर से खेत जोतते समय उसके खेत की मेढ़ काट दी। जिसका विरोध करने पर उसने उसकी पिटाई करने के साथ ही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है।

### रास्ते को काटकर दबंगों ने खेत में मिलाया

**दुनका, अमृत विचार :** दबंगों ने किसान के खेत पर जाने वाले रास्ते को काटकर खेत बना लिया, जिससे उसे परेशानी हो रही है। उसके विरोध पर दबंग झगड़ा करने पर उतारू हो गए। पीड़ित ने एसडीएम मीरगंज को शिकायती पत्र देकर चकमार्ग को खुलवाने की मांग की। एसडीएम ने हल्का लेखपाल को चक मार्ग खुलवाने का आदेश दिया किसान का आरोप है कि लेखपाल और कानूनगो ने चकमार्ग नापने की बात कहकर मामले को टरका दिया। बड़ा बसावनपुर गांव निवासी सेवाराम ने बताया गांव के ही दबंग उसके खेत पर जाने वाले चकमार्ग को काटकर खेत में मिला लिया है, इससे वह खेत में नहीं जा पा रहा है।

### घर से निकला युवक नहीं लौटा, परिजन परेशान

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे के बिजौरिया निवासी भगवत सरन ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका 17 वर्षीय बेटा कार्तिक रविवार को फेरी पर रिछोला किफायतुल्ला गया था। माल देने के बाद उसे किसी का फोन आया और वह चला गया जिसके बाद वह नहीं लौटा। उसकी तलाश वह रिश्तेदारी में कर चुका है पर कोई जानकारी नहीं मिली।

### साप्ताहिक बंदी के दिन भी खुल रही हैं दुकानें

**रिठौरा, अमृत विचार :** कस्बे में साप्ताहिक बंदी के दिन भी कुछ व्यापारी चोरी छिपे दुकानें खोलकर बंदी का हवाला देकर महंगी कीमत पर सामान बेच रहे है। इससे अन्य व्यापारियों में रोष है। वहीं दुकानों पर काम करने वाले लोग भी परेशान हैं, उनसे बंदी के दिन भी काम लिया जा रहा है। यह प्रशासन एवं व्यापार मंडल की अनदेखी से हो रहा है।

### चालक को झपकी आने से खाई में गिरी कार

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के हाईवे पर चालक को आई झपकी की वजह से तेज रफ्तार कार खाई में उतर गई गनीमत रही कोई जन हानि नहीं हुई। पुलिस ने कार को क्रेन की मदद से बाहर निकाला। सोमवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे कार सवार दो लोग शाहजहांपुर से दिल्ली जा रहे थे। एनएच कट से करीब पचास कदम आगे ड्राइवर को नींद की झपकी आने से कार हाईवे पर लगे किमी के पत्थर से टकरा कर नीचे उतर गई गाड़ी में बैठे दोनों लोगों को हल्की चोट आई कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई।

### चचेरे भाइयों ने दी जान से मारने की धमकी

**दुनका, अमृत विचार :** शाही थाना क्षेत्र के गांव बसावनपुर में चचेरे भाइयों ने तहेरे भाई और उसकी विधवा मां को शराब के नशे में गालियां दी। विरोध पर आरोपी झगड़े पर उतारू हो गए। गांव बड़ा बसावनपुर निवासी रजीस ने उसके चचेरे भाई और चाचा आय दिन दरवाजे पर आकर शराब के नशे में गाली देते है। रविवार रात पीड़ित विधवा मां और बच्चों के साथ घर में सोया हुआ था, रात 11:00 आरोपी शराब पीकर आया और दरवाजे लात मारने लगा, आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने सुबह थाने पहुंचकर तहरीर दी।

### योग दिवस पर बंद रहने वाले स्कूलों पर हो कार्रवाई

**देवरनियां, अमृत विचार :** अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी परिषदीय स्कूलों को खोलने के निर्देश थे, मगर दमखोदा ब्लॉक के कई बंद स्कूलों की शिकायत भाजपा नेता ने एक्स के माध्यम से मुख्यमंत्री और बेसिक शिक्षा मंत्री से कर कार्रवाई की मांग की है। भाजपा नेता विपिन गंगवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जिलाधिकारी बरेली और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को शिकायत कर योग दिवस पर बंद रहने वाले स्कूलों की जांच कर कार्रवाई की मांग की गयी है।

### महिला ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** बिशारतगंज निवासी एक महिला ने सोमवार को पिता के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंची और पति व ससुर पर मारपीट और दरिंदगी का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की। पीड़िता ने बताया कि रविवार रात पति ने नशे में उसे पीटकर चारपाई से बांध दिया था सुबह पड़ोसियों ने छुड़ाया था, जिसके बाद उसने थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, पुलिस ने उसे समझाकर पति के साथ भेज दिया था। न्याय नहीं मिलने पर उसने सोमवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई की मांग की।

# चार साल चक्कर काटने के बाद भी अफसर सुनने को तैयार नहीं, पानी की टंकी पर चढ़ा किसान

## जमीन पर दबंगों ने कर लिया है कब्जा, अफसरों ने तत्काल पैमाइश कराने का आश्वासन देकर उतारा

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार :** जमीन पर दबंगों का कब्जा होने से परेशान किसान ने पैमाइश कराने की मांग को लेकर सोमवार को मीरगंज तहसील परिसर में बनी पानी की टंकी पर चढ़ गया। जानकारी होने पर पहुंचे अफसरों ने किसान को समझाकर करीब डेढ़ घंटे बाद टंकी से उतरने के लिए राजी किया।

मीरगंज के गांव मनकरी निवासी हिमांशु शंखधार का आरोप है कि उसकी जमीन पर गांव के ही भूमाफिया ने कब्जा कर लिया है। वह चार साल से अधिकारियों से जमीन की पैमाइश कराकर कब्जा मुक्त कराने की मांग कर रहा हैं। इससे दुखी होकर वह सोमवार सुबह करीब सवा दस बजे मीरगंज तहसील पहुंचा और आत्महत्या करने के इरादे से पानी की टंकी पर चढ़ गया। करीब पौने बारह बजे


टंकी पर चढ़कर बैठा किसान।

तहसीलदार विशाल कुमार शर्मा, नायब तहसीलदार नम्रता मिश्रा ने किसान को समझाकर नीचे उतारा।

**तहसील के अफसर मौके पर पहुंचे :** हिमांशु तहसील परिसर में स्थित पानी की टंकी के ऊपर चढ़ गया। यह देखकर परिसर में मौजूद लोगों में खलबली मच गई। जानकारी मिलते ही मीरगंज थाना पुलिस, नायब तहसीलदार नम्रता मिश्रा एवं तहसीलदार विशाल कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे। अफसरों ने हिमांशु को नीचे उतारने का प्रयास किया, लेकिन वह समस्या का समाधान करने की मांग करने लगा। तहसील के अफसरों ने उसे कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके


कानूनगो और लेखपाल गांव पहुंचकर पैमाइश करते हुए। ● अमृत विचार

● **कटान की वजह से किसानों की जमीन हो जाती है कम**

बाद वह नीचे उतरा। एसडीएम देश दीपक सिंह ने बताया कि दो नदियां आपस में मिलती हैं वहां पर जमीन की ओवरलैपिंग होने के कारण कुछ किसानों के बीच में आपसी समस्या थी पूर्व में इसकी पैमाइश कराई गई थी निराकरण का प्रयास किया गया था लेकिन ओवरलैपिंग की वजह से संभव नहीं हो पाया था। किसान टंकी पर चढ़ गया। जानकारी होने पर किसान की समस्या के निराकरण को कानूनगो हरद्वारी लाल, लेखपाल आदित्य, आलोक चौधरी प्रेमराज को पैमाइश के लिए तुरंत भेजा।

### कई बार तहसील में धरना दे चुके हैं किसान

तहसील पहुंचे किसान लक्ष्मण प्रसाद निवासी ग्राम मनकरी ने बताया कि जमीन की पैमाइश के लिए 2020 से प्रार्थना पत्र दे रहे थे। गत वर्ष तहसील परिसर में दो -तीन बार भूख हड़ताल भी की थी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। आधे गांव की जमीन को भूमाफिया जोते हुए हैं। आरोप हैं कि तहसील के लोग कभी बरसात का इंतजार करने, कभी गन्ने की फसल खड़ी होने की बात कहकर टाल मटोल करते हैं। किसान कमल ने बताया कि गांव मनकरी में करीब तीन सौ बीघा जमीन पर भूमाफिया ने कब्जा कर लिया है। हिमांशु के परिवार की करीब 90 बीघा जमीन पर भूमाफिया का कब्जा है।

# चौबारी गांव में खूनी संघर्ष के बाद माहौल तनावपूर्ण

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** चौबारी में रविवार को दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष के बाद गांव में तनाव का माहौल है। गांव में कोई अन्य विवाद न हो, इसके मद्देनजर गांव में पीएसी के साथ पुलिस बल तैनात किया गया है। रंजिशन अनुसूचित जाति और क्षत्रिय समाज के दो पक्षों में रविवार को मारपीट हुई थी।

दोनों पक्षों के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। दोनों पक्षों की ओर से कैंट थाने में तहरीर दी गई थी। अनुसूचित जाति के ओमप्रकाश की तरफ से क्षत्रिय समाज के छह लोगों पर एससी-एसटी एक्ट व अन्य कई

● **गांव में पीएसी के साथ पुलिस फोर्स तैनात**

संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया। कैंट पुलिस ने ठाकुर शिशुपाल सिंह की तरफ से भी देर रात दूसरे पक्ष के हीरालाल, गुड्डू, ओमप्रकाश व एक अज्ञात समेत चार लोगों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। गांव में तनातनी के माहौल को देखते हुए पुलिस बल व पीएसी तैनात की गई है। सोमवार को सीओ सिटी प्रथम पंकज श्रीवास्तव ने चौबारी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पंचायत घर में सीओ ने एक पक्ष के सैकड़ों लोगों साथ बैठक कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

# बाइक -नकदी के लिए महिला को पीटा

संवाददाता, मानपुर

**अमृत विचार :** ससुरालियों ने बाइक और नकदी के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करके घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पति समेत आठ ससुरालियों पर केस दर्ज कराई । मोहल्ला साहूकारा निवासी खुशबू ने बताया कि उसकी शादी 2015 में थाना मीरगंज के गांव गुलड़िया निवासी रामपाल से हुई थी।

ससुराल वाले कम दहेज को लेकर आए दिन उसे प्रताड़ित करते थे। पति एक लाख रुपए और बाइक के लिए उसे पीटता था, ससुराल वाले भी उसका साथ देते थे। महिला ने आरोप लगाया कि पति कर्ज लेकर घर से भग जाता है, इसके साथ ही उसका देवर उस पर

● **महिला ने पति समेत आठ लोगों पर दर्ज कराई रिपोर्ट**

गंदी नजर रखता हैं। 21 मार्च को उसके पति ने मायके छोड़ दिया। 30 मार्च को वह अपने घर वालों के साथ उसके मायके आया। मां ने उसके पति से उसे घर ले जाने के लिए कहा तो वह आग बबूला हो गया और बोला बिना मांग पूरी किए अगर घर आई तो जान से मार देंगे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आठ पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पति ने की दूसरी शादी, विरोध पर की मारपीट

देवरनियां, अमृत विचार : देवरनियां के एक गांव निवासी महिला ने ससुरालियों पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि उसके पति ने दूसरी शादी कर ली, जब उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की। उसे मायके से दस लाख रुपये लाने के लिए दबाव डाला गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके नाम से धोखे से ढाई लाख का लोन भी पति ने निकाल लिया है। उसके जेवर और मोबाइल भी छीन लिए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति नासिर अंसारी समेत मो. यासीन अंसारी, नत्थू अंसारी, मो. ताहिर अंसारी, मो. मोबीन अंसारी, बच्चा मियां, अनवर हुसैन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह धामा का कहना है कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जल्दी ही गिरफ्तारी होगी।

# भीम आर्मी ने घायल के इलाज की मांग को लेकर किया प्रदर्शन


धरना प्रदर्शन करते भीम आर्मी के सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार :** बेटी से छेड़खानी के विरोध पर दबंगों ने उसके पिता की पिटाई कर डाली जो तीन सप्ताह से अस्पताल में भर्ती है। शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने पर भीम आर्मी ने नगर में मार्च करने के बाद तहसील पहुंचकर धरने पर बैठने के बाद तहसील में एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को देने के साथ ही घायल का इलाज कराने के साथ ही पांच लाख की आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की है।

हाफिजगंज के ग्राम निरंदापुर के एक ग्रामीण की बेटी से मेले में गांव के ही कुछ लोगों ने छेड़खानी की थी। आरोप है कि इसकी शिकायत करने पर इन दबंगों ने युवती के पिता की

● **बेटी से छेड़खानी के विरोध में दबंगों ने की थी पिटाई**

बेरहमी से पिटाई कर दी । जिसमें वह गम्भीर घायल हो गया था। 6 जून को हुई इस घटना के विरोध में आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट भी दर्ज हो गई, लेकिन अभी तक घायल की सुध लेने तक कोई नहीं पहुंचा है, जबकि गरीबी के कारण घायल का सही से इलाज नहीं हो पा रहा है। भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तहसील संयोजक सुरजीत गौतम के नेतृत्व में संगठन के लोगों ने पहले नगर में पैदल मार्च निकालने के बाद तहसील परिसर में धरने पर बैठे और एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार व सीओ हर्ष मोदी को मांग पत्र देकर आहत को पांच लाख की आर्थिक सहायता व इलाज कराए जाने की मांग की है।

### दो लाख नकदी और प्लॉट नाम न कराने के विरोध पर महिला को पीटा

**कैंट, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र की नकटिया स्थित राजीव कॉलोनी निवासी लक्ष्मी शर्मा ने बताया कि उसकी शादी 2021 को बदायूं के मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव सजैनी निवासी मयंक मिश्रा से हुई थी। शादी के बाद से ही पति के साथ नकटिया स्थित राजीव कॉलोनी में ही रहती है। शादी होने के बाद ससुराल वाले कम दहेज का ताना देकर प्रताड़ित करने लगे। 2 लाख नकद की मांग और महिला के नाम का प्लॉट अपने नाम करने का दबाव बनाने लगे। मना करने पर पति मयंक मिश्रा, सास विमलेश, पति का भाई शशांक मिश्रा ने 21 जून को एक राय होकर महिला के साथ लाठी डंडों से मारपीट की। तथा जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया।

### घर में घुसकर महिला और उसके बेटे को पीटा

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव हरहरपुर मटकली के अनुसूचित जाति के रमेश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गांव में हुए एक धार्मिक कार्यक्रम में चंदा न देने से गांव का दबंग उससे रंजिश मानने लगा। आरोप है कि रविवार को वह खेत पर गया था घर पर बेटा और मंदबुद्धि पत्नी थी। इसी दौरान दबंग साथियों के साथ लाठी डंडे लेकर घर में घुस आया और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली देने लगा। विरोध करने पर बेटे और पत्नी को जमकर पीटा।

# किसान संगठन ने धरना स्थगित कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (शंकर) की ओर से बीते दिनों दिए गए ज्ञापन पर कार्रवाई न होने पर धरना प्रदर्शन करने की तैयारी थी। इसी दौरान एसडीएम ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन देकर धरना स्थगित करा दिया। संगठन ने एसडीएम आंवला नहने राम को पुनः ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की।

संगठन जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह के नेतृत्व में किसान तहसील कार्यालय पहुंचे और पूर्व में दिए गये ज्ञापन में कार्यवाही की जानकारी ली। परंतु कार्रवाई न हो पाने पर किसानों ने धरना प्रदर्शन करने के लिए तैयारियां शुरू कर दीं। इसी बीच एसडीएम ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन देकर धरना स्थगित करा दिया। किसानों ने बताया कि भूतेश्वर मंदिर से मोहब्बत गंज गौंटिया तक बने नाले पर अतिक्रमण है। इफको भूदाताओं को रोजगार दिलवाने आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपे गए थे। उन मांगों में उन्हें कार्रवाई की कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस दौरान प्रताप सिंह, कल्याण सिंह, तेजपाल, वीरेंद्र कुमार, तनुज कुमार, विजेंद्र कुमार, महेश, पवन कुमार, ओमप्रकाश, धीर सिंह, प्रेमपाल आदि मौजूद रहे।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर हुई बैठक

**शेरगढ़, अमृत विचार :** 1 जुलाई से आरंभ होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान की सफलता को लेकर एडीओ पंचायत राजीव शर्मा की अध्यक्षता में ब्लॉक मुख्यालय सभागार में जागरूकता बैठकहुई, जिसमें ब्लॉक के पंचायत सफाई कर्मियों को गांव-गांव स्वच्छता अभियान चलाकर गांवों की गलियों को गंदगी मुक्त करने का मंत्र दिया गया। इस दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ लेते हुए गांवों को गंदगी विहीन बनाने का संकल्प लिया। सोमवार को ब्लॉक मुख्यालय सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत आयोजित जागरूकता बैठक में एडीओ पंचायत राजीव शर्मा ने ब्लॉक के पंचायत सफाई कर्मियों को गांवों को गंदगी मुक्त करने का पाठ पढ़ाया। इस मौके पर स्वास्थ्य कर्मी अश्वनी कुमार गौतम, खंड प्रेरक प्रेम प्रकाश शर्मा, नत्थूलाल सागर, धर्मेंद्र कुमार मौर्य, रोहित कुमार आदि समेत सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

**अनदेखी** | नई पाइप लाइन बिछाने के लिए पुरानी को पहुंचाया नुकसान, बढ़ी पेयजल समस्या

# चार माह से वार्ड चार के लोग पानी के लिए परेशान

संवाददाता, बिशारतगंज

**अमृत विचार :** बिशारतगंज में जलनिगम ने नई पाइपलाइन बिछाने के लिए गलियों की खोदाई की कही पाइप लाइन डाल दी गई है तो कही अभी डाली जानी हैं। इस वजह से वार्ड नंबर चार की पुरानी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई, चार माह से लोग पानी के लिए परेशान हो रहे। हैंडपंप या निजी बोर से पानी लाकर प्यास बुझा रहे हैं।

सोमवार को नगर के व्यापार मंडल संरक्षक रामरतन साहू ने व्हाट्सएप से डीएम से की शिकायत कर बताया कि बिशारतगंज में जल निगम की ओर से ओवरहेड टैंक बनाया गया है। एक साल से पाइपलाइन डालने


पाइप लाइन बिछाने को खोदी गई गली।

का कार्य चल रहा है।ठेकेदार ने कस्बे की सभी गलियां खोद डाली है, कुछ में पाइपलाइन बिछ गई है कुछ में नहीं।

इस वजह से नगर के कुछ हिस्सों में पानी की सप्लाई नहीं पहुंचने से लोग बेहद परेशानी से गुजर रहे हैं। वहीं गलियों में पड़े ईंट पत्थर लोगों के लिए मुसीबत का सबब बने हुए हैं, कहीं जलभराव की स्थिति बन गई है। कस्बे के वार्ड 4 के दिलशाद, उमर अली, इम्तियाज, भुवनेश, श्रीपाल, नेकशु आदि ने बताया कि उनके वार्ड में पिछले चार माह से पानी की सप्लाई नहीं आ रही है।

मोहल्ले में कई महीनों से पानी नहीं आ रहा है, जिसकी शिकायत नगर पंचायत में दी जा चुकी है, किंतु अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है इस भीषण गर्मी में हालत खराब हैं। **-विक्की** अंसारी वार्ड 4

पाइप लाइन टूटने की वजह से लोगों को में पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में पानी की किल्लत को दूर करने जनप्रतिनिधियों को भी सामने आना चाहिए।- **-मोहिद**, वार्ड 4

ठेकेदार ने नगर की गलियां खोदकर छोड़ दी गई हैं, जिनकी मरम्मत नहीं की गई है। जिस कारण जल भराव की स्थिति बनी हुई है जो दीवारों में बैठकर मकान को हानि पहुंचा रही है। **- सुरेश**, वार्ड 6

वार्ड नंबर 4 में काम चल रहा है बहुत जल्द सप्लाई पहुंच जाएगी- ठेकेदार के बिल पेंडिंग है जिस कारण गलियों में मरम्मत कार्य रुका हुआ है, बहुत जल्द समस्या का समाधान हो जाएगा। **-प्रदीप कुमार**, सहायक अभियंता जल निगम

नगर में जल निगम का कार्य चल रहा है, जिस कारण नगर वासियों को हो रही परेशानियों के मामले में विभागीय अधिकारियों से बात कर जल्द समस्या का समाधान कराया जाएगा।
**-मोहम्मद ताज उर्फ लाल मियां कुरैशी** चेयरमैन बिशारतगंज

### विवाद के रिश्ते की भाभी को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**दुनका, अमृत विचार :** एक युवक की भाभी का पड़ोसी महिला से किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जानकारी होने पर उसने पहुंचकर उस महिला से मारपीट की, पीड़िता ने आरोपी समेत चार लोगों पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई ।आरोपी भाजपा से जुड़ा हुआ हैं। गांधीनगर निवासी प्रदीप मौर्या की भाभी सभासद हैं, पड़ोस में रिश्ते की भाभी मीना देवी रहती हैं। रविवार रात करीब 11:45 बजे मामूली बात को लेकर भाजपा नेता की भाभी से कहासुनी हो गई, उसने पहुंचकर गालियां दी, विरोध करने पर परिवार के विक्की मौर्य, राधा, चंचल लाठी डंडे लेकर आ गए और उसे पीटने लगे। इसी बीच उसके देवर और ससुर पीतम राम मौर्य बचाने आए तो उन्हें भी मारापीटा, इतना ही नहीं परिवार को जान से मारने की धमकी दी, शोर शराब सुनकर आसपास के लोगों ने उन्हें बचाया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर प्रदीप मौर्या, समेत अन्य आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## सार-संक्षेप

### अभियान चलाकर 16 वाहनों के चालान काटे

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों पर लगे हूटर और सायरन हटवाए। इस दौरान 16 वाहनों का चालान भी किया गया। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने टीम के साथ कस्बे के मुख्य बाजार और लोधी नगर चौराहा धनेटा चौराहा पर दो और चार पहिया वाहनों को चेक किया। इस दौरान 16 वाहनों के चालान किए। सात वाहनों से हूटर उतरवाकर चालान किया गया। इसके बाद पुलिस ने बैंकों के आसपास और परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों को चेक किया गया। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी चेक किया, बैंक ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सतर्क रहते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### चोरी के आरोप में नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

**बहेड़ी, अमृत विचार :** नाबालिग बेटे को घर पर छोड़कर भागवत सुनने गई गांव ट्यूला निवासी कमलेश पत्नी वेद प्रकाश मौर्य के घर से गांव के ही दो युवक 80 हजार रुपये और जेवर चोरी कर ले गए थे। इस मामले में पुलिस ने नाबालिग समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की रकम से खरीदे गए दो मोबाइल फोन और 2450 रुपये भी बरामद हुए हैं। पसमांदा समाज के नेता नइम अहमद ने सीओ अरूण कुमार सिंह से इस मामले में पैरवी करने के बाद मुकदमा लिखा गया और दोपहर में ही मुखबिर की सूचना के आधार पर मुख्य आरोपी सनी शर्मा और एक बाल अपचारी को मोहम्मदपुर चौराहे के निकट गिरफ्तार कर लिया। दोनों 80 हजार के बजाय 70 हजार चोरी करने की बात कबूली है। साथ ही जेवरात के बारे में कुछ नहीं कहा।

### राष्ट्रीय बजरंग दल ने मनाया स्थापना दिवस



**आंवला, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल के छह साल पूर्ण होने पर पदाधिकारियों ने स्थापना दिवस मनाया। संगठन की ओर से विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कर नगर में शोभायात्रा निकाली गई ।शोभायात्रा का आरंभ नगर के शिशु मंदिर स्कूल से हुआ। यात्रा से पूर्व पदाधिकारियों ने तहसील के गांव मनौना, ढकौरा, और लभारी में पौधरोपण किया। इस दौरान संगठन प्रांत महामंत्री सुनील गुप्ता, अनुपम शंखधार, पवन हिंदू, हिमांशु सोलंकी, अवधेश मौर्य, रोहित शर्मा, किशन सिंह चौहान, शिवम, अनिल सिंह राठौर, सर्वेश, अमरजीत श्रीवास्तव, रोहतास राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

### नशे में युवक ने पत्नी को पीटा, ससुर ने बचाया

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** शराब के नशे में युवक ने पत्नी को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा, उसकी हत्या करने की कोशिश की। शोर सुनकर ससुर ने बहु को बचाया। महिला ने अपने पिता के साथ थाने पहुंचकर पति के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पीलीभीत के गांव गुलड़िया जाफरपुर के डोरी लाल ने बेटी हेमवती की शादी 5 साल पहले थाना क्योलडिया के गांव केलाडाडी निवासी अनिल से की थी। शादी के बाद से अनिल शराब पीकर उसकी बेटी को पीटने लगा। परेशान होकर दो साल तक वह मायके में रह रही थी। समझौते के बाद उन्होंने बेटी को दामाद के साथ ससुराल भेज दिया। रविवार को पति ने शराब पीकर उसे पीटकर मारने की कोशिश की। हालांकि ससुर ने पहुंचकर उसे बचाया ।इसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर पति के खिलाफ तहरीर दी।

### सड़क के किनारे अचेत मिले वृद्ध की मौत

**भुता, अमृत विचार :** पुलिस ने भुता तिराहा के पास से मिले बुजुर्ग ( 70 ) को अचेतावस्था में एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है, वृद्ध की शिनाख्त नहीं हो पाई। सोमवार शाम 4:00 बजे सूचना पर भुता पुलिस ने भुता फरीदपुर जाने वाले मार्ग तिराहा के पास पड़े बुजुर्ग को अचेतावस्था में उठाकर अस्पताल भेजा, जहां उसकी मौत हो गई ।मृतक बुजुर्ग के जेब से एक मोबाइल मिला, जो की चार्ज नहीं है। शरीर पर चोट आदि के कोई निशान भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। गंदे फटे पुराने कपड़े पहने हुए हैं। थाना अध्यक्ष सतीश कुमार का कहना है कि शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद ही बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा, उसके बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### सरकारी भूमि पर लगे पेड़ों को कटवाने की कोशिश

**मानपुर, अमृत विचार :** मानपुर थाना क्षेत्र के गांव कुतकपुर के प्रधान ने बताया कि गांव जगत निवासी ढाकन लाल ने तालाबों के पट्टे करा रखे हैं जिनमें बह मछली पालन करता है। इसके साथ ही तालाब के चारों ओर खड़े पेड़ को उसने दो दिन पहले बिना परमिशन के ही कटवा रहा था, जिसे उन्होंने रुकवा दिया था। इससे पहले भी वह कई बार लकड़ी कटवाने की कोशिश कर चुका है, लेकिन उन्होंने अधिकारियों की सूचना देकर रुकवा दिया है। प्रधान ने बताया कि पट्टे सिर्फ मछली पालन के लिए हुए हैं, वह सिर्फ मछली पालन ही कर सकता है ।

### एसपी देहात उत्तरी ने किया थाने का निरीक्षण



**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** एसपी देहात उत्तरी ने सोमवार को थाना फतेहगंज पश्चिमी का वार्षिक निरीक्षण किया। सलामी के बाद उन्होंने थाना परिसर का भ्रमण कर साफ सफाई को देखा गया। भोजनालय और कर्मचारियों के लिए बने शौचालय और पेयजल की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। थाने के बाहर खड़े वाहनों के बारे में जानकारी की गई कि कौन सा वाहन किस मुकदमे में या किस प्रकरण में परिसर में खड़ा है। खड़े वाहनों के संबंध में निर्देशित किया गया कि इनको तरतीब से खड़ा कर कर इनका निस्तारण न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर करा लिया जाए।

### राशन कार्ड बनवाने एक साल से महिला परेशान

**आंवला, अमृत विचार :** एक महिला राशन कार्ड बनवाने के लिए करीब एक वर्ष से कार्यालयों के चक्कर काट रही है। परंतु विभाग ने उसका राशन कार्ड नहीं बनाया। महिला ने खंड विकास अधिकारी रामनगर कार्यालय में प्रार्थना पत्र सौंपकर राशन कार्ड बनवाने की पुन: गुहार लगाई है। गोठा खंडुआ गांव निवासी वेद प्रकाश की पत्नी निशा ने बताया कि राशनकार्ड बनवाने के लिए वह बीते एक वर्ष से कई बार आनलाइन आवेदन कर चुकी है। ब्लॉक और तहसील स्थित पूर्ति निरीक्षक कार्यालय के चक्कर काट चुकी है। ऑनलाइन शिकायत करने पर पूर्ति कार्यालय ने निस्तारण के नाम पर राशन कार्ड बना देने का आश्वासन दिया था। परंतु राशनकार्ड नहीं बनाया। महिला ने बीडीओ रामनगर कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर राशन कार्ड बनवाने की गुहार लगाई है।

### खस्ताहाल सड़क के निर्माण की मांग

**देवरनियां, अमृत विचार :** देवरनियां के गांव अमृता निवासी लंबे समय से जर्जर हाल में पड़े दो रास्तों से परेशान हैं। ग्रामीणों ने खस्ताहाल सड़कों के निर्माण कराने की मांग की है। है। अमृता गांव की आबादी छह हजार से ऊपर है । मगर गांव में हरनाम सिंह से गंगाराम के घर तक 160 मीटर और प्रेमशंकर मौर्य के मकान से प्राथमिक विद्यालय तक जाने वाला 160 मीटर रास्ता लंबे समय से बदहाल है, जिस वजह से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। ग्रामीणों ने कई बार सीसी रोड निर्माण कराने की मांग कर चुके हैं। ग्रामीणों ने ब्लाक प्रमुख को पत्र लिखकर दोनों रास्तों पर सीसी रोड बनवाने की मांग की है।

### शिव मंदिर पर हुए भंडारे में भक्तों ने लिया प्रसाद

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** भोलापुर गांव में शिव मंदिर पर हुए भंडारे में भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। ग्राम भोलापुर शिव मंदिर के पुजारी महंत बाबा रामकृष्ण दास ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से शिव मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। सोमवार को भंडारा दोपहर 12 बजे से शुरू होकर प्रभु इच्छा तक देर रात तक चला। इस मौके पर प्रधान महावीर दिवाकर, कपिल गंगवार, नरेश ऐरन, महेंद्र लोधी, सत्य प्रकाश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, संजय चौहान, डॉक्टर मुदित प्रताप सिंह, सभासद प्रदीप गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष आशीष अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

### भमोरा में अपहरण की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**भमोरा, अमृत विचार :** फोन से युवक के अपहरण की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम बताए हुए स्थान पर पहुंची तो मामला लेनदेन का निकला ।टीम ने पुरी जानकारी लेने के बाद वापस लौटी। सोमवार देर शाम बरेली निवासी अतुल तिवारी ने डायल 112 पुलिस को फोन कर बताया कि मेरा एक साथी विशाल उर्फ जमुना प्रसाद निवासी मुड़िया अहमदनगर का चांडपुर में अपहरण हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विशाल की लोकेशन निकाली तो चाड़पुर निवासी अंकुर मिश्रा के घर की आई पुलिस ने विशाल से जानकारी लिए तो विशाल ने बताया मेरा कोई अपहरण नहीं हुआ था, मैं अपनी एक कार लेने यहां आया था मेरे साथी ने पुलिस को गलत सूचना दी।

न ह्रश्यत्यात्मसम्माने नावमानेन तप्यते।
गंगो ह्रद इवाक्षोभ्यो य : स पंडित उच्यते।।

जो अपना आदर–सम्मान होने पर ख़ुशी से फूल नहीं उठता, और अनादर होने पर क्रोधित नहीं होता तथा गंगाजी के कुण्ड के समान जिसका मन अशांत नहीं होता, वह ज्ञानी कहलाता है।।

## संपादकीय

# विपक्ष की एकजुटता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अठारहवीं लोकसभा की पहली बैठक की शुरुआत में कामकाज को लेकर स्पष्ट कर दिया कि उनकी सरकार सहमति के साथ चलने का प्रयास करेगी। देश जिम्मेदार विपक्ष चाहता है और देश की जनता विपक्ष से नखरे, ड्रामा, नारेबाजी और व्यवधान की जगह ठोस काम और संसद की गरिमा बनाए रखने की उम्मीद करती है। वहीं 'इंडिया' गठबंधन के सांसदों ने एकजुटता दिखाकर साबित कर दिया कि विपक्ष इस बार लोकसभा में अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में है। विपक्षी गठबंधन के कई घटक दलों के नेता संविधान की प्रति लेकर सदन में पहुंचे। गौरतलब है कि आठ कार्य दिवसों के छोटे सत्र में पहले दो दिन नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाने, उसके बाद लोकसभाध्यक्ष का चुनाव, राष्ट्रपति द्वारा दोनों सदनों को संयुक्त संबोधन और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शामिल है। इस छोटे सत्र में प्रधानमंत्री मोदी पर अनेक मुद्दों को लेकर विपक्ष के हमले होने तय हैं। विपक्ष कितना आक्रामक हो सकता है, इसका इशारा राहुल गांधी ने यह कहकर दे दिया है कि कांग्रेस देश की जनता के समर्थन से किसी भी कीमत पर संविधान की रक्षा करेगी। साथ ही विपक्ष ने आपातकाल वाले बयान को लेकर प्रधानमंत्री पर निशाना साधा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 50 साल पहले के आपातकाल का जिक्र किया, लेकिन पिछले 10 वर्षों के उस अघोषित आपातकाल को भूल गए जिसका जनता ने इस लोकसभा चुनाव में अंत कर दिया है। भाजपा की संख्या अभी भी कांग्रेस से दोगुनी से अधिक है, लेकिन सत्तारूढ़ दल पूर्ण बहुमत से दूर है। इस बार दो दलों के समर्थन पर टिकी सरकार को जहां एक ओर बहुत मजबूत व संयुक्त विपक्ष (इंडिया) का सामना करना होगा, वहीं उनके अपने सहयोगी दलों का भी दबाव होगा।

नए सदन में कांग्रेस की शक्ति लगभग दोगुनी हो गई है। इंडिया की सदस्य संख्या भी इतनी है कि सरकार विपक्ष की उपेक्षा नहीं कर पाएगी। खासतौर पर संवेदनशील मसलों पर। 2014 के बाद पहली बार कांग्रेस आधिकारिक तौर पर नेता पद का दावा करने के लिए पात्र होगी। नई लोकसभा में सरकार का एजेंडा 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की साझा बैठक में स्पष्ट करेंगी। उसके बाद 1 जुलाई को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सदन में चर्चा की जाएगी और 2 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण को लेकर अपना जवाब देंगे। नई लोकसभा में वह प्रधानमंत्री का पहला संबोधन होगा। जाहिर है अगर विपक्ष चुनाव पूर्व हुए गठबंधन को बरकरार रखने में कामयाब रहता है तो वह महत्वपूर्ण सवाल खड़े करने की स्थिति में होगा। यह संसदीय लोकतंत्र के लिए बेहतर होगा।

# अतीत से बोझा नहीं जीवन की ऊर्जा लेनी है



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> व्यक्ति है तो व्यक्ति हित भी अस्वाभाविक नहीं है। क्या इस मतभेद का कारण सत्ता का दखल, सत्ता का दबाव, प्रलोभन और पुरस्कार है? क्या यही कारण है कि सत्ता बदलती है तो सत्ता का इतिहास भी बदलने लगता है। सिंहासन बदला तो इतिहास भी बदलने लगता है? क्या इतिहास सत्ता का मुखापेक्षी है? क्या इतिहासकार सत्ताप्रार्थी है?

लोकजीवन में घटनाएं घटती हैं और अपने चिह्न सामूहिक-स्मृतियों में छोड़ जाती हैं, समष्टिस्मृति की वाचिक-परंपरा बहती रहती है। समय की गति के साथ स्मृतियों में अभिप्राय (मोटिफ) ढलते रहते हैं। समसामयिक इतिहास भी है, क्योंकि बीते हुए कल में से आज निकला है, आज में से आने वाला कल निकलेगा। यही जीवन की निरंतरता है। जीवन में स्मृतियों की भूमिका निर्णायक होती है। स्मृतियां जीवन के साथ चलती हैं, व्यक्ति से व्यक्ति मे, व्यक्ति से समूह में, एक समूह से दूसरे समूह में, एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में चलती रहती हैं। देश-काल में संक्रमण करती रहती हैं। श्रुति-स्मृति की परंपरा।

यह बात दूसरी है कि इस चला-चली में संदर्भ बदलते हैं, परिस्थितियां बदलती हैं और इस अदल बदल में अनेक विसंगतियां, विस्मृतियां, विकृतियां, प्रक्षेप और अन्य दोष भी आते रहते हैं जैसे एक व्यक्तित्व पर दूसरे व्यक्तित्व का अध्यारोप और चमत्कार। लोकमेधा यथावसर उनका परिहार और परिष्कार भी करती है। जगत सेठ रामजी दास गुड़वाले स्वतंत्रता-संग्राम के पहले शहीद थे। उन्हें अंग्रेजों ने धोखे से पकड़ा, उन पर शिकारी कुत्ते छुड़वाये और फिर चांदनी चौक की कोतवाली के सामने फांसी पर लटका दिया था यह कहानी दिल्ली की लोककथा ही तो है। यदि आपके इतिहास में यह कहानी नहीं है तो आपके इतिहास को अधूरा क्यों न कहा जाय? बुन्देले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी। लोकमन अपनी मान्यता और विश्वास के लिए कहानी गढ़ लेता है।

बादशाह अकबर ने तानसेन से पूछा-क्या तुमसे भी अच्छा गाने वाला कोई है? तानसेन बोला-जहांपनाह, मैं क्या हूं, जो मेरे गुरु स्वामी हरिदासजी हैं? उनको बुलवाओ, बादशाह ने कहा। जहांपनाह, वे तो अकिंचन हैं, उन्हें दरबार से क्या लेना? बादशाह तडप उठा, ठीक है, तो हम ही निधिवन चलेंगे। तानसेन बोला-बादशाह बन कर चलेंगे तो संगीत सुनने को नहीं मिलेगा। वे तो अपने आराध्य के रस में डूबे हैं। बादशाह आम आदमी बन कर तानसेन के पीछे-पीछे निधिवन पंहुचा। जब गायन सुन कर लौटा तो बोला-तानसेन, तुम ऐसा क्यों नहीं गा सकते? तानसेन ने कहा, मालिक। मैं आपको खुश करने को गाता हूं, मेरे मन में लालच है, वे क्षुद्र वासनाओं से ऊपर जा चुके हैं, वे बादशाहों के बादशाह के गायक हैं।

> एक बात तो यह है कि वर्तमान से लोगों का ध्यान बहक कर इतिहास में चला जाता है, एक जाति, वर्ग, समुदाय यह समझने लग जाता है कि मेरे दु:खों का कारण दूसरी जाति, वर्ग या समुदाय है, इसे खत्म करो। वह इतिहास बदला लेने के लिए उकसाता है।

इतिहासकार घटनाओं की पूर्वापरता को महत्त्वपूर्ण बतलाते हैं और इसके लिए वे पुरातात्त्विक और लिखित -साक्ष्य को प्रामाणिक मानते हैं, यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण है और इसमें किसी का मतभेद नहीं हो सकता। परन्तु इस वैज्ञानिक तथ्य के बावजूद क्या कारण है कि किसी भी युग और सत्ता की प्रवृत्तियों को लेकर उन इतिहासकारों के परस्पर मतभेद हैं? शायद ही कुछ ऐतिहासिक तथ्य हों, जिनमें वे एकमत हों। क्या इसका कारण यह है कि इतिहास-लेखन व्यक्ति स्तर पर किया जाता है और यदि इतिहासकार सामूहिकता से ओतप्रोत नहीं है तो व्यक्तिहित का भाव अस्वाभाविक नहीं माना जा सकता। व्यक्ति है तो व्यक्ति हित भी अस्वाभाविक नहीं है। क्या इस मतभेद का कारण सत्ता का दखल, सत्ता का दबाव, प्रलोभन और पुरस्कार है? क्या यही कारण है कि सत्ता बदलती है तो सत्ता का इतिहास भी बदलने लगता है। सिंहासन बदला तो इतिहास भी बदलने लगता है? क्या इतिहास सत्ता का मुखापेक्षी है? क्या इतिहासकार सत्ताप्रार्थी है?

क्या यह सच नहीं है कि इतिहासकार पर परिवेश और सत्ता का दबाव होता है, उस दबाव से उसकी दृष्टि बनती है। हिटलर के जमाने में शारीरिक-मानव शास्त्रियों ने नस्ली- निर्णायकवाद का प्रतिपादन किया था कि मानव जीवन का निर्णायक तत्व नस्ल ही होता है। आग्रह-शून्य होना बहुत कठिन होता है। ममता का विसर्जन हो सके, दबावों को नकार सके, यह बहुत ही बलवान-चरित्र का लक्षण है। सवाल तो यह है कि वे इतिहासकार, जो सत्ता से ही पुरस्कृत और प्रेरित होते हैं, सत्ता के गीत गाते हैं, उन्हें जनता के इतिहास का क्या करना है? मुगल-दरबार के इतिहासकारों ने मुगलों का जयजयकार किया, ब्रिटिश-इतिहासकारों ने कहा कि आर्य बाहर से आए थे, यदि हम भी बाहर से आ गए तो इसमें नया क्या है? आर्य शब्द इतना पुराना है किन्तु प्रजाति के अर्थ में उसका प्रयोग कहीं नहीं है। उन्होंने मजहब के ऐसे पेच डाल दिए कि लड़ते रहो। जाति के आधार पर राजनीति करने वाले सत्ता में आए तब उनका जयजयकार करने- वाले इतिहासकारों ने कहा कि यहां तो जाति और वर्ण आपस में लड़ते-झगड़ते ही रहे है, सो प्रत्येक जाति और वर्ण एक दूसरे से घृणा करते रहो, लड़ों और बदला लो। भेदभाव को स्थायी बनाने के लिए सत्ता इतिहास की ऐसी व्याख्या को प्रोत्साहित करती है, जिसे पढ़ कर कच्चा मन एक दूसरी जाति से नफरत करे। लोकजीवन की एकता को खंड-खंड करना उसका अभीष्ट होता है, सत्ता को जनता की एकता से डर लगता है इसके लिए सत्ता जनता को विभक्त करती है, बांटती है। इस कार्य में मदद करने के लिए वह विद्वानों को उपकृत करती है, अलंकारों से सम्मानित करती है। सत्ता के हजार हाथ हैं जनता की एकता को तोड़ना, जनता को लड़वाना, घृणा और वैमनस्य का विस्तार करना, मिथ्या-सिद्धांतों के स्टैचू खड़े करने में यह इतिहास सत्ता के बहुत काम आता है।

एक बात तो यह है कि वर्तमान से लोगों का ध्यान बहक कर इतिहास में चला जाता है, एक जाति, वर्ग, समुदाय यह समझने लग जाता है कि मेरे दुःखों का कारण दूसरी जाति, वर्ग या समुदाय है, इसे खत्म करो। वह इतिहास बदला लेने के लिए उकसाता है। सत्ता की छत्रछाया में लिखा गया इतिहास जाल ही नहीं, जंजाल है,जैसे आतंकवादी अपने घर में अवैध अस्त्र और विस्फोटक बनाने का काम करते हैं, वैसे ही ये इतिहास भी अवैध अस्त्र और विस्फोटक का काम करता है। वर्तमान से ध्यान हटाने के लिए आज हम इतिहास में शत्रुताओं को खोज रहे हैं ताकि घृणा-विद्वेष का प्रसार किया जा सके। जातियों को जातियों से और मजहब को मजहब से लड़ाया जा सके। राजनैतिक-मतवाद की पुष्टि करने के लिए वे लोग इतिहास के खेत में जाति और धर्म-वैमनस्य के जहर की खेती कर रहे हैं, किन्तु क्या यहां सामंजस्य-समन्वय का अमृत था ही नहीं? देखें तो सही भारत के लोकजीवन में अन्तर्भुक्तियों का इतिहास कितना व्यापक है?

भारत के इतिहास में किसी ने बाहर से आए लोगों को खोजा, किसी ने वर्ण को खोजा, किसी ने वर्ग को खोजा, किसी ने युद्ध को खोजा, किसी ने राजा-रानी को खोजा, किसी ने धर्म को खोजा, सामान्य-मनुष्य अथवा लोकजीवन को किसने खोजा? देश के भिन्न-भिन्न जन-समूहों और जनपदों को न देखा और न जाना और आप भारत के इतिहास पर फतवे सुना रहे हैं? इतिहास के दस फीसदी तथ्य भी हमारे सामने नहीं है, और आप ने फैसला भी सुना दिया?

जनता का इतिहास केवल द्वन्द्व का ही नहीं समायोजन, समन्वय और सामंजस्य का भी है, समायोजन, समन्वय और सामंजस्य न होता तो भारत को राष्ट्र कैसे कहा जाता? राष्ट्र का तात्पर्य है भारत की शत-सहस्र मानव-जातियों की एकता। समान सामूहिक-स्मृतियां, समान-आनुवंशिकता, सहिष्णुता, सह-अस्तित्व। समस्त इतिहास गवाही दे रहा है, आदमी और आदमी का संबंध अनंतानंत भौतिक-मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं का परिणाम है। भारत की धरती के कण-कण से, एक-एक पोखर-तालाब, नदी, सरोवर,पहाड़ से इस धरती के जन का जो तादात्म्य है, व ह किसी कानून के भय ने पैदा नहीं किया। वह लोकजीवन की उस अनादि परंपरा का संविधान है, जिसमें राजा-प्रजा एक घाट पर नहाते रहे हैं। कोई लोक को आधार बना सके,सामंजस्य-भाव को खोज सके,समष्टि-चेतना को खोज सके। क्या यहां युद्ध ही होते रहे? क्या सत्ता का ही इतिहास होता है? आम -आदमी के जीवन का निरंतर प्रवाह नहीं होता? क्या भलमनसाहत नहीं होती?क्या सर्वजनहित नहीं होता? क्या आप सर्वजन,समष्टिजन,सामान्यजन का इतिहास नहीं लिख सकते? जिन्होंने बृहत्तर-भारत के विशाल भूभाग से लोकगाथाएं एकत्र कीं, सामूहिक-राष्ट्रीय-स्मृतियां संजोयी, जीवन और प्रकृति के प्रति विकसित होने वाले दृष्टिकोण की व्याख्या की, सामाजिक-आंदोलनों का इतिहास लिखा। भारत के लोगों ने वे पुराण- गाथाएं धरती और अपने समूचे परिवेश में लिख दीं। देश के नाम (भारत) की बात हो या हमारे-आपके नाम हों, पर्व-त्योहार हों, वे गाथा और मिथक जीवित हैं, जीवित रहेंगे।

## प्रसंगवश

# ऑनलाइन गेम के चंगुल से क्या मुक्त होगा बचपन

आज के तकनीकी युग में नित्य नए मोबाइल धारकों की बढ़ती संख्या पर हमारी व्यवस्था भले ही इठला लें, कि 21 वीं सदी में हम अंगुलियों पर सब कुछ संभव बना रहे हैं, मगर शायद तकनीक में मशगूल होकर यह भूलते जा रहे हैं कि इससे हम अपनी अमिट पुरातन विरासत को तो क्षीण कर ही रहे हैं। साथ ही बालमन और युवावस्था को पथभ्रष्ट तथा उनकी ज़िंदगी को काल के गाल में भी धकेल रहे हैं।

आज के भौतिकवादी युग में अभिभावकों के पास समय का अभाव है, जिसके चलते वे जिस उम्र में बच्चे के हाथ में खिलौना एवं सिर पर माता-पिता का प्रेम होना चाहिए, उसमें वे उन्हें मोबाइल थमा देते हैं। यह वास्तव में बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है।



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

वस्तुतः ऑनलाइन गेम के प्रति युवाओं और बच्चों का बढ़ता झुकाव सिर्फ भारत की समस्या नहीं है। बीते कुछ वर्षों में दुनिया भर के बच्चों में इसे लेकर एक अलग प्रकार की दीवानगी पनपी है। जो कहीं न कहीं अब लत का रूप लेती जा रही है। लत किसी भी चीज़ की हो अगर उसकी अति हो जाए तो फिर उसका नुकसान भी भयानक होता है। अनेक अध्ययनों से पता चलता है कि बच्चों के शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य पर इस लत का काफी बुरा असर पड़ रहा है। इसके बावजूद भारत में इसकी स्थिति क्या है, यह हम सबसे छिपा हुआ नही है। हमारे देश में तो एक दो साल के बच्चे के हाथ में भी मोबाइल थमा दिया जाता है। और वह बड़े चाव से मोबाइल देखते-देखते बड़ा हो जाता है।

भारत इस मामले में कहां खड़ा है इसका आकलन हम इन आंकड़ों से कर सकते हैं कि वर्ष 2022 में भारत में आनलाइन गेमिंग का बाजार 1.5 बिलियन से अधिक का था। तो वहीं 2025 तक इसके 5 बिलियन तक हो जाने की उम्मीद है। वर्ष 2020 में जहां इसके उपयोगकर्ताओं की संख्या 40 फीसदी (80 मिलियन) थी तो वहीं 2021 में यह संख्या बढ़कर 50 फीसदी (95 मिलियन) हो गई। 'एफआईसीसीआई' की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 'ट्रांजेक्शन बेस्ड गेम्स' के राजस्व में 26 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। और यह संख्या आगे और भी ज्यादा बढ़ने की ओर अग्रसर है।

गौरतलब है कि वर्ष 2017 में ऑनलाइन गेमों की वजह से रूस में 130 से अधिक बच्चों की मौत हुई थी। तो वहीं भारत में करीब 100 बच्चों ने मौत को गले लगाया था। ऑनलाइन गेम्स को लेकर बच्चे इसके इतने आदि हो जाते हैं कि खाना-पीना तक छोड़ कर दिन-रात उसी में लगे रहते हैं। जिससे उनकी नींद भी प्रभावित होती है एवं उनमें चिड़चिड़ापन की समस्या भी बढ़ती है। एक अन्य आंकड़े के मुताबिक वर्तमान में भारत में करीब तीस करोड़ लोग ऑनलाइन गेम खेलते हैं। और 2028 तक यह संख्या बढ़कर 55 करोड़ हो जाने की संभावना है।

वहीं एक अन्य आंकड़े की बात करें तो वर्तमान में देश में ऑनलाइन गेमिंग का बाजार करीब सात से दस हजार करोड़ रुपए के बीच है। जिसके अगले एक साल में 29 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच जाने की उम्मीद है। इन आंकड़ों से ही स्थिति की भयावहता को समझा जा सकता है। लेकिन इसको लेकर न हमारी व्यवस्था सचेत नजर आती है और न ही परिजनों के पास इतना समय होता है कि वे हर पल बच्चों पर नजर रख सकें कि आखिर मोबाइल में उनका बच्चा क्या कर रहा है?

गौरतलब है कि 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' ने भी ऑनलाइन गेम खेलने की लत (जिसे गेमिंग डिसऑर्डर नाम दिया गया है) को मानसिक अस्वस्थता की स्थिति माना है। जब कोई बच्चा लगातार घंटों तक मोबाइल और कंप्यूटर गेम खेलता है तो उसकी आंखों और शरीर के अन्य अंगों पर उसके गंभीर दुष्प्रभाव भी पड़ते हैं। वैसे संयुक्त परिवार की जड़ों से हमारे समाज का कटना भी कई समस्याओं का कारण है। और इसके लिए हम सरकार को दोष नहीं दे सकते। फिर भी ऑनलाइन गेमों पर अंकुश आज की जरूरत है और इसे गंभीरता से लिया भी जाना चाहिए। देखा जाए तो मोबाइल जीवन में अब शायद सांस लेने जितना जरुरी हो गया है। जिसके बिना हम जी नहीं सकते। मगर इसने हमें काफी हद तक नुकसान भी पहुंचाया है।

# कड़वाहटों को कब तक ढोते रहेंगे



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

> प्रश्न यह है कि एक ही देश और स्थान में साथ-साथ रहते हुए हम कब तक धार्मिक कारणों से कट्टर दुश्मन बन कर एक दूसरे के खून के प्यासे बने रहें?

हर धर्म के मुख्य त्योहारों पर बधाई देना मेरी आदत में शुमार है। इस बकरीद में भी मैने बधाई दी, जिस पर कुछ भाइयों ने नाराजगी जाहिर की। प्रत्येक व्यक्ति की सोच अलग हो सकती है लेकिन किसी अन्य के त्योहार की बधाई देना घृणित कार्य कैसे हो गया,यह मेरे समझ से परे है। प्रतीत होता है कि यह विभिन्न राजनीतिक एवं धार्मिक संगठनों के द्वारा फैलाए जा रहे धार्मिक विद्वेष एवं घृणा का ही यह परिणाम है।

काम, क्रोध, लोभ, मोह की तरह घृणा भी मानव स्वभाव का ही अंग है। हम अपने परिवार के किसी सदस्य से या किसी पड़ोसी से किसी कारण वश घृणा करते हैं लेकिन यहां तो धर्म के आधार पर करोड़ों व्यक्तियों से घृणा की बात है। यह सत्य है कि मुसलमानों ने अतीत में हमारे देश पर आक्रमण कर हमें पराजित किया, कुछ लूटपाट कर वापस लौटे तथा कुछ ने यहां राज किया और हमारे धार्मिक स्थल तोड़े, हमें प्रताड़ित किया, गुलाम बनाया,धर्म परिवर्तित कराया। क्या इसलिए मुस्लिमों से घृणा की जाय? तो ऐसा ही कुछ कार्य पोर्तुगीज, डच, फ्रेंच और ब्रिटिश ने भी यहां आधिपत्य जमा कर किया। जलियांवाला बाग का सामूहिक नरसंहार तो 100 वर्ष ही पुराना है जबकि मुस्लिम राज्य तो कई शताब्दी पुराने है। इसाई तो अभी भी बड़े स्तर पर धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। उनसे ऐसी घृणा क्यों नहीं? ऐसा ही कार्य तो अतीत में सवर्ण हिंदुओं ने दलितों के साथ किया है। उन्हें अछूत माना, सामान्य नागरिक अधिकार तक नहीं दिया। तपस्या कर रहे शंबूक की हत्या की गई। मंदिरों में पूजा करने की कौन कहे, कितनी जातियों को मंदिर प्रवेश से वंचित किया गया। तो क्या ऐसी जातियां तथाकथित उच्च जातियों से अब घृणा करें,उनका बहिष्कार करे, उन्हें मतदान न करें? प्राचीन काल में हमारे देश के ही राजाओं में राज्य विस्तार, स्त्री, अहंकार या पुरानी शत्रुता के लिए युद्ध होते रहे हैं और विजयी राजा पराजित राज्य की प्रजा का उत्पीड़न भी किया करते थे, लेकिन सारी प्रजा हिंदू ही थी, इसलिए धर्म परिवर्तन की बात नहीं आई। मुस्लिमों ने भी विजयी होकर हमारा उत्पीड़न किया क्योंकि हम शत्रु प्रजा थे। उनकी दृष्टि में हम काफिर थे इसलिए धर्म के आधार पर भी उत्पीड़न हुआ। मुसलमानों की संख्या हमारी तुलना में कम थी, अपनी जनसंख्या बढ़ाने के लिए साम, दाम, दंड भेद का सहारा लेकर उन्होंने हमारा धर्म परिवर्तन भी कराया। अंग्रेज जाते जाते धर्म के आधार पर देश का विभाजन भी कर गए, इससे धार्मिक विद्वेष पुनः चरम पर पहुंच गया।

प्रश्न यह है कि एक ही देश और स्थान में साथ-साथ रहते हुए हम कब तक धार्मिक कारणों से कट्टर दुश्मन बन कर एक दूसरे के खून के प्यासे बने रहें? आज हम रोहिंग्या मुसलमान तथा अवैध रूप से रह रहे बंग्लादेशी मुसलमानों को तो निकाल नहीं पा रहे हैं, 20 करोड़ वैध मुसलमान नागरिकों को कैसे निकालेंगे,कौन सा देश उन्हें स्वीकार करेगा? मुसलमानों को भी विचार करना होगा कि उनके पूर्वजों द्वारा किए गए अत्याचारों से हिंदू उनसे नाराज़ है,वे कोई ऐसा काम न करें जिससे यह कटूता बढ़े। दुष्टों की कमी दोनों संप्रदाय में नहीं है जो आपसी सौहार्द बिगाड़ने का भरसक प्रयास करें, ऐसे तत्वों का हम सामाजिक बहिष्कार करें तथा इनसे शासन, प्रशासन सख्ती से निपटे। राजनीतिक दल वोट के लिए तुष्टिकरण एवं घृणा का खेल बंद कर सामाजिक समरसता का प्रयास करते रहें। विभेद कारी शिक्षा दृढ़ता से बंद की जाय। पुरानी तल्खियों को कब तक हम ढोते रहेंगे?

यह देश हम सभी का है यदि साथ साथ हम न चले तो हम सब मिट जाएंगे। खालिस्तान की आग बहुत कुर्बानी के बाद बुझी लेकिन विदेशों में अभी भी धधक रही है। नागालैंड तो कुछ शांत हुआ लेकिन मणिपुर की हिंसा समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। मैंने उत्तर प्रदेश पुलिस में 1977 से 2013 तक सेवा की है और इस अवधि में छ दंगे झेले हैं। इन दंगों में सबसे बड़ा नुकसान होता है आपसी संबंधों का जिन्हें सामान्य होने में दशकों लग जाते हैं। इन दंगों से देश में जो हानि होती है,उससे कहीं अधिक हानि विदेशों में होती है। हमारी विरोधी लाबी इसका दुष्प्रचार करके हमें बदनाम करती है। अधिकांश मुस्लिम देश हमारे मित्र हैं। दंगों से उनसे हमारे संबंध खराब होते हैं और व्यापारिक क्षति पहुंचती है। विदेशों में रहकर पैसा कमाने वालों पर संकट आता है, उन्हें जीवन भय भी बना रहता है।

## सोशल फोरम

# पर्यावरण समस्या का दोषी मनुष्य

पर्यावरण की समस्या पृथ्वी में मौजूद जीवन के लिए सबसे बड़ा संकट बनकर खड़ी है। यह सृष्टि अनंत संयोगों से बनी है। इस पर जीवन भी अरबों साल में अनंत संयोगों से धीरे-धीरे विकसित हुआ है। अगर इन संयोगों में एक संयोग वैसा न होता, जैसा वह हुआ, तो संभव है हम मनुष्य इस धरा पर न विकसित होते! हम मनुष्य तो इस पृथ्वी पर अन्य जीवों की तुलना में बहुत बाद में विकसित हुए हैं।



अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

यह दुनिया अनंत काल में स्वतः बनी है। यह आत्मसंचालित और आत्मनियंत्रित है। अगर यह स्वतः विकसित न होती, तो इसके विकास में अनंत समय न लगता। इसी तरह मनुष्य भी कंदराओं, गुफाओं में रहते, आखेट करते, पत्थरकाल, आदि कालों से गुजरता हुआ न आगे बढ़ता, बल्कि पूर्ण विकसित सभ्यता-संस्कृति के साथ पैदा होता और दुनिया के सभी मनुष्यों की एक ही सभ्यता-संस्कृति होती। वास्तव में दुनिया के विभिन्न समाजों में ईश्वर संबंधी विचारों की भिन्नता इसलिए है, क्योंकि यह विचार मानव के मन की उपज है।

इस पृथ्वी को बचाने, संरक्षित करने और सुंदर बनाने का दायित्व मनुष्य का है, क्योंकि संयोगों द्वारा प्राप्त तथाकथित योग्यता के कारण हम मनुष्य इस पृथ्वी के उपभोक्ता बन बैठे हैं। इसकी हमने अपने हिसाब से मनुष्य को केंद्र में रखकर मनमानी व्याख्या की है। इसका हमने अंधाधुंध दोहन किया है। आज पर्यावरण को लेकर जो समस्या खड़ी है, उसका एकमात्र दोषी मनुष्य है। आज की परिस्थितियों में पेड़ काटना मानव वध से गंभीर अपराध है। इसलिए यह हम सभी मनुष्यों का दायित्व है कि हम प्रकृति को बचाने के लिए संकल्पित होकर काम करें। आवश्यकता से अधिक इसके संसाधनों का उपभोग करने से बचें। उपभोक्तावादी दृष्टिकोण को बदलें। अब बहानेबाज़ी, विलंब और हीलाहवाली करने का समय नहीं रहा। पहले ही इस मामले में बहुत देर हो चुकी है।

–फेसबुक वॉल से

# जरुरी स्वास्थ्य या पैसा

नशीली चीजों और पदार्थों के निराकरण के लिए प्रत्येक 26 जून को अंतराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने एक प्रस्ताव में 7 दिसंबर 1987 से इसे मनाने का निर्णय किया था। आंकड़ों के अनुसार शराब पीने वालों की संख्या पूरी दुनिया में 230 करोड़ के लगभग है। इसमें सबसे सबसे ज्यादा अमेरिका, यूरोप,और पश्चिमी प्रशांत महासागरीय देशों के लोग है जबकि भारत में शराब पीने वाले करीब 16 करोड़ है। यह आश्चर्य की बात है कि देश में शराब की खपत लगातार बढ़ रही है। भारत में शराब की खपत के मामले में सबसे ऊपर छत्तीसगढ़ है। यहां कुल आबादी का 35.67 प्रतिशत लोग शराब पीते हैं। दूसरे स्थान पर त्रिपुरा का नाम है और जहां शराब पीने वालों की तादाद कुल जनसंख्या का 34.7 प्रतिशत है जबकि आंध्र प्रदेश 34.5 प्रतिशत के साथ तीसरे नंबर पर और 28.5 प्रतिशत के साथ पंजाब चौथे नंबर पर है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

वैश्विक बीमारी के बोझ का लगभग 5.1 प्रतित शराब के सेवन के कारण है और हर साल लगभग 3.3 मिलियन मौत का कारण यह बनता है। एक अन्य सर्वे के अनुसार हर 20 में से एक व्यक्ति को मौत का कारण शराब ही है। केवल भारत में हर साल शराब की वजह से 2.5 लाख मौतें हो जाती हैं जो काफी दुर्भाग्य पूर्ण है हर साल हजारों लोग जहरीली शराब से भी मरते है। इन सबके बाबजूद भारत में सरकारों के लिए शराब 'खराब' नहीं है। क्योंकि उनके राजस्व वसूली में से 10 से 15 प्रतिशत तक की हिस्सेदारी शराब की बिक्री से मिलने वाले टैक्स से होती है।

हमारे समाज में दिन प्रतिदिन मादक पदार्थों व द्रव्यों के सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के लिए सामाजिक न्याय विभाग द्वारा कार्यक्रम चलाए जाते हैं जिनका उद्देश्य समाज में बढ़ती हुई मद्यपान तंबाकू, गुटखा, सिगरेट की लत और नशीली चीजों के समाज को अवगत कराना होता है ताकि मादक द्रव्यों और पदार्थों के सेवन से रोकथाम के लिए उचित वातावरण और चेतना का निर्माण हो सके।

शराब बंदी सही और ठोस उपाय नहीं है। जिन्हें पीनी होती है वो नकली पी कर भी जान गंवाते हैं। जिन प्रदेशों में बंदी है वहां स्मगलिंग के द्वारा पहुंचती है। इलेक्शन के दौरान जिन्हें पिलानी होती है वो पहले से ही इंतज़ाम करके रख लेते हैं। सामाजिक चेतना और लोगों को जागरूक बनाना जरूरी है।

ऐसी भी सरकारें हैं जो बढ़ावा देने के लिएएक पर एक फ्री की स्कीम चलाती हैं। ऐसे लोगों के लिए दंड व्यवस्था आवश्यक है, पंजाब में हर तरह के नशे को जीवन में घोल दिया गया है।

उन शहरों में जहां स्कूल कालेज के हब हैंटार्गेट बना कर पूरी पीढ़ियों को नशे की लत विदेशी एजेंसियों के द्वारा लगाई जा रही हैइन साजिशों को बेनकाब करना भी बहुत ज़रूरी है।

आमदनी बढ़ने के साथ ही मोबाइल, मोटरसाइकिल, कार खरीदने के साथ नशे की लत भी बढ़ रही है। इसलिए सामाजिक चेतना और स्वयं पर नियंत्रण ही सबसे प्रभावी कदम हो सकते हैं। इसके विपरित हाल में मुंबई के अंग्रेजी अखबार में छपी खबर के अनुसार एमएलसी पोल के दौरान 24, 25, और 26 जून को मुंबई में होने वाली शराब बंदी का विरोध किया जा रहा है। मुंबई के करीब 15000होटल और बार इस शराब बंदी का विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि इससे 100 करोड़ का नुकसान होगा इसके लिए वो न्यायालय की शरण में भी गए हैं। अब माननीय न्यायालय को ही तय करना है की स्वास्थ्य और पैसे में क्या जरूरी है?

# संकट की जड़

आज बहुत से तनाव, क्रोध, कुंठा मनोव्याधियों का एक स्रोत यह है कि 'स्मृतियों' की राजनीति मनुष्य को अतीत में धकेल रही है। लेकिन सृष्टि की गतिविधि ऐसी है कि कोई वापस अतीत में नहीं जा सकता। लेकिन स्मृतियां मन को अतीत में खींच ले जाती हैं। तन भविष्य की ओर जाता है और मन अतीत की ओर- इससे व्यक्तित्व विभाजित होता है। यही सारे संकट की जड़ है।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली


मन की रचना में समाज की परिस्थितियों और मनुष्य के संबंधों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा रहा है। लेकिन इन परिस्थितियों और संबंधों को बनाने में सोद्देश्य राजनीतिक कार्यकलाप महत्वपूर्ण होते हैं। मानव जीवन की प्रकृति ऐसी है कि उसमें एक तरफ रचना और दूसरी तरफ हिंसा एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह निहित रहते हैं। अपने आरंभिक विकासकाल से ही मनुष्य जहां औज़ार बनाता है और उनके सहारे जीवन के साधन निर्मित करता है, वहीं दूसरे प्राणियों और कबीलों से अपनी रक्षा के लिए लड़ता है। अब अगर हम मनुष्य की रचनात्मक वृत्तियों को चालित करने वाले विषयों को सामुहिक जीवन में उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना वैसी ही बनती है; ऐसे विषय हमेशा भविष्य की ओर उन्मुख होते हैं। अगर अगर हिंसक वृत्तियों को चलित करने वाले विषयों को उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना भय, घृणा, उत्तेजना से भर जाती है; ऐसे विषय हमेशा अतीत पर आधारित और काल्पनिक होते हैं।

पहली चीज़ समाज को आगे ले जाती है और दूसरी चीज़ पीछे ले जाती है। लेकिन यही बात जब व्यक्ति के स्तर पर घटित होती है तब मनुष्य भयानक तनाव झेलता है। तन आगे जाता है, मन पीछे जाता है तो व्यक्तित्व विघटित होता है। इसका समाधान हमें खुद मिल सकता है यदि हम सोचें कि बीते हुए एक पल पीछे जाकर भी अपने किए को बदल लें तो यह संभव नहीं है। इसलिए मन का तालमेल तन से बिठाना चाहिए।


संसद में पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी को गुलदस्ता देते किरण रिजिजू।


संसद सत्र के पहले दिन संसद परिसर में तस्वीर लेते हुए सांसद।


शपथ ग्रहण करने के बाद रजिस्टर पर हस्ताक्षर करतीं बांसुरी स्वराज।



संसद परिसर में पत्नी डिंपल यादव के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव। ● एजेंसी

# संसद सत्र के पहले दिन संविधान पर सियासी संग्राम


## प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 50 साल पूर्व आपातकाल के जिक्र पर भड़की कांग्रेस, सदन में इंडिया गठबंधन के सांसदों ने दिखाई एकजुटता


नई दिल्ली, एजेंसी

संसद सत्र के पहले दिन सोमवार को संविधान पर जमकर सियासी सग्राम देखने को मिला। प्रधानमंत्री ने सत्र की शुरूआत से पहले 50 साल पहले के आपातकाल का जिक्र किया तो समूची कांग्रेस आग बबूला हो उठी। मोदी सरकार पर आरोपों की बौछार कर दी।

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के कई घटक दलों के नेता संविधान की प्रति लेकर सदन में पहुंचे और मोदी के खिलाफ एकजुटता प्रकट की। कार्यवाही आरंभ होने से पहले विपक्षी गठबंधन के सांसद संसद परिसर में एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।

उन्होंने संविधान की रक्षा हम करेंगे और तानाशाही नहीं चलेगी के नारे लगाए। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह पर संविधान पर हमला करने का आरोप लगाया और कहा कि यह उन्हें स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह संविधान पर हमला कर रहे हैं। हम संविधान पर वह हमला नहीं होने देंगे। उनका यह भी कहना था यह हमला हमें स्वीकार्य नहीं है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने विपक्षी सांसदों की नारेबाजी का वीडियो साझा करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, हम लोकतंत्र के प्रहरी हैं। हम संविधान की रक्षा करने और उसे कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।


संसद में पहुंचे भाजपा नेता नितिन गड़करी।


लोकसभा में सत्र के पहले दिन सदन में उपस्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह, व अमित शाह व अन्य।

### राष्ट्रपति ने रात्रिभोज का किया आयोजन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्रीय मंत्रिपरिषद के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनकी पत्नी भी रात्रिभोज में शामिल हुए। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा राष्ट्रपति ने मोदी के नेतृत्व में, केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सम्मान में एक रत्रिभोज का आयोजन किया। इससे पहले, मोदी और राजनाथ सिंह तथा अमित शाह सहित उनके मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने के सदस्य के रूप में शपथ ली।

### भाकपा माले के सांसद सदन में फिसलने के कारण गिर पड़े

**नई दिल्ली।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) लिबरेशन के सांसद राजाराम सिंह लोकसभा में शपथ लेने के लिए उठने के बाद अचानक से फिसलकर गिर पड़े। हालांकि वह तत्काल उठ गए। सदन में महासचिव की तरफ से नाम पुकारे जाने के बाद सिंह जब शपथ लेने के लिए पोडियम की तरफ बढ़ रहे थे तो विपक्ष की दीर्घा की तरफ अचानक से फिसल गए और गिर गए। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव सदन में विपक्ष की दीर्घा में अगली पंक्ति में बैठे थे और उन्होंने जैसे ही राजाराम सिंह को गिरते देखा, वैसे ही उन्हें बचाने के लिए आगे बढ़े।

### भोजपुरी में शपथ नहीं ले पाने पर रूडी ने जताया अफसोस

**नई दिल्ली।** बिहार के सारण से भाजपा के सांसद राजीव प्रताप रूडी ने शपथ लेने से पहले इस बात पर अफसोस जताया कि नियमों के चलते वह भोजपुरी में शपथ नहीं ले सकते। लोकसभा में सोमवार को उस समय भाषाई विविधता की झलक देखने को मिली, जब अनेक नवनिर्वाचित सांसदों ने हिंदी के साथ-साथ संस्कृत, डोगरी, बांग्ला, असमिया, तेलुगू, मलयालम, उड़िया तथा कुछ अन्य भारतीय भाषाओं में शपथ ली। सांसद अंग्रेजी या संविधान की आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध 22 भाषाओं में से किसी में भी शपथ ले सकते हैं। भोजपुरी संविधान की आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध नहीं है।

### जेल में बंद इंजीनियर रशीद लोकसभा के सदस्य के रूप में नहीं ले सके शपथ

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर की बारामूला संसदीय सीट से निर्वाचित हुए अब्दुल रशीद शेख जेल में बंद रहने के कारण लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ नहीं ले सके। एनआईए द्वारा आतंकवाद वित्तपोषण का मामला दर्ज किए जाने के बाद से 2019 से जेल में हैं। इंजीनियर रशीद ने हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में बारामूला संसदीय सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला को हराया था। दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को सांसद के रूप में शपथ लेने के लिए रशीद द्वारा दायर अंतरिम जमानत अर्जी पर एनआईए से एक जुलाई तक जवाब देने को कहा था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश किरण गुप्ता ने मामले में सुनवाई के लिए एक जुलाई की तारीख तय की है।

# 10 साल के अघोषित आपातकाल को भूल गए मोदी : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, प्रधानमंत्री आज ज्यादा बोले, इसे कहते हैं रस्सी जल गई, बल नहीं गया
- प्रधानमंत्री मोदी ने नीट एवं अन्य परीक्षाओं में पेपर लीक पर मौन साध लिया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्षों पुराने आपातकाल का जिक्र किया, लेकिन 10 वर्षों के उस अघोषित आपातकाल को भूल गए जिसका जनता ने इस लोकसभा चुनाव में अंत कर दिया है।

उन्होंने कहा कि देश को उम्मीद थी कि संसद सत्र के पहले दिन प्रधानमंत्री नीट एवं अन्य परीक्षाओं में पेपर लीक जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलेंगे, लेकिन उन्होंने मौन साध लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने आपातकाल को लोकतंत्र पर लगा काला धब्बा करार देते हुए सोमवार को कहा कि इसकी 50वीं बरसी पर देशवासी यह संकल्प लें कि फिर कभी कोई ऐसा कदम उठाने की हिम्मत नहीं करे। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र पर संसद परिसर में प्रधानमंत्री ने यह बात कही। खरगे ने एक्स पर पोस्ट कर कहा किप्रधानमंत्री मोदी अपने रस्मी संबोधन में आज ज़रुरत से ज्यादा बोले। इसे कहते हैं, रस्सी जल गई, बल नहीं गया। उन्होंने कहा कि देश को आशा थी कि मोदी महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलेंगे। नीट व अन्य भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक के बारे में युवाओं के प्रति कुछ सहानुभूति दिखाएंगे, पर उन्होंने अपनी सरकार की धांधली व भ्रष्टाचार की कोई ज़िम्मेदारी नहीं ली।



### भाजपा को कोई समर्थन नहीं : पटनायक

**भुवनेश्वर।** बीजद के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने सोमवार को पार्टी के नौ राज्यसभा सदस्यों के साथ बैठक की और उनसे 27 जून से शुरू होने वाले संसद के ऊपरी सदन के सत्र के दौरान जीवंत और मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में पटनायक ने सांसदों से राज्य के हितों से संबंधित मुद्दों को उचित तरीके से उठाने को भी कहा। राज्यसभा में पार्टी के नेता सस्मित पात्रा ने कहा कि इस बार बीजद सांसद केवल मुद्दों पर बोलने तक सीमित नहीं रहेंगे।

## एक नजर

### स्टॉप डायरिया अभियान शुरू किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को दो महीने के स्टॉप डायरिया अभियान का शुभारंभ किया, जिसका उद्देश्य बच्चों में दस्त के कारण होने वाली मृत्यु को शून्य करना है। मौजूदा डायरिया रणनीति में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन (ओआरएस) की पहले से उपलब्धता और सीमित सूचना, शिक्षा और संचार के साथ दो सप्ताह का अभियान शामिल था। लेकिन नयी रणनीति में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को को-पैकेजिंग के रूप में दो ओआरएस पैकेट और जिंक की उपलब्धता के साथ दो महीने का अभियान शामिल है।

### भाजयुमो पदाधिकारी की हत्या के आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में भाजपा की युवा शाखा भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की इंदौर इकाई के 35 वर्षीय पदाधिकारी की गोली मारकर हत्या के बाद फरार हुए दो नामजद आरोपियों को पुलिस ने सोमवार को राजधानी भोपाल से गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भाजयुमो की शहर इकाई के उपाध्यक्ष मोनू कल्याणे (35) की एमजी रोड थाना क्षेत्र में शनिवार और रविवार की दरमियानी रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### बार से जुड़े वीडियो मामले में अब तक 14 गिरफ्तार

**पुणे/मुंबई।** पुणे के एक बार से कथित तौर पर व्यापक रूप से प्रसारित हुए वीडियो की जांच के सिलसिले में महाराष्ट्र आबकारी विभाग ने रेस्तरां के छह कर्मचारियों (वेटर) को गिरफ्तार किया जिसके बाद गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या सोमवार शाम को 14 तक पहुंच गई। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले बार तय समय सीमा से अधिक देर तक खुला पाये जाने पर पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया और चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया।

### बिल्ली के बच्चे को इमारत से फेंकने वाले पर केस

**कोलकाता।** ऊंची इमारत में अपने अपार्टमेंट से कथित रूप से बिल्ली के बच्चे को फेंककर उसे मारने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कोलकाता के टांगरा पुलिस स्टेशन में आरोपी की पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई है। संस्था पेटा के बयान के अनुसार आरोपी की पत्नी फबीहा हाशमी ने दर्ज शिकायत में पुलिस को बताया है कि घरेलू झगड़े के दौरान गुस्से में आकर आरोपी ने बिल्ली के बच्चे को 13वीं मंजिल पर स्थति अपार्टमेंट की खिड़की से नीचे फेंक दिया था।

# नौकरियों में 5 % बोनस असंवैधानिक

नई दिल्ली, एजेंसी

**हरियाणा सरकार को झटका**



- सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें भर्ती परीक्षाओं में हरियाणा के निवासियों को अतिरिक्त अंक देने की राज्य सरकार की नीति को रद कर दिया गया था।

हरियाणा सरकार की नीति को लोकलुभावन उपाय करार देते हुए न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की अवकाशकालीन पीठ ने हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की नौकरियों में कुछ वर्गों के उम्मीदवारों को अतिरिक्त अंक देने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित सामाजिक-आर्थिक मानदंडों को असंवैधानिक करार दिया था। पीठ ने कहा कि ये सभी लोकलुभावन उपाय हैं।

किसी को पांच अंक अतिरिक्त मिलने के कदम का आप किस तरह बचाव कर सकते हैं? नीति को उचित ठहराते हुए अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने उन लोगों को अवसर देने के लिए कृपांक नीति शुरू की, जो सरकारी नौकरियों से वंचित थे। सुप्रीम कोर्ट पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के 31 मई के आदेश के खिलाफ हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी।

हाईकोर्ट ने 31 मई को हरियाणा सरकार की उस नीति को खारिज कर दिया था, जिसके तहत ग्रुप सी और ग्रुप डी पदों के लिए सीईटी में कुल अंकों में राज्य के निवासी अभ्यर्थी की सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आधार पर पांच प्रतिशत बोनस अंक दिए जाने थे। न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा था कि कोई भी राज्य पांच प्रतिशत अंकों का लाभ देकर रोजगार को केवल अपने निवासियों तक सीमित नहीं कर सकता है।

# सूरज रेवन्ना को सीआईडी हिरासत में भेजा गया

**बेंगलुरु।** यहां की अदालत ने यौन शोषण के मामले में गिरफ्तार किए गए जनता दल (सेक्युलर) के विधान पार्षद सूरज रेवन्ना को सोमवार को एक जुलाई तक के लिए आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) की हिरासत में भेज दिया। पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के भाई सूरज रेवन्ना को रविवार को हासन में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद राज्य सरकार ने मामले की जांच सीआईडी को सौंप दी। प्रज्वल पर कई महिलाओं के यौन शोषण का आरोप है। हासन से बेंगलुरु स्थानांतरित करने के बाद सीआईडी ने सूरज (37) को कोर्ट के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# तमिलनाडु शराब हादसे पर खरगे को नड्डा ने लिखा पत्र, कांग्रेस की चुप्पी पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर तमिलनाडु में जहरीली शराब हादसे पर उनकी पार्टी की चुप्पी पर सवाल उठाया। नड्डा ने लिखे पत्र में कहा कि तमिलनाडु शराब त्रासदी मानव जनित आपदा है और अगर सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन की सरकार और माफिया के बीच सांठगांठ नहीं होती तो 56 लोगों की जान बचाई जा सकती थी।

नड्डा ने कहा कि शराब त्रासदी के बाद करुणापुरम गांव में जलती चिताओं की भयावह तस्वीरों ने देश को झकझोर दिया है। मैं हैरान हूं कि कांग्रेस ने इस पर चुप्पी साध रखी है।

### शराब कांड की सीबीआई से कराएं जांच : भाजपा

**चेन्नई।** भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई की अगुवाई में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को राज्यपाल आरएन रवि से भेंटकर उनसे 53 लोगों की जान लेने वाली कल्लाकुरिचि अवैध शराब त्रासदी की सीबीआई जांच की मांग की। अन्नामलाई ने एक्स पर दावा किया कि इस त्रासदी से 60 लोगों की जान गयी है। उन्होंने मद्यनिषेध एवं आबकारी विभाग के मंत्री एस मुथुस्वामी को इस प्रकरण के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए रवि से मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने का निर्देश देने की भी अपील की।

### शराब त्रासदी के खिलाफ अन्नाद्रमुक का प्रदर्शन

तमिलनाडु में प्रमुख विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने जहरीली शराब पीने से लोगों के मारे जाने के विरोध में सोमवार को राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने सीबीआई जांच और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से इस्तीफे की मांग की। विपक्ष के नेता और अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ काली शर्ट पहनकर कल्लाकुरिची में विशाल विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया।

# केंद्र ने गंगा जल संधि की समीक्षा पर ममता का दावा किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

बांग्लादेश के साथ गंगा जल संधि की समीक्षा के लिए पश्चिम बंगाल से परामर्श किया गया था। केंद्र के सूत्रों ने सोमवार को यहां यह जानकारी देते हुए प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस दावे को खारिज कर दिया कि राज्य को इस प्रक्रिया से बाहर रखा गया था।

पश्चिम बंगाल सरकार के सिंचाई एवं जलमार्ग विभाग के संयुक्त सचिव (कार्य) ने अप्रैल में फरक्का बैराज के निचले हिस्से से अगले 30 वर्षों के लिए राज्य की कुल मांग के बारे में जानकारी दी थी। भारत और बांग्लादेश ने 1996 में गंगा जल संधि पर हस्ताक्षर किए थे। तीस वर्षों की यह संधि 2026 में समाप्त होने वाली है, लेकिन आपसी सहमति से इसे बढ़ाया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को घोषणा की कि भारत और बांग्लादेश 1996 की संधि के नवीनीकरण के लिए तकनीकी स्तर की वार्ता शुरू करेंगे।

# मार्च के दौरान दो दर्जन छात्र पुलिस हिरासत में

**नीट-यूजी, यूजीसी-नेट**

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट-यूजी में अनियमितताओं और यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने के खिलाफ सोमवार को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे दो दर्जन से अधिक छात्रों को हिरासत में लिया गया, जिनमें से कुछ कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई के थे।

एनएसयूआई ने संसद तक जुलूस निकालने की योजना बनाई थी। छात्र तख्तियां और एनएसयूआई के झंडे लेकर जंतर-मंतर पर छात्र संसद घेराव के लिए एकत्र हुए। विरोध प्रदर्शन से पहले पुलिस ने छात्रों को जुलूस निकालने से रोकने के लिए इलाके में बैरिकेड लगा दिए। मौके पर अर्धसैनिक बलों सहित दिल्ली पुलिस तैनाती थी।

### परीक्षा रद करने वाली याचिका पर केंद्र से जवाब तलब

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा (नीट)-स्नातक में अनियमितताओं के बीच परीक्षा को रद करने संबंधी याचिकाओं पर सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। मामले की सुनवाई 10 जुलाई को होगी। उच्चतम न्यायालय में आठ जुलाई को नीट-स्नातक परीक्षा 2024 को रद करने और अदालत की निगरानी में जांच कराने का अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई होनी है, जिसके दो दिन बाद राजस्थान हाईकोर्ट इस पर सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति अशोक जैन ने एनटीए और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ताओं के वकील रामप्रताप सैनी ने बताया कि अदालत ने मामले पर 10 जुलाई को सुनवाई निर्धारित की है। दिन के समय उच्च न्यायालय में चार याचिकाओं पर सुनवाई हुई।

# वीवीआईपी के लिए फुटपाथ खाली कराते हैं तो सबके लिए क्यों नहीं

मुंबई, एजेंसी

बंबई हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि जब प्रधानमंत्री और अन्य अति विशिष्ट व्यक्तियों (वीवीआईपी) के लिए सड़कों और फुटपाथ को एक दिन के लिए खाली कराया जा सकता है तो सभी लोगों के लिए क्यों रोज ऐसा नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा साफ फुटपाथ और चलने के लिए सुरक्षित स्थान हर एक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है और इसे



मुहैया कराना राज्य प्राधिकरण का दायित्व है। राज्य सरकार के केवल यह सोचने भर से नहीं चलेगा कि शहर में फुटपाथों पर अतिक्रमण करने वाले अनाधिकृत फेरीवालों की समस्या के समाधान के लिए क्या किया जाए।

# लोनिवि में इस बार कहीं दर्जनों रिटायर्ड को न मिल जाए तैनाती

## लोक निर्माण विभाग में फिर ट्रांसफर-पोस्टिंग घोटाला की आशंका, वर्ष 2022 में मंत्री जितिन प्रसाद के ओएसडी समेत कई पर मुख्यमंत्री ने की थी कार्रवाई

अजय दयाल, लखनऊ

- पोर्टल पर दर्ज हैं रिटायर्ड अभियंताओं के भी नाम, कार्यरत को दिखाया त्यागपत्र दिया हुआ
- कोई 27 सालों से एक जिले में तो कई सालों से जमे अधिकारी के नाम ही सूची में नहीं

**अमृत विचार :** साल 2022 में लोक निर्माण विभाग उस वक्त अचानक चर्चा में आ गया था जब विभाग की ट्रांसफर सूची में एक मृत इंजीनियर की भी तैनाती दिखा दी गई थी। उस दौरान ट्रांसफर-पोस्टिंग में तमाम अनियमितताएं सामने आई थीं।

इस साल दर्जनों रिटायर्ड अभियंताओं को ही कहीं स्थानान्तरित न कर दिया जाए? ऐसे में विभाग में एक बार फिर ट्रांसफर-पोस्टिंग घोटाले की आशंका है। एक तो विभाग इस बार मंत्री विहिन (जितिन प्रसाद के केन्द्रीय मंत्री बन जाने के बाद) है। ऊपर से मानव संपदा पोर्टल में भारी अनियमितताएं हैं। सबसे बड़ी गड़बड़ी तो यह कि पोर्टल पर ट्रांसफर होने वालों की सूची में जहां लगभग तीन दर्जन रिटायर्ड अभियंताओं के नाम हैं वहीं, उन अधिकारियों के नाम ही नहीं जो वर्षों से एक ही जगह जमे हैं और ट्रांसफर की प्राथमिकता में आते हैं।

हालांकि पूर्व में जितिन प्रसाद के मंत्री रहते विभाग में ट्रांसफर प्रक्रिया में अनियमितताएं बरती गई थीं। ट्रांसफर में मृत इंजीनियर की भी तैनाती दिखा दी गई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाराजगी प्रकट की। जांच बैठाई और बाद में जितिन प्रसाद के ओएसडी समेत कई अधिकारियों, कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई थी। इस बार भी मुख्यमंत्री का सख्त आदेश है कि मानव संपदा पोर्टल की गड़बड़ियां समय रहते दुरुस्त कर लीं जाएं। लोनिवि में ताजा गड़बड़ी की बात जाए तो अलग-अलग जिलों में कार्यरत ऐसे 30 इंजीनियर-अधिकारी ऐसे हैं जो विभाग से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। लेकिन लोनिवि में अब भी कार्यरत दिखाए जा रहे हैं। उदाहरण के तौर पर औरैया में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पद पर तैनात काजी अली आसिफ इसी साल 31 मई को रिटायर हो गए, अयोध्या में प्रशासनिक अधिकारी रहे खुशीराम 30 अप्रैल को, सहायक अभियंता सिविल देशबंधु सिंह (आजमगढ़) 29 फरवरी, अकाउंटेंट सुरेन्द्रकांत (बलरामपुर) 31 जनवरी, सहायक अभियंता सिविल (लखनऊ) अरविंद कुमार पांडेय 31 मार्च, हेड असिस्टेंट विमला लोहानी, (लखनऊ) 31 मई, सीनियर असिस्टेंट संदीप सिंह (वाराणसी) से 26 मार्च को रिटायर हुए हैं। इसी तरह इस सूची में अन्य तमाम अधिकारियों के नाम शामिल हैं। पोर्टल में अन्य गड़बड़ियां भी हास्यास्पद हैं। एक ही खण्ड में दो-दो अधिशासी अभियंताओं की तैनाती तो वहीं कार्यरत अवर अभियंता को इस्तीफा दिया हुआ दिखाया जा रहा है। इतना ही नहीं जिले में जिस अवर अभियंता को 27 सालों से कार्यरत दिखाया जा रहा है, उसका बैच ही 2009 का है यानि नौकरी ही अभी 15 साल की हुई है। बहरहाल, डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के अध्यक्ष एनडी द्विवेदी जहां यह कहते हैं कि गलत डेटा को सही कराने के लिए विभाग को नोटिस दिया गया है। वहीं, लोनिवि के एक जिम्मेदार अधिकारी का कहना है कि कार्मिकों की अपलोड सूची पर आपतियां मांगी गई हैं। आपत्तियों का परीक्षण कर संशोधित सूची अपलोड की जाएगी। तबादलों के बाद भी आपत्तियां ली जाएंगी और आवश्यकता पड़ी तो सुधार होगा।

# पति को सबक सिखाने के लिए नवजात को तेज धूप में सूखे तालाब में छोड़ा

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में एक महिला ने अपनी आठ दिन की नवजात बच्ची की कथित तौर पर हत्या कर दी। महिला ने अपनी बच्ची को एक सूखे तालाब में तेज धूप में छोड़ दिया जिससे बच्ची की गर्मी से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी कि सुंदरबनी तहसील के कदमा प्रात गांव में एक शिशु का शव पड़ा हुआ है और उसे बरामद करने के लिए तुरंत एक दल वहां भेजा गया। जांच के दौरान पीड़िता की मां शरीफा बेगम ने बच्ची के पिता मोहम्मद इकबाल पर आरोप लगाया। बाद में यह पता चला कि इकबाल घटना के समय कश्मीर चला गया था।

# दरोगा ने भाजपा नगर महामंत्री को जड़े थप्पड़, सिपाहियों ने भी पीटा

## नाराज कार्यकर्ताओं ने घेरी सदर कोतवाली, धरने पर बैठे

लखीमपुर खीरी, कार्यालय


कोतवाली सदर में धरना देते भाजपा के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचारः** शहर के मेला मैदान चौराहे पर रविवार की देर रात कार्यकर्ता से विवाद की सूचना पर पहुंचे भाजपा नगर महामंत्री और पुलिस के बीच तीखी नोंकझोंक हो गई। इस दौरान दरोगा ने नगर महामंत्री को थप्पड़ जड़ दिए।

इसकी जानकारी होते ही भाजपाइयों में रोष पनप गया। बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता सदर कोतवाली पहुंच गए। घेराव कर हंगामा करते हुए कोतवाली परिसर में ही धरने पर बैठ गए। सीओ सदर के कारवाई का आश्वासन देने पर लोग शांत हुए। एसपी ने आरोपी दरोगा को लाइनहाजिर कर दिया है। शहर की गढ़ी रोड निवासी सूर्य प्रकाश मिश्र भाजपा नगर महामंत्री हैं। घटना रविवार की रात करीब 10:30 बजे की है। भाजपा कार्यकर्ता प्रदीप गुप्ता ने उन्हें बताया कि ओवरटेक करने को लेकर मेला मैदान में उनका किसी से विवाद हो गया है। उन्होंने इसकी सूचना सदर कोतवाली पुलिस को दी और अपने भाई विनय मिश्र और कपूर यादव के साथ मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराने की कोशिश कर रहे थे। इसी बीच दरोगा अब्दुल आलम खान सिपाहियों के साथ मौके पर आ गए। उन्होंने अपना परिचय देते हुए विरोध किया। इस पर भड़के दरोगा ने उन्हें थप्पड़ जड़ दिए। कई सिपाहियों ने भी उनके साथ मारपीट की और जीप में डाल लिया।

## एक क्लिक में पता चलेगा नर्सिंग और पैरामेडिकल बेरोजगारों की संख्या

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में नर्सिंग कॉलेज एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों से प्रशिक्षण प्राप्त होने के बाद कितने छात्रों को नौकरी मिल गई है, यह जानकारी सीएएसए पोर्टल पर मिलेगी। पोर्टल पर संबन्धित जानकारी अपडेट करने की जिम्मेदारी संस्थानों के प्रधानाचार्य को दी गई है, अपडेट अंतिम वर्ष की परीक्षा होने के छह माह पूर्व, हर वर्ष करनी होगी। इससे नौकरी पाने वालों के साथ ही जीएनएम, एएनएम व पैरामेडिकल्स के बेरोजगार अभ्यर्थियों की संख्या भी पता चलेगी। उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार ने मिशन निरामया शुरू किया गया है। नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे आदि लगाकर गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

# सांसद की कार की टक्कर से डॉक्टर की जान गई

कार्यालय संवाददाता, संभल



**अमृत विचारः** नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर सांसद की स्कॉर्पियो कार की टक्कर से रविवार देर रात बाइक सवार निजी चिकित्सक की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने स्कॉर्पियो कार कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया।

ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव अल्लीपुर निवासी डाक्टर गौरव (28 वर्ष) रविवार की रात नखासा थाना क्षेत्र के गांव चमरौआ स्थित रिश्तेदारी से बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहा था। डॉ. गौरव बाइक लेकर जैसे ही संभल हसनपुर मार्ग पर गांव सिंहपुरसानी के नजदीक लॉ कालेज के पास पहुंचा। सैदनगली की ओर से आ रही काले रंग की सांसद लिखी स्कार्पियों कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में डॉ. गौरव गंभीर रुप से घायल हो गया। टक्कर की आवाज को सुनकर मौके पर आसपास के लोग पहुंचे तो चालक स्कार्पियों कार को छोड़कर मौके से भाग गया। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्कार्पियों कार कब्जे में लेकर डॉ. गौरव को उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। रोते बिलखते जिला अस्पताल पहुंचे डॉ. गौरव के पिता समरपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। तहरीर मिलने पर पुलिस ने चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि स्कार्पियों कार संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क की है।

## सार-संक्षेप

### प्रेमी-प्रेमिका ने गले में फंदा लगाकर दी जान

**एटा, अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र में प्रेमी-प्रेमिका के शव पेड़ पर लटके मिले। दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे। परिवार वालों ने युवती की शादी कहीं और तय कर दी थी। यह घटना कोतवाली देहात क्षेत्र के नगला पाती गांव की है। यहां रहने वाला आकाश कुशवाहा (20) का उसी गांव की करिश्मा कुशवाहा (18) से करीब डेढ़ साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। घर वालों को इसकी जानकारी हुई तो दोनों के मिलने पर रोक लगा दी। मगर फोन पर दोनों की बातचीत जारी रही। उनके परिवार वालों को यह रिश्ता मंजूर नहीं था। इसलिए दोनों ने साथ मरने का फैसला कर लिया। सोमवार सुबह दोनों शव लटके होने की चर्चा फैली तो कुछ ही देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। दोनों के परिवार वाले भी मौके पर जा पहुंचे। ग्रामीणों की सूचना पर सीओ सिटी विक्रांत द्विवेदी व कोतवाली देहात प्रभारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने परिवारों से पूछताछ के बाद दोनों के शव नीचे उतारे और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। करिश्मा की मां ने बताया दोनों के बीच पिछले करीब डेढ़ साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक बार घर छोड़कर भाग भी चुके थे। कई बार समझाया, लेकिन नहीं माने।

### धर्मेंद्र यादव मामले की सुनवाई 27 को

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला आजमगढ़ के सांसद और बदायूं के पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव समेत 29 लोगों पर चुनाव की आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला एमपी-एमएलए सिविल जज सीनियर डिवीजन लीलू सिंह की अदालत में विचाराधीन है। इसमें बचाव पक्ष की बहस पूरी होने के बाद निर्णय आएगा। अब मामले की सुनवाई 27 जून को नीयत की गई है। विधानसभा चुनाव के दौरान साल 2022 में एसडीएम सदर सुखलाल प्रसाद वर्मा ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का यह मामला दर्ज कराया था। जिसके अनुसार चुनाव के दिनों में सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव ने एक लॉन में शिक्षामित्र और अनुदेशकों की भीड़ बुलाई थी। आरोप है कि प्रलोभन देकर उनका वोट हासिल करने का प्रयास किया जा रहा था। पुलिस ने जांच के बाद धर्मेंद्र यादव समेत 29 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। मामले में अभियोजन पक्ष की बहस पूरी हो चुकी है। अब बचाव पक्ष की बहस होनी है। बचाव पक्ष ने सोमवार को बहस की। मामले में अगली सुनवाई 27 जून को होगी।

### तीन भारतीयों ने नेपाल में बनवाए फर्जी पहचान पत्र

**पूरनपुर, अमृत विचार :** भारत के एक ही परिवार के तीन लोगों ने फर्जी तरीके से पहचान पत्र बनवा लिए। जबकि उनके भारत में आधार और पहचान पत्र पहले से बने हुए हैं। रिश्तेदार ने मामले की पोल खोलते हुए पुलिस से शिकायत की। इसमें एक परिवार के तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के प्रदीप देवल निवासी मोहल्ला लाइन पार साहूकारा ने बताया कि गांव पिपरिया दुलई के रहने वाले उसके रिश्तेदार विपिन देवल नेपाल में रहकर काम करते हैं। उनके साथ उनकी मां मनोरमा और बहन सुमन भी नेपाल के महेंद्रनगर क्षेत्र में रहती हैं। तीनों ने नेपाल देश की नागरिकता लेकर वहां का एनआईडी कार्ड भी बनवा लिया है जबकि विपिन, सुमन और मनिराम के भारत में भी आधार कार्ड और पहचान पत्र बने हुए हैं। आरोप है कि आरोपी नेपाल से नागरिकता मिलने के बाद भारत से तस्करी करते हैं। पुलिस ने विपिन, सुमन और मनोरमा के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है।

### बकायेदारों ने राजस्व टीम को पीटा

**खमरिया, अमृत विचार :** थाना खमरिया क्षेत्र में बकाया वसूली करने गई राजस्व टीम पर बकायेदार ने अपने साथियों के साथ हमला कर दिया। हमलावरों ने नायब तहसीलदार, संग्रह अमीन और होमगार्ड की जमकर पिटाई कर दी। हंसिए से वार किए। इससे तीनों घायल हो गए। पुलिस ने संग्रह अमीन की तहरीर पर एक युवक को नामजद कर 8-10 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सोमवार को धौरहरा तहसील के नायब तहसीलदार शशांक शेखर संग्रह अमीन पंकज कुमार वर्मा और होमगार्ड रूप कुमार शुक्ला के साथ बकाया वसूलने थाना खमरिया के गांव बेलवा मोती गए थे, जहां अमीन से बकायेदार ब्रजकिशोर से बकाया 50,193 जमा करने को लेकर विवाद हो गया। बताते हैं कि दोनों के बीच गाली गलौज होने लगी, जिसका नायब तहसीलदार और होमगार्ड ने विरोध किया। आरोप है कि इस पर भड़के ब्रजकिशोर ने अपने 8-10 साथियों के साथ टीम पर हमला बोल दिया और जमकर पिटाई करने लगे।

### तालाब में करंट से नौ भैंसों की मौत

**अमरोहा, अमृत विचार :** शहर क्षेत्र में सोमवार दोपहर बारिश के बीच ट्रांसफार्मर के तारों में फाल्ट होने से तार टूटकर खंभे पर गिर गया। इससे तालाब में करंट दौड़ गया। तालाब में नहा रही नौ भैंस की करंट से मौत हो गई जबकि कई भैंस व अन्य पशु झुलस गए। अधिकारियों ने जेसीबी से मृत भैंसों को बाहर निकलवाया। पोस्टमार्टम के बाद मृत पशुओं को गड्ढे में दबा दिया गया। नगर कोतवाली क्षेत्र में कैलसा बाईपास रोड स्थित तालाब में मोहल्ला छोड़ा के रहने वाले कुछ लोगों के पशुओं को नहाते रहते हैं। सोमवार दोपहर तेज बारिश हो रही थी। इस दौरान मोहल्ले के रहने वाले लोगों के पशु तालाब में नहा रहे थे। यहां के निवासी कलुआ की पांच भैंसे नहा रही थीं, जबकि इरशाद की दो भैंसे, यूसुफ की दो भैंसे, फैजान और फारुख की एक-एक भैंस नहा रही थीं। तालाब के पास ट्रांसफार्मर रखा है। दोपहर दो बजे ट्रांसफार्मर के तारों में फाल्ट हुआ और एक तार टूटकर खंभे पर गिर गया। इससे तालाब में हाईटेंशन करंट दौड़ गया।

## चोरी के शक में दो बालकों के सिर मुंडवाकर घुमाया, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** ढोलना थाना क्षेत्र के एक गांव में चोरी के शक में दुकानदार व उसके साथियों ने दो बालकों के सिर मुंडवाने के बाद अर्धनग्न कर पूरे गांव में घुमाया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने आरोपी दुकानदार को हिरासत में लिया है। उसके साथी फरार हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ढोलना थाना क्षेत्र के वाहिदपुर माफी निवासी हर प्रसाद की गांव में ही परचून की दुकान है। रविवार दोपहर उसकी दुकान से पांच हजार रुपये चोरी हो गए। हरप्रसाद को शक था उसकी दुकान में गांव के दो लड़कों ने चोरी की है। इनमें एक की उम्र 14 और दूसरे की करीब 10 साल है। बौखलाए दुकानदार ने शाम को दोनों बालकों को पकड़ लिया और पिटाई की। दुकानदार के दो साथियों ने भी बच्चों से मारपीट की। पिटाई करने पर भी दुकानदार का गुस्सा शांत नहीं हुआ तो दोनों बच्चों के सिर मुंड़वा दिए। फिर दोनों की शर्ट उतरवाई गांव में घूमाया। इसका वीडियो वायरल हो गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना ढोलना पुलिस को दे दी। कुछ ही देर में इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह गांव पहुंचे और ग्रामीणों से घटना के बारे में जानकारी ली। पुलिस ने आरोपी दुकानदार को हिरासत में लिया है।

## संविदाकर्मी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** डीफार्मा की ट्रेनिंग के लिए लेटर बनवाने के मामले में सीएमओ ऑफिस में तैनात संविदाकर्मी को तीन हजार की रिश्वत मांगना भारी पड़ गया। शिकायत के आधार पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटीकरप्शन) टीम ने रिश्वत लेते हुए संविदाकर्मी को रंगे हाथ पकड़ लिया। उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव बजावाला निवासी राजकुमार के पुत्र कैलाश ने डीफार्मा कर रखा है। अब वह तीन माह की ट्रेनिंग करने के लेटर बनवाने के लिए सीएमओ ऑफिस में तैनात संविदाकर्मी नवीन के पास चक्कर काट रहा था। लेटर बनवाने के बदले नवीन उससे तीन हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था।

# दोस्त की हत्या कर 10 दिनों तक घर में रखा

संवाददाता, फतेहपुर

● 14 जून से गायब था दोस्त, कैमरा वापस न करने का था विवाद

**अमृत विचार :** एक कैमरे के लिए दोस्त को घर बुलाकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद 10 दिनों तक आरोपी दोस्त के शव को घर में ही छिपाकर चैन से सोता रहा। गुमशुदगी दर्ज होने करने के बाद पुलिस की जांच में घटना का पर्दाफाश हुआ। पूछताछ में आरोपी ने वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस ने शव बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के अमरजई पटेल नगर निवासी राजा बाबू शादीपुर स्टेशन रोड में स्टूडियो का संचालन करता है। राजा के स्टूडियो में उसका साथी शादीपुर निवासी फैयाज (40) कई सालों से फोटोग्राफी का काम करता था। बताया गया कि कई दिन पहले फैयाज स्टूडियो से एक कैमरा ले गया था जिसे वह राजा बाबू को वापस नहीं कर रहा था। इसकी वजह से दोनों में विवाद हुआ । राजा बाबू की पत्नी बच्चों को लेकर मायके में थी। इसलिए 14 जून की रात राजा बाबू ने दोस्त फैयाज को शराब पार्टी के लिए अपने घर बुलाया। बताया जा रहा है कि राजा बाबू और फैयाज के बीच नशे की हालत में कैमरे को लेकर फिर विवाद हुआ और आरोपी ने उसकी हत्या कर दी। सूने घर का फायदा उठाकर राजा बाबू ने दोस्त का शव घर में ही छिपा दिया। इस हालत में वह 10 दिनों तक घर में शव को रखकर चैन की नींद सोता रहा। जब फैयाज अपने घर नहीं पहुंचा तो राजा बाबू से जानकारी की तो उसने कहा कि वह यहां से चला गया था। उसके परिजन उसकी दूसरी जगह खोज करने लगे। किसी को राजा बाबू पर शक नहीं हुआ।

तलाशने पर भी घरवालों को फैयाज का कोई सुराग न मिला तो 17 जून को कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस को दोस्त राजा बाबू पर शक हुआ। पुलिस जांच की जद में राजा बाबू को लेकर आगे बढ़ी तो घटना का पर्दाफाश हुआ। शक के आधार पर आरोपी से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

## हरियाणा के मुख्यमंत्री ने किये रामलला के दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को अपनी कैबिनेट के 13 मंत्री व 19 विधायकों के साथ रामलला के दर्शन करने के लिए पहुंचे। उनके साथ हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता भी मौजूद रहे। दर्शन-पूजन के बाद सभी ने सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में पहुंचकर आशीर्वाद लिया। सरयू तट पर आचमन किया। राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास से मुलाकात की। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने कहा कि राम मंदिर हमारी आस्था व संस्कृति का केंद्र बिंदु है।

# भाकियू ने नदी में खड़े होकर शुरू किया सत्याग्रह आंदोलन

संवाददाता, प्रयागराज


यमुना नदी में खड़े होकर सत्याग्रह आंदोलन करते भाकियू नेता और कार्यकर्ता।

**अमृत विचारः** यमुना नगर के किसानों ने सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसानों का हुजूम ट्रैक्टर से झलवा से मदारीपुर कंजासा पहुंच गया। किसानों ने अपनी प्रमुख मांगों को लेकर सत्याग्रह शुरु कर दिया। किसानों ने यमुना नदी में खड़े होकर सरकार विरोधी नारे लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया।

भारतीय किसान यूनियन की यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह ने बताया कि लगातार कई महीनों से किसान अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाक़ात करते रहे। उनसे शिकायत भी की। उन्हें ज्ञापन भी दिया, लेकिन नतीजा सिफर रहा। जिसके बाद सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले बड़ी संख्या में किसानों का हुजूम ट्रैक्टर से झलवा से मदारीपुर कंजासा पहुंच गया। जहां यमुना की धारा में खड़े होकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ जल सत्याग्रह का फैसला लिया। किसानों ने नदी में खड़े होकर जमकर नारे लगाए और प्रदर्शन किया। किसान अपनी 26 सूत्रीय मांगों को लेकर अधिकारियों से मांग करते रहे, लेकिन उनकी नहीं सुनी गई। उनकी मांगे प्रमुख रूप से राजस्व विभाग, बिजली विभाग, पुलिस विभाग और प्रयागराज विकास प्राधिकरण से जुड़ी हैं। किसानों ने कहा कि यह जल सत्याग्रह आंदोलन किसानों की आवाज बनेगा। जो प्रदेश सरकार तक पहुंचेगी।

## पूर्व विधायक सोनू समेत तीन जेल से हुए रिहा

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** व्यापारी को पीटने व जेसीबी से दीवार ढहाने के मामले में हुई डेढ़ साल की सजा को चुनौती देने वाली अपील पर हाईकोर्ट ने जेल में बंद इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व सह आरोपियों को जमानत दे दी थी। सोमवार को एमपी-एमएलए विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में पूर्व विधायक के वकील रुद्र प्रताप सिंह मदन ने पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, रुक्सार व अंशू सिंह की तरफ से जमानत के बंध पत्र दाखिल किए थे।

# उत्तराखंड

## पहाड़ पर जमकर हो रही प्री-मानसून की बारिश

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पहाड़ पर प्री-मानसून की झमाझम बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र ने तीव्र बारिश को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है। सोमवार को लैंसडोन में 32 मिमी, नैनीताल में 23.5 मिमी, अल्मोड़ा में 12.5 मिमी, मसूरी में 5.2 मिमी बारिश हुई। देहादून में अधिकतम तापमान 33.9 डिग्री दर्ज किया। हल्द्वानी में हल्की बूंदाबांदी हुई और तापमान 34.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बारिश की वजह से मुक्तेश्वर में ठंड शुरू हो गई है और पारा 22.2 डिग्री रहा। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने सभी जिलो में गर्जन के साथ बारिश होने का अनुमान जताया है। 27 और 28 जून को भारी बारिश हो सकती है।

# वित्तीय अनियमितता वाली सहकारी समितियों की होगी एसआईटी जांच

ब्यूरो, देहरादून


डॉ. धन सिंह रावत।

● विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दिए निर्देश, कहा भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं

**अमृत विचार :** राज्य की जिन सहकारी समितियों में वित्तीय अनियमितता पाई गई है, उन सभी की एसआईटी जांच की जाएगी। विभागीय जांच में समितियों के वित्तीय लेन-देन में अधिकारियों और कर्मचारियों को भी दोषी पाया है। उनके खिलाफ कार्रवाई के साथ गबन की गई धनराशि को ब्याज सहित वसूला जाएगा।

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने यह निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों में किसी भी तरह के भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन सहकारी समितियों में वित्तीय अनियमितता या पैसा गबन के मामले मिले हैं, उनके खिलाफ एसआईटी जांच की जाएगी। लंबे समय से कई माध्यमों से सहकारी समितियों में वित्तीय लेन-देन में गड़बड़ी की सूचानाएं मिल रही थीं, जिस पर विभागीय जांच के निर्देश दिए गए थे। डॉ. रावत ने बताया कि पहले चरण के तहत हुई विभागीय जांच में प्रदेश की कई समितियों में वित्तीय गड़बड़ी एवं गबन के मामले सामने आए हैं। इनमें पौड़ी में डाण्डामंडी एवं चांदपुर एम्पैक्स, देहरादून में विकासनगर, त्यूणी, दसऊ एवं भानियावाला एम्पैक्स, रुद्रप्रयाग में दैड़ा बहुउद्देश्यीय साधन सहकारी समिति, टिहरी में मेगाधार (भिलंगना), बड़कोट (जाखणीधार), सांदणा (जाखणीधार), पडिया, रौणिया (प्रतापनगर) एम्पैक्स, अल्मोड़ा में फलसीमा एवं भवाली एम्पैक्स, हरिद्वार में बहुउद्देश्यीय किसान सेवा सहकारी समिति बेल्डा और ऊधमसिंह नगर में फौजीमटकोटा किसान सेवा सहकारी समिति शामिल है।

## नौकरी का झांसा देकर ठगे 3.30 लाख रुपये

**काशीपुर, अमृत विचारः** ऑनलाइन जॉब का झांसा देकर साइबर ठगों ने धोखाधड़ी से 3.30 लाख की रकम ठग ली। पुलिस को दी तहरीर में कुंडेश्वरी निवासी काफिया पत्नी शोएब अली ने कहा कि 12 जून 2024 को वह अपने मोबाइल पर इंस्टाग्राम की वीडियो देख रही थी। उसमें घर बैठे जॉब कर रुपये कमाने का विज्ञापन दिखाई दिया। उसमें दिए व्हाट्सएप नम्बर पर संपर्क करने पर उसे विभिन्न टास्क के बारे में जानकारी दी गयी। उसके पीएनबी खाते में 320 रुपये की प्रोफिट राशि भी भेजी गई। इसके बाद उसके खाते में कुछ और राशि भेजी गई। बाद में उन्होंने भरोसे में लेकर 13 जून 2024 से 16 जून 2024 तक अलग-अलग खातों में कुल 3,30,900 रुपये ट्रान्सफर कराये।

# टनकपुर-चम्पावत एनएच डेढ़ घंटे रहा बंद

संवाददाता, टनकपुर


टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग में आया मलबा और बोल्डर। ● अमृत विचार

● सूखीढांग में आया मलबा यातायात हो रहा प्रभावित

**अमृत विचार :** टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को मलबा आने से करीब डेढ़ घंटे तक मार्ग बाधित रहा। जिस कारण पर्वतीय और मैदानी क्षेत्र को आने-जाने वाले यात्रियों को भारी दिक्कतें उठानी पड़ी। सड़क बंद होने से मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई।

आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक टनकपुर चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर सूखीढांग पर मलबा आ गया। सोमवार सुबह 7.33 बजे आए मलबे से डेढ़ घंटे से अधिक समय तक सड़क पर आवाजाही ठप रही। टनकपुर से चम्पावत और पहाड़ी क्षेत्रों तथा पहाड़ से मैदान को जाने वाले लोगौं को लंबा इंतजार करना पड़ा। मशीनों के जरिए मलबा हटाकर सुबह 9.06 बजे एनएच को आवाजाही के लिए सुचारू किया जा सका। वहीं बीते 24 घंटों में लोहाघाट में 6 मिलीमीटर बारिश हुई है। सोमवार सुबह जिले के अधिकांश हिस्सों में हल्की बारिश रही। वहीं जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में हुई यह बारिश किसानों की धान की रोपाई के लिए काफी लाभदायक बताई जा रही है।

# पंतनगर में फंदे से लटका मिला एटीसी इंचार्ज

संवाददाता, पंतनगर



**अमृत विचार :** पंतनगर एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक इंचार्ज (एटीसी) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सोमवार सुबह उनका शव एयरपोर्ट परिसर के सरकारी आवास में पंखे से लटका मिला। मृतक महिला के गेटअप में था और श्रृंगार भी कर रखा था।

पिथौरागढ़ शहर निवासी आशीष चौसाली (35) चौसाली पंतनगर एयरपोर्ट में एटीसी इंचार्ज थे और एयरपोर्ट परिसर में बने सरकारी आवास में रहते थे। उनके साथ उनका भतीजा आकाश भी रहकर सिडकुल की किसी कंपनी में काम करता है। रविवार की रात आशीष का फुफेरा भाई उनके यहां आया था। लगभग साढ़े दस बजे आकाश व परिचित वहीं सो गए जबकि आशीष दूसरे कमरे में सोने चला गया। सोमवार सुबह लगभग छह बजे आकाश ने आशीष के कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन जवाब नहीं मिला। दरवाजे को तोड़ा, तो अंदर आशीष पंखे में फंदे से लटका हुआ था।

# जेल में एचआईवी पॉजिटिव निकली लुटेरी दुल्हन, अलर्ट जारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** पश्चिमी यूपी की जेल में बंद एचआईवी पॉजिटिव लुटेरी दुल्हन को लेकर जिले का स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया है और सीएमओ ने अलर्ट जारी कर महिला के संपर्क में आने वाले लोगों से गोपनीय तरीके से सरकारी एचआईवी जांच केंद्र में आकर एचआईवी की जांच कराने का आदेश जारी किया है। पता चला है कि लुटेरी दुल्हन के संपर्क में आने वाले जिले के तीन लोगों को एआरटी में डालकर उपचार शुरू कर दिया है।

बताते चलें कि पश्चिमी यूपी की जेल में बंद किच्छा की रहने वाली एक महिला की तबीयत बिगड़ने पर खून की जांच की गई, तो जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। जांच में पता चला कि लुटेरी दुल्हन के नाम से विख्यात महिला एचआईवी पॉजिटिव है और कई लोगों से शारीरिक संबंध बना चुकी है। रिपोर्ट आते ही पश्चिमी यूपी के जेल प्रशासन ने इसकी जानकारी ऊधमसिंह नगर स्वास्थ्य विभाग को दी। जिस पर विचार विमर्श करने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने अलर्ट जारी कर दिया है। उन्होंने अपील की है कि मामला संज्ञान में आते ही जब एचआईवी पॉजिटिव महिला से पूछताछ की तो तीन लोगों के नाम सामने आए हैं। जो कि अपने ही जनपद के हैं। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने ब्लड सैंपल की जांच की, तो पाया कि तीनों व्यक्ति एचआईवी पॉजिटिव हैं। जिसके बाद तीनों को एआरटी मूड पर रखते हुए इलाज शुरू कर दिया है। इसके अलावा सीएमओ ने उन लोगों से आग्रह किया है कि वह सरकारी एचआईवी जांच केंद्र में जाकर गोपनीय तरीके से अपनी जांच करवा सकते हैं और यदि रिपोर्ट पॉजिटिव आती है तो ऐसे लोग दूसरों से अपना संपर्क कर ना छोड़ दें। साथ ही एआरटी की दिशा में अपना उपचार शुरू कर दें। ताकि समय रहते एचआईवी बीमारी को बढ़ने से रोका जा सके।

### पांच शादियां कर लूट चुकी है लाखों के जेवरात

**रुद्रपुर :** पश्चिमी यूपी की जेल में बंद एचआईवी पॉजिटिव निकली आरोपी महिला पांच लोगों से शादी कर लाखों के जेवरात लूट चुकी है। गिरफ्तारी के बाद यह चौकाने वाली बात सामने आई। पूछताछ में आरोपी महिला का कहना है कि वह अपने नेटवर्क के माध्यम से ऐसे लोगों को चिह्नित करती थी, जो आर्थिक स्थिति से बेहद मजबूत होते है और शादी करने के बाद वह शारीरिक संबंध बनाने के बाद रातों रात जेवरात लेकर फरार हो जाती थी। यही कारण है कि सारी घटनाएं उसने पश्चिमी यूपी में जाकर की और ऊधमसिंह नगर में अभी तक कोई मामला सामने नहीं आया।

# भीमताल बाईपास पर लगा ढाई किमी लंबा जाम, रेंगते रहे वाहन

संवाददाता, भीमताल


भीमताल के बाईपास मार्ग पर लगा जाम।

**अमृत विचारः** नगर में बरसात शुरू होने के साथ ही पर्यटक वाहनों की संख्या में कमी आई है, लेकिन जाम पूर्व की तरह लग रहा है। सोमवार को भीमताल के बाईपास मार्ग में वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब ढाई किलोमीटर तक जाम लग गया। जिससे वाहन रेंगते रहे। तेज बरसात होने से जाम को खुलवाने के लिए कोई पुलिस कर्मी नहीं पहुंचा। बाद में जाम में फंसे चालकों ने खुद बारिश में भीगकर जाम खुलवाया। जाम में कई डंपर, ट्रक, कार व दोपहिया वाहन फंसे रहे। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाईपास मार्ग पर अतिक्रमण होने के कारण कम वाहनों में भी जाम लग जाता है। लोगों ने अतिक्रमण हटाकर जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

# अब जालसाजी से मुक्त होगी संपत्ति की खरीद-फरोख्त

## नये फीचर्स के साथ जल्द ऑनलाइन उपलब्ध होंगे ई-स्टाम्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- ई-स्टाम्प को ज्यादा सुरक्षित बनाएगी राज्य सरकार

**अमृत विचार :** अब संपत्ति की खरीद-फरोख्त अथवा एग्रीमेंट में स्टाम्प-पेपर की जालसाजी नहीं हो सकेगी। इतना ही नहीं स्टाम्प पेपर की कालाबाजारी और कमीशनखोरी पर भी अंकुश लगेगा। राज्य सरकार ई-स्टाम्प को और अधिक सुरक्षित बनाने जा रही है। इसके लिए स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग की तैयारियां पूरी हैं। शुरुआत में छोटी रकम के ई-स्टाम्प के जरिए इस सुविधा का लाभ जनता को देने की तैयारी है।

दरअसल, इन ई-स्टाम्प को आधार कार्ड के जरिए ऑनलाइन सत्यापित करने के बाद पर्सनलाइज्ड करके उसी आधार कार्ड धारक के द्वारा के प्रयोग के लिए प्राप्त किया जा सकेगा। इससे जाली स्टाम्प के डर से पूरी तरह से मुक्ति मिल जाएगी। विभाग ई-स्टाम्प के नये प्रारूप की डिजाइन भी फाइनल कर चुका है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर फिलहाल 100 रुपए से कम के ई-स्टाम्प को लेकर ये प्रयोग किया जाएगा। नये प्रारूप की रूपरेखा और ई-स्टाम्प को सुरक्षित रखने के लिए 9 प्रकार के विशेष नये सिक्योरिटी फीचर्स इस्तेमाल में लाए गये हैं। इसमें 1-डी बार कोड, स्टैटिक लाइन, स्टैटिक एसडी अमाउंट, टेक्स्ट थ्रेड, एएसवाईएम सर्टिफिकेट आईडी, खरीददार का नाम, सिंगल लेयर लोगो, टेक्स्ट थ्रेड डेट, टेक्स्ट रिबन और बीजी का उपयोग किया गया है। इसके जरिए जाली स्टाम्प बनाना असंभव हो जाएगा। 2023-24 के आंकड़ों के अनुसार 100 रुपए से अधिक मूल्य के 47 लाख से अधिक ई-स्टाम्प जारी किये गये, वहीं 100 रुपए से कम मूल्य के 2 करोड़ 56 लाख से अधिक ई-स्टाम्प पेपर जारी किये जा चुके हैं। माना जाता है कि छोटे मूल्य के स्टाम्प पर कमीशन कम होता है, अक्सर ऐसी शिकायतें भी मिलती हैं कि कुछ वेंडर छोटे मूल्य के स्टाम्प की किल्लत बताकर कालाबाजारी का भी प्रयास करते हैं। अब छोटे मूल्य के ई-स्टाम्प की उपलब्धता के बाद इस प्रकार की परेशानियों से भी छुटकारा मिलेगा।

# बंद चार इकाइयां चालू, पर बिजली संकट बरकरार

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में बिजलीघरों की बंद चल रही छह इकाइयों में से चार इकाइयां चालू हो गईं, पर दो इकाइयां अभी भी ठप हैं। इस बीच ओबरा की एक इकाई ठप हो गई है। तीन इकाइयों के ठप होने के कारण प्रदेश में बिजली संकट बना हुआ है। साथ ही, स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति के बाधित होने का सिलसिला जारी है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार ओबरा की दो सौ मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई है। इस इकाई को चालू करने के लिए प्रयास शुरू हो गए हैं। इसी तरह, पहले से बंद चल रही बारा की 660 मेगावाट व मेजा की 660 मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां अभी चालू नहीं हो पाई हैं। इन इकाइयों को भी चालू करने के लिए प्रयास जारी हैं। बिजली अभियंताओं ने सोमवार की देर रात तक इकाइयों के चालू होने की संभावना जताई।

# राजस्व की प्राप्ति में फिसड्डी 30 जिलों को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कम राजस्व पर बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, मुरादाबाद समेत 29 जिलों को चेतावनी

**अमृत विचार :** राजस्व प्राप्ति में फिसड्डी रहने पर महानिरीक्षक (आईजी) निबंधन डॉ. रुपेश कुमार ने लखनऊ, गोरखपुर व कानपुर समेत 30 जिलों के सहायक महानिरीक्षक (एआईजी) को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि और बरेली, मुरादाबाद समेत 29 जिलों के सहायक महानिरीक्षक को चेतावनी दी है।

महानिरीक्षक ने शिविर कार्यालय लखनऊ में 1 से 15 जून तक स्टाम्प और निबंधन शुल्क प्राप्ति की जिलों से ऑनलाइन रिपोर्ट तलब की। इन 15 दिवसीय कार्यों में 300 करोड़ से अधिक वार्षिक लक्ष्य वाले 25 में 10 जिलों लखनऊ, कानपुर नगर, गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, फिरोजाबाद, जौनपुर, अलीगढ़ व देवरिया में सबसे कम राजस्व प्राप्ति पाई गई। इसी तरह वार्षिक लक्ष्य 200 से 300 करोड़ वाले 22 में 10 जिले अमरोहा, बहराइच, प्रतापगढ़. सीतापुर, हरदोई, इटावा, लखीमपुर खीरी, गाजीपुर, बलिया व रायबरेली सबसे पीछे रहे। इसके अलावा वार्षिक लक्ष्य 200 करोड़ वाले 28 में 10 जिलों कानपुर देहात, सोनभद्र कासगंज, अमेठी, फतेहपुर, चंदौली, एटा, फर्रुखाबाद, मैनपुरी व कन्नौज की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। इस पर सोमवार को महानिरीक्षक ने फिसड्डी इन 30 जिलों के सहायक महानिरीक्षक को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी। दूसरी ओर 43 फीसदी से कम राजस्व प्राप्ति होने पर बरेली, मुरादाबाद, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, चित्रकूट, बस्ती, संभल, झांसी, औरैया, बांदा, सुल्तानपुर, बलरामपुर, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, हमीरपुर, ललितपुर, श्रावस्ती, संत रविदास नगर, अंबेडकरनगर, संतकबीर नगर, हाथरस व मऊ आदि के इन जिलों के सहायक महानिरीक्षक को चेतावनी दी गई है।

## सार-संक्षेप

### कांस्टेबल भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने वाले मोनू शर्मा को मिली जमानत

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस कांस्टेबल परीक्षा में हेराफेरी करने के मामले के आरोपी मोनू शर्मा उर्फ मोनू पंडित को जमानत दे दी है। मोनू शर्मा को इस वर्ष की शुरुआत में गिरफ्तार किया गया था। मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करते हुए कोर्ट ने पाया कि उसके पास कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई, साथ ही सह-आरोपी (मोनू कुमार और रजनीश रंजन), जिन्हें आवेदक के साथ पकड़ा गया, उन्हें हाईकोर्ट की समन्वय पीठ द्वारा पहले ही जमानत पर रिहा कर दिया गया है। हालांकि कोर्ट ने आवेदक के चार अन्य मामलों से जुड़े आपराधिक इतिहास पर विचार किया, लेकिन उन्होंने पाया कि उसे उन सभी मामलों में जमानत दे दी गई है। उपरोक्त आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन की एकलपीठ ने पारित किया। उत्तर प्रदेश कांस्टेबल भर्ती एवं प्रोन्नति परीक्षा (17 और 18 फरवरी 2024 को होने वाली) का प्रश्नपत्र परीक्षा आयोजित होने से पहले ही लीक करने के आरोप में याची के खिलाफ पुलिस स्टेशन नवाबाद, झांसी में मामला दर्ज किया गया था।

### वैभव कृष्ण आजमगढ़ परिक्षेत्र के नए डीआईजी बने

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में स्थानान्तरण का दौर जारी है। सोमवार की देर रात दो आईपीएस अधिकारियों का स्थानान्तरण हुआ। इसके अलावा डीजीपी मुख्यालय ने दो पुलिस उपाधीक्षकों के तबादले किये हैं। गृह विभाग के प्रवक्ता के अनुसार आजमगढ़ के पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार को इसी पद पर ईओडब्लू लखनऊ में तैनाती दी गयी है, जबकि सुरक्षा में तैनात पुलिस उप महानिरीक्षक वैभव कृष्ण को आजमगढ़ परिक्षेत्र का डीआईजी बनाया गया है। गौतमबुद्धनगर में एसएसपी के पद पर तैनात रहने के दौरान वैभव कृष्ण पर गंभीर आरोप लगे थे, जिसमें वह काफी समय तक निलंबित रहे। इसके अलावा पुलिस महानिदेशक मुख्यालय द्वारा किये गये पुलिस उपाधीक्षकों के तबादले के क्रम में विकास श्रीवास्तव को सहायक आयुक्त वाराणसी से सुरक्षा मुख्यालय लखनऊ और एलआईयू गोरखपुर में तैनात पुलिस उपाधीक्षक अभिषेक कुमार राहुल को सहायक पुलिस आयुक्त कानपुर नगर भेजा गया है।

# शोहदों से परेशान, पुलिस से निराश किशोरी ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- गांव के दो सगे भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज, एक गिरफ्तार

**अमृत विचार :** शोहदों की छेड़छाड़ से परेशान और पुलिस के कार्रवाई न करने से आहत किशोरी ने 23 जून की शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि कई बार पुलिस से गुहार लगाई, तहरीर भी दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

आरोप है कि थाने पहुंचे मां-बाप से पुलिसकर्मियों ने मारपीट भी की। यह घटना मऊ थानांतर्गत एक गांव की है। यहां की निवासी महिला ने बताया कि उसकी 16 वर्षीया बेटी 10वीं की छात्रा थी। वह साइकिल से गांव से लगभग दस किमी दूर कॉलेज में पढ़ने जाती थी। गांव के सगे भाई रंगीलाल और मुन्नीलाल उसकी बेटी से छेड़खानी करते थे। उसने कई बार थाने में शिकायत भी की पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि पुलिस वालों ने शिकायत करने गए माता-पिता की पिटाई कर दी। इसके बाद शोहदे आए दिन उसे छेड़ने लगे। उसका घर से निकलना दूभर हो गया। इससे क्षुब्ध होकर 23 जून की शाम उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## परिणय सूत्र में बंधे पुरुष व महिला सिपाही, विवाद खत्म

**उन्नाव, अमृत विचार :** सदर कोतवाली में तैनात एक आरक्षी का सहकर्मी महिला आरक्षी से काफी अर्से से प्रेम-संबंध था। आरोप है कि बीते कुछ समय से पुरुष आरक्षी ने युवती से दूरी बना ली तो उसने कोतवाली में बीती 19 जून को रिपोर्ट दर्ज करा दी। जेल जाने की संभावना और बढ़ती मुसीबत देख आरक्षी शादी के लिए तैयार हो गया। युवती ने एफआर के लिए हलफनामा दे दिया था। सोमवार को मगरवारा चौकी इंचार्ज इंद्रदेव उपाध्याय व अन्य पुलिस कर्मियों के साथ दोपहर दोनों गोकुल बाबा मंदिर पहुंचे। वहां आचार्य की मौजूदगी में मंत्रों के साथ अग्नि को साक्षी मान दोनों ने सात फेरे लिये और एक-दूसरे को वरमाला पहनाई। इस दौरान पुरुष सिपाही के परिवार से तो उसके भाई और अन्य परिजन थे लेकिन महिला सिपाही के परिवार से दो तीन महिलाएं ही रहीं।

# एक फीट जमीन के लिए बड़े भाई को मार डाला

संवाददाता, औरास (उन्नाव)

**अमृत विचार :** औरास थानांतर्गत प्रताप खेड़ा गांव में मात्र एक फीट जमीन के विवाद में सोमवार सुबह छोटे भाई ने अपने बेटे के साथ मिलकर बड़े भाई को डंडे व फावड़े से हमला कर मार डाला। बचाने आई उसकी पत्नी व सबसे छोटे भाई को भी घायल कर दिया। पुलिस ने हत्यारोपी पिता-पुत्र को हत्या की रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया।

मजरा प्रतापखेड़ा गांव निवासी गुरुचरण (57) का अपने छोटे भाई रामकिशोर से घर के अंदर सहन की एक फीट जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसकी शिकायत पुलिस के पास भी पहुंची थी। जिस पर दोनों को पाबंद किया गया था। सोमवार को इसी विवादित जगह मिट्टी डालने की बात पर दोनों में कहासुनी शुरू हुई और देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। इस पर रामकिशोर के बेटे अखिलेश ने ताऊ गुरुचरण के सिर पर डंडा मार दिया। रामकिशोर ने भी फावड़े के बेंत से गुरुचरण के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए जिससे गुरुचरण की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद ग्रामीण इकट्ठा हो गए जिससे हत्यारोपी भाग नहीं सके।

# तीन सिपाहियों को 10-10 साल की जेल

संवाददाता, सीतापुर

- वर्ष 2003 में पुलिस कस्टडी में मौत का मामला

**अमृत विचार :** पुलिस अभिरक्षा में युवक द्वारा फांसी लगाये जाने के मामले में आरोपी तीन आरक्षियों को एससी/एसटी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश मो. शफीक ने दोषी करार देते हुए तीनों आरक्षियों को 10-10 साल की सजा के साथ 21-21 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

वर्ष 2003 जुलाई के मामले में कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद दो रिटायर हो चुके सिपाहियों सहित एक तैनात आरक्षी को जेल भेजा है। मामले में सुनवाई के दौरान तीनों आरक्षीजमानतपर बाहर चल रहे थे। 7 जुलाई वर्ष 2003 को रामकोट थाना इलाके के ग्राम मोहद्दीनपुरनिवासी मृतक डालचंद्र (25) न्यायालय में अपने ऊपर चल रहे एक मुकदमे की पैरवी कर वापस घर जा रहा था। रास्ते में करीब 4 बजे कचनार चौकी पर तैनात आरक्षी केशरीनंदन पटेल और आरक्षी सुरेश ने हिरासत में लेकर उसे चौकी कचनार ले गये। चौकी पर उसे गुंडा एक्ट के एक वारंट में कमरे में बंद कर दिया गया था। जहां शाम 5 बजे मृतक डालचंद्र ने कुंडे से लटक कर पुलिस अभिरक्षा में आत्महत्या कर ली। आरोपी की पुलिस अभिरक्षा में मौत के बाद पुलिस ने मृतक के भाई मैना की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की तफ्तीश शुरू की गई। न्यायालय तीनों आरोपियों को जमानत पर रखकर मामले की सुनवाई कर रहा था।

### दो आरक्षी सेवानिवृत एक पोस्टेड

युवक की मौत मामले में बाद तीनों आरक्षियों का अलग-अलग जनपदों में तबादला हो गया था। इन आरक्षियों में आरक्षीसुरेश सिंह और आरक्षीसियाराम यादव पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हो चुके हैं जबकि आरक्षी केसरी नंदन पटेल मौजूदा समय में जनपद बहराइच के कैसरगंज थाने में तैनात थे।

## धर्म दर्शन

# यज्ञोपवीत के प्रवर



यज्ञोपवीत में गांठ लगाने के पहले धागे के एक छोर से लूप बनाया जाता है और दूसरे छोर को तीन या पांच बार लपेटा जाता है। ये तीन या पांच लपेटन की संख्या प्रवरों की संख्या पर निर्णीत होती है। जिन गोत्रों के पांच प्रवर होते हैं वे पांच लपेटन देते हैं। तीन प्रवर वाले तीन लपेटन देते हैं। इसके बाद धागे को लूप से ले जाकर कसा जाता है और गांठें दी जाती हैं। प्रवर गोत्र के पूर्वज ऋषियों के नाम होते हैं। उदाहरण के लिए वत्स गोत्र वालों के पांच प्रवर हैं। वे ऋषि हैं- भार्गव, च्यवन, आप्नवान, और्व और जमदग्नि। ब्रह्मा के मानस पुत्रों में सर्वश्रेष्ठ भृगु ऋषि गोत्रोत्पन्न वत्स ऋषि से यह गोत्र स्थापित हुआ। मूल ऋषि भृगु रहे। इस वंश में पांच प्रवर-भार्गव, च्यवन, आप्नवान, और्व और जमदग्नि हुए। मूल ऋषि होने के कारण भृगु ही इनके गण हुए। परशुराम इसी वंश के थे, वह जमदग्नि के कनिष्ठ पुत्र थे।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यज्ञोपवीत के ये पांच प्रवर हमें याद दिलाते हैं इन ऋषियों का। हमें यह भी जानना चाहिए कि उन ऋषियों ने क्या किया था। केवल यज्ञोपवीत धारण करना काफी नहीं है। केवल नाम जानना पर्याप्त नहीं है। कुछ लोगों का कहना है कि नाम पर्याप्त होता है। यह झूठ है। कहते हैं-उल्टा नाम जपत जग जाना/वाल्मीकि भये ब्रह्म समाना। लेकिन यह बेकार बात है। छांदोग्य उपनिषद (7.1-26) में बतलाया गया है कि नाम काफी नहीं होता। कहानी कुछ यूं हैः एक बार नारद ऋषि सनत्कुमार के पास गए और उनसे ज्ञान का मार्ग दिखाने तथा सर्वोच्च सत्य की शिक्षा देने का अनुरोध किया। सनत्कुमार ने नारद जी से कहा, "मुझे बताओ कि तुम क्या जानते हो, और फिर मैं तुम्हें उससे आगे की बातें सिखाऊंगा।" तब नारद ने उनसे विनम्रतापूर्वक कहा, "मैं चारों वेदों और महाकाव्यों को जानता हूं, मैंने व्याकरण, कर्मकांड, गणित, खगोल विज्ञान, दर्शन, मनोविज्ञान, ललित कला और विभिन्न अन्य धर्मनिरपेक्ष विषयों का अध्ययन किया है, लेकिन इस सारे ज्ञान ने मुझे आत्म को जानने में मदद नहीं की है। मैंने आप जैसे आध्यात्मिक गुरुओं से सुना है कि जो व्यक्ति आत्म को जान लेता है, वह दुःख से परे चला जाता है। मैं दुःख में खोया हुआ हूं। कृपया मुझे सिखाएं कि मैं कैसे परे जाऊं।" नारद और सनत्कुमार के बीच एक बहुत लंबा संवाद है जिसके माध्यम से सनत्कुमार नारद को बताते हैं कि नारद जो कुछ भी जानते हैं वह केवल नाम है। इससे परे जाने के लिए व्यक्ति को यह जानना होगा कि नाम से बड़ा क्या है। इस उपनिषद से हम सीखते हैं कि नाम काफी नहीं है। यह शुरुआत जरूर है, लेकिन केवल नाम जपते रहने से आपको कुछ नहीं मिलना है। ब्रह्मसमाना होने का भ्रम न पालिए। तो प्रवरों के नाम जानना पर्याप्त नहीं है। अपने प्रवर ऋषियों को जानिये। उनके कामों को जानिए। उनका अनुकरण कीजिए।

# ऋग्वेद और अथर्ववेद



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

ऋग्वेद और अथर्ववेद में पादबद्ध मंत्र हैं और इनका गान होता है। उपनिषदों का कहना है कि वाणी और प्राण का जैसा संबंध है, वैसा ही संबंध ऋचा और साम का है। ऋचा शब्द का अर्थ है-चरण युक्त मंत्र। इन मंत्रों का षड्ज, मध्यम आदि स्वरों में आलाप होता है। वेदमंत्रों के गान को ही साम कहा गया है। केवल मंत्र पाठ को ही साम नहीं माना जा सकता है और न सिर्फ गान को ही, बल्कि इन दोनों के मिश्रण को ही साम कहा गया है। स्वर-आलाप ही साम की गति है। स्वर अथवा आलाप के बिना साम नहीं होता है। साम का स्वरूप आलाप है। अतः निश्चित है कि साम शब्द से हमें उन गानों को समझना चाहिए, जो भिन्न-भिन्न स्वरों में ऋचाओं पर गाये जाते हैं। जिन ऋचाओं के ऊपर ये साम गाये जाते हैं, उनको वैदिक लोग "साम -योनि" नाम से पुकारते हैं। यहां यह ध्यान रखना चाहिए कि जिसे सामवेद संहिता कहा गया है, वह इन्हीं सामयोनि ऋचाओं का संग्रह है। यही सामवेद के रूप मे पुस्तकाकार संकलित है। सामवेद के दो प्रधान भाग हैं-आर्चिक तथा गान। आर्चिक शब्द का अर्थ है ऋचासमूह। इसके दो भाग हैं पूर्वआर्चिक तथा उत्तरार्चिक। इसमें प्रमुखतः अग्नि, इन्द्र व सोमदेव विषयक ऋक् मंत्रों का समन्वय उपस्थित किया गया है। सोम विषयक ऋचाएं पूरी तरह से ऋग्वेद के नवम् मंडल से ली गई है। पहले से लेकर पांचवें अध्याय तक की ऋचाओं को तो ग्राम गान कहते हैं, लेकिन छठे अध्याय की ऋचाएं अरण्य में गेय होने के कारण "अरण्यगान" कही जाती हैं। पूर्व आर्चिक के मंत्रों की संख्या 650 है उत्तरार्चिक मे 1225 मंत्र हैं। इस प्रकार सामवेद में कुल 1875 ऋचाएं हैं। सामान्य तौर पर यह आम धारणा है कि सामवेद में उपलब्ध ऋचाएं ऋग्वेद से ही गान के लिए संगृहीत की गई है, लेकिन कहीं-कहीं सामवेद और ऋग्वेद की ऋचाओं में केवल आंशिक साम्य ही देखने को मिलता है। सामवेद में लगभग 450 ऐसे मंत्र है जिन पर कोई गान नहीं है। यदि सामवेद, ऋग्वेद के बाद की रचना है, तो ऋग्वेद में अनेक स्थानों पर 'साम' का उल्लेख नहीं मिलना चाहिए। ऋग्वेद के अनेक स्थलों पर साम का उल्लेख देखा जा सकता है। इतना ही नहीं यज्ञ की सफलता के लिए होता, अध्वर्यु तथा ब्रह्मा नामक व्यक्तियों के साथ उद्गाता का काम गायन ही तो है। तब साम को अर्वाचीन किस आधार पर माना जाए? इससे यह भी आभास मिलता है कि साम संहिता के मंत्र ऋग्वेद से उधार लिए नहीं प्रतीत होते। यह उतने ही स्वतंत्र और प्राचीन हैं, जितने कि ऋग्वेद के मंत्र। इस प्रकार साम संहिता की अपनी स्वतंत्र सत्ता की पुष्टि होती है।

## वर्ग पहेली-111

**बाएं से दाएं**

1. 1. अनाज ओसाने की क्रिया या भाव 2. अनाज ओसाने का पारिश्रमिक।
4. 1. विघटन करने वाला 2. बरबाद करने वाला 3. दूर करने वाला 4. कलह या बंटवारा कराने वाला।
5. 1. लकड़ी
7. रूठे या मान किए हुए किसी आत्मीय या प्रेमी को मनाने के लिए की जाने वाली कोशिश, प्रणय में होने वाला रूठना-मनाना।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. ईमानदार होने की क्रिया
3. 1. उकेरने या खोदकर बेलबूटे बनाने का कार्य 2. नक्काशी करने की क्रिया, (एनग्रेविंग)।
4. 1. परदेश, दूसरा देश, पराया देश 2. स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश।
6. आदमी, मनुष्य, व्यक्ति।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | |
| 4 | | | | | |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 5 | | | |
| ■ | 6 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 7 | | | | | |

### वर्ग पहेली -110 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 म | ढ़ी | ■ | 2 अ | ■ | 3 क |
| ती | ■ | ■ | व | ■ | लां |
| ■ | 4 प | द | ना | मि | त |
| ■ | र | ■ | य | ■ | र |
| ■ | का | ■ | क | ■ | ■ |
| ■ | स | ■ | ■ | ■ | 5 त |
| 6 ई | ना | म | ■ | 7 तो | ड़ी |

## सुडोकू -24

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 6 | | | 1 |
| 9 | | | 5 | | 2 | 4 | | |
| | 7 | | | 4 | | 2 | | 3 |
| | | 4 | 9 | | | | 6 | |
| 1 | | 2 | | | | 5 | | 9 |
| | 3 | | | | 5 | 8 | | |
| 3 | | 1 | | 5 | | | 4 | |
| | | 6 | 7 | | 4 | | | 8 |
| 2 | | | 8 | | | 9 | | |

### सुडोकू -23 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 5 | 3 | 1 | 6 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 7 | 5 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 6 | 5 | 1 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 4 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 1 | 3 | 4 | 5 | 8 | 2 | 9 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 9 | 6 | 3 | 7 | 8 | 1 | 4 |
| 5 | 1 | 8 | 4 | 6 | 3 | 2 | 9 | 7 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 5 | 1 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 7 | 9 | 8 | 1 | 6 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 जून मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 23.10 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 14.32 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** — आज भाग्य आपका भरपूर साथ देगा। अचानक आये खर्चों में कमी आयेगी। आपका मन काफी शांत रहेगा। धन से जुड़ी समस्याएं सुलझ सकती है। कीमती वस्तुओं की खरीदारी का विचार बना सकते हैं। आय के नए विकल्पों पर आप काम कर सकते हैं।

**वृष** — आज आप मानसिक रूप से अशांत महसूस कर सकते हैं। दूसरों से अपनी तुलना न करें। इससे आपमें हीन-भावना घर कर सकती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। जीवनसाथी के करियर को लेकर समस्या दूर होगी।

**मिथुन** — आज रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को कुछ परेशानी हो सकती है। आज आपको ऐसे कार्यों से बचना चाहिए, जो आपके सिद्धान्तों के अनुरूप न हों। विपरीत लिङ्ग के जातकों के प्रति आप आकर्षित रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सावधान होकर ही वक्तव्य देने चाहिए।

**कर्क** — आज आप सभी कार्य सम्भलकर करेंगे। गृहस्थ जीवन काफी सुखी रहेगा। अटके हुए काम तेजी से पूरे होंगे। इससे आपका मनोबल बढ़ेगा। घर की महिलाओं की सेहत का ध्यान रखें। व्यापार में सहकर्मियों पर निर्भरता बढ़ेगी।

**सिंह** — आज आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं। बेवजह की चर्चाओं और विवादों से दूर रहें। सामाजिक क्रियाकलापों में आपकी गतिविधियों बढ़ेंगी। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर विभिन्न जिम्मेदारियों का दबाव बढ़ेगा।

**कन्या** — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। लापरवाही के कारण आपके कई काम बिगड़ सकते हैं। यात्रा के दौरान आपको परेशानी होने की आशंका है। विवाहेतर संबंधों को लेकर थोड़े असहज हो सकते हैं। सेहत को लेकर आपको काफी ध्यान देने की आवश्यकता है।

**तुला** — आज अधिकारी वर्ग के लोग आपके काम की प्रशन्सा करेंगे। नए व्यवसाय में आप निवेश कर सकते हैं। धन को लेकर परेशानियां सुलझ सकती हैं। रुके हुए कार्यों को पूरा करने के लिए दिन शानदार है। आज आप कुछ नया करने का विचार बनायेंगे।

**वृश्चिक** — आज कार्यक्षेत्र में आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से मन उत्साहित रहेगा। पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा। एसिडिटी और सिरदर्द की समस्या बढ़ सकती है। अपने विचारों को सदैव सकारात्मक बनाये रखें। शाम के समय परिवार के साथ बहुत अच्छा समय बितायेंगे।

**धनु** — आज कार्यक्षेत्र में प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आयेंगे। आगामी लक्ष्यों को लेकर थोड़े संशय में रहेंगे। संतान को काफी अच्छी सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी को आप काफी अच्छा समय देंगे। खरीदारी के दौरान बिल आदि का पूरा ध्यान रखें।

**मकर** — आज आप आराम के मूड में रहेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर आपका धन खर्च होगा। विवादों को समझदारी पूर्वक सुलझाने में सफलता मिलेगी। अपने काम में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। उत्साह और प्रसन्नता के समाचार प्राप्त होंगे।

**कुंभ** — आज जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव हानि हो सकती है। विवादित मामलों पर प्रतिक्रिया देने से बचें। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। रिश्तेदारों से झगड़ा हो सकता है।

**मीन** — आज परिवार के हित को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। आज वेबसीरीज और मनोरञ्जन के सन्साधनों में समय बीत सकता है। तकनीकी संबंधी परेशानियों का निवारण होगा। कार्यक्षेत्र में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
पृथ्वी
सुबह : 10.45
हम साथ साथ है
रात : 08.12

&pictures
हसीना मान जाएगी
सुबह : 10.58
विवाह
रात : 07.30

SONY PIX
मैड मैक्स :फरी रोड
दोपहर : 12.03
2012
शाम : 06.19

ZEE CINEMA
लगान
दोपहर : 03.24
पथु थल
रात : 08.00

colors CINEPLEX
देवदास
सुबह : 07.32
हनुमान
शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चिंटू को मच्छर ने काटा तो वो उसे मारने के लिए रातभर कमरे में दौड़ता रहा।
सुबह हो गई मगर मच्छर नहीं मरा।
चिंटू बोला : चलो मार नहीं पाया तो क्या हुआ,
रातभर मैंने इसे सोने भी तो नहीं दिया।

पत्नी- देखो मौसम कितना हसीन है तुम्हारा क्या प्लान है ?
पति- मेरा तो वही है 178 में 1 जीबी का 28 दिन के लिए।
पत्नी- घुस जाओ तुम मोबाइल में पहले...

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 900 फ्लैग- 1055 बोल्ड- 1115 डीएमओ- 850 **रामपुर :** शिवालिक-925 फ्लैग- 1035 डीएमओ-825 बोल्ड-1100

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2060, राज श्री 1385, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1960, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सचिन 1520, सूरज 1535, अवसर 1640, राग गोल्ड 1620, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1655, चक्र टिन 1875, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1900, स्वास्तिक 2030 । किराना- ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । चावल- ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4600, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600 । दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छॅांटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 17200 । चीनी -डालमियां 4100, पीलीभीत 4080, नवाबगंज 4070 (नयी), बहेड़ी 4080 ( नयी ) ।

# श्रम संगठनों के साथ बजट से पहले चर्चा

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सामने बैठक में श्रमिक संघों और श्रम संगठनों ने सुझाव रखे

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को यहां आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर श्रम संघों और श्रमिक संगठनों के साथ बजट-पूर्व चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर यह जानकारी देते हुए कहा कि इस बैठक में श्रमिक संघों और श्रम संगठनों ने अपने सुझाव दिये और विचार रखे। वित्त मंत्री ने इस बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के सचिव, राजस्व सचिव, वित्तीय सेवाओं के सचिव के साथ ही श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए।

आम चुनाव में मद्देनजर इसबार फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था। आम चुनाव के बाद अब फिर से सीतारमण को वित्त मंत्रालय का कार्यभार मिला है और वे अब पूर्ण बजट की तैयारियां शुरू कर दी। राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से शुरू होगा और तीन जुलाई तक चलेगा। ऐसी उम्मीद है कि संसद का यह सत्र दो चरणों में संपन्न हो सकता है। इसका दूसरा चरण 22 जुलाई से 9 अगस्त तक चल सकता है तथा इसी दौरान वित्त मंत्री बजट पेश करेंगी और इस पर चर्चा कर इसे पारित कराया जायेगा।



- वित्त और राजस्व सचिवों, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय व देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार बैठक में हुए शामिल

### वित्त मंत्रालय की आज बैंक प्रमुखों के साथ बैठक

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने पीएम विश्वकर्मा, जन सुरक्षा और मुद्रा योजना सहित विभिन्न वित्तीय समावेशन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए मंगलवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) प्रमुखों की बैठक बुलाई है। अध्यक्षता वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी करेंगे। बैठक में पीएम विश्वकर्मा, स्टैंडअप इंडिया, पीएम स्वनिधि और अन्य कई प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में वित्तीय समावेशन से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल सितंबर में पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की थी। इसके तहत शिल्पकारों और कारीगरों को बिना गारंटी न्यूनतम ब्याज दर पर कर्ज दी जाती है। पांच साल के लिए 13,000 करोड़ के वित्तीय परिव्यय के साथ शुरू की गई इस योजना से बुनकर, सुनार, लोहार, कपड़े धोने वाले श्रमिक और नाई सहित पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के 30 लाख परिवारों को लाभ होगा।

### इन योजनाओं की बैठक में होगी समीक्षा

पीएम जनधन योजना, पीएमजेडीवाई के तहत निष्क्रिय खातों और रुपे कार्ड जारी करने की स्थिति, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 18-50 वर्ष की आयु वर्ग के उन लोगों को, जिनके पास बैंक या डाकघर खाता है, किसी कारण से मृत्यु होने पर दो लाख का बीमा कवर प्रदान करती है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना 18-70 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों को दुर्घटना मृत्यु या विकलांगता के लिए दो लाख और आंशिक विकलांगता के लिए एक लाख का बीमा कवर प्रदान करती है। बैंकों ने 7 साल में स्टैंडअप इंडिया योजना के तहत 1.80 लाख से अधिक को 40,700 करोड़ रुपये से अधिक की मंजूरी दी है। इस योजना को अब बढ़ाकर 2025 तक कर दिया गया है।

# जीएसटी में सरकार और अधिक सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि जीएसटी से घरेलू वस्तुओं की कीमतों को कम करने में मदद मिली है। उन्होंने साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू करने की सराहना की।

शाह ने कहा कि राजग सरकार नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए और अधिक सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अनुसार जीएसटी लागू होने के बाद आटा, सौंदर्य प्रसाधन, टेलीविजन और रेफ्रिजरेटर सहित ज्यादातर घरेलू सामान सस्ते हुए हैं। शाह ने एक्स पर लिखा, जनता की सरकार के सिद्धांतों पर खरा उतरते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों को राहत देने के लिए जीएसटी लागू किया। आज जीएसटी ने न केवल लोगों को बहुस्तरीय कर प्रणाली से राहत दी है, बल्कि घरेलू वस्तुओं की कीमतों को कम करने में भी कारगर साबित हुआ है। हम नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए और अधिक सुधार लाने को प्रतिबद्ध हैं। जीएसटी में 17 स्थानीय कर और शुल्क को समाहित कर इसे 1 जुलाई 2017 को लागू किया गया। एक रिपोर्ट में कहा गया कि जीएसटी लागू होने के सात वर्षों में, आम लोगों के उपयोग वाले कई उत्पादों और सेवाओं पर कर कम हुआ है।




- जीएसटी लागू होने के बाद आटा, सौंदर्य प्रसाधन, टेलीविजन और रेफ्रिजरेटर सहित ज्यादातर घरेलू सामान सस्ते हुए

# एसएंडपी ने वृद्धि दर के अनुमान को 6.8% रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.8% पर कायम रखते हुए कहा है कि ऊंची ब्याज दरों और कम राजकोषीय प्रोत्साहन से मांग में कमी आएगी।

एशिया प्रशांत के लिए सोमवार को जारी आर्थिक परिदृश्य में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी आर्थिक वृद्धि के साथ हैरान कर रही है और 2023-24 में यह 8.2% की दर से बढ़ी है। एसएंडपी ने कहा df हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर घटकर 6.8% पर आ जाएगी। एसएंडपी का अनुमान है कि 2025-26 और 2026-27 में भारतीय अर्थव्यवस्था क्रमशः 6.9 और 7% की दर से बढ़ेगी। चालू वित्त वर्ष के लिए एसएंडपी का वृद्धि दर का अनुमान आरबीआई के अनुमान से कम है। इससे पहले इसी महीने केंद्रीय बैंक ने अनुमान लगाया था कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2%की दर से बढ़ेगी। एक अन्य रेटिंग एजेंसी फिच का अनुमान है कि 2024-2025 में भारत की वृद्धि दर 7.2% रहेगी। वहीं एशियाई विकास बैंक (एडीबी) का अनुमान है कि भारत की जीडीपी की वृद्धि दर 7% रहेगी। मूडीज और डेलॉयट इंडिया का अनुमान है कि 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.6% की दर से बढ़ेगी, जबकि मॉर्गन स्टेनली ने 6.8% की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। चीन के लिए एसएंडपी ने वृद्धि दर के अनुमान को 4.6% से बढ़ाकर 4.8% कर दिया है।




- ऊंची ब्याज दरों और कम राजकोषीय प्रोत्साहन से मांग में आएगी कमी

# गेहूं भंडारण सीमा तय, आयात शुल्क घटाने पर विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र ने सोमवार को थोक और खुदरा विक्रेताओं के साथ प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए गेहूं भंडार रखने की सीमा को तय कर दिया। इसका मकसद जमाखोरी रोकना और कीमतों को काबू में रखना है। गेहूं पर स्टॉक सीमा 31 मार्च, 2025 तक वैध रहेगी। केंद्र ने गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि खुदरा कीमतों को नियंत्रित के लिए खाद्यान्न पर आयात शुल्क में कमी पर विचार हो सकता है। वर्तमान में गेहूं पर 40% आयात शुल्क है।

केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि देश में गेहूं की पर्याप्त उपलब्धता है और बाजार में सट्टेबाजी और जमाखोरी रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है। चोपड़ा ने कहा कि हम चाहते हैं कि गेहूं की कीमतें स्थिर रहें। पिछले हफ्ते केंद्र ने कीमतों पर लगाम लगाने के लिए तुअर और चना दालों पर स्टॉक सीमा लगा दी थी। चोपड़ा ने कहा कि स्टॉक सीमा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों/थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं पर लागू होगी। उन्हें हर शुक्रवार को पोर्टल पर गेहूं के स्टॉक की घोषणा करनी होगी। यदि उनके पास मौजूद स्टॉक तय सीमा से अधिक है तो उन्हें अधिसूचना के जारी होने के 30 दिनों में इसे तय सीमा तक लाना होगा।

लाइसेंस आवश्यकताएं हटाना, स्टॉक सीमाएं और निर्दिष्ट खाद्य पदार्थों पर आवाजाही प्रतिबंधों को हटाना (संशोधन) आदेश 24 जून 2024 से प्रभाव में आ गया है। यह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 31 मार्च, 2025 तक लागू रहेगा। स्टॉक सीमा प्रत्येक इकाई पर व्यक्तिगत रूप से लागू होगी। जैसे व्यापारी/थोक व्यापारी- 3000 टन, बड़े खुदरा श्रृंखला विक्रेता- प्रत्येक बिक्रीकेन्द्र के लिए 10 टन तथा उनके सभी डिपो और प्रोसेसर के लिए 3000 टन है। इस महीने की शुरुआत में, केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने अपने तीसरे अनुमान में फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) के लिए गेहूं उत्पादन को संशोधित कर रिकॉर्ड 11 करोड़ 29.2 लाख टन कर दिया।



- कीमतों को नियंत्रित करने व जमाखोरी रोकने के लिए लिया गया निर्णय : केंद्रीय खाद्य सचिव

## सर्राफा

| कानपुर | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 91150 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 73800 |
| गिन्नी (प्रति नग ) | 55000-55200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 72,550 |
| सोना रवा | 72,400 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग ) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 90,5000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72400 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71400 |
| सिल्वर ( पक्की) | 888 (अनुमानित ) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,675 |
| चांदी आभूषण | 90,100 |

# उतार-चढ़ाव के बीच सेंसेक्स 131 अंक मजबूत

मुंबई, एजेंसी

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 131 अंक की बढ़त में रहा। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच बिजली, वाहन और पूंजीगत सामान बनाने वाली कंपनियों शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आयी।

इस सप्ताह वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों के मासिक निपटान से पहले बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। धातु तथा तेल एवं गैस शेयरों में बिकवाली दबाव देखा गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 131.18 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,341.08 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में मानक सूचकांक 463.96 अंक तक लुढ़क गया था। बाद में इसमें तेजी आयी और यह 213.12 अंक चढ़ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 36.75 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,537.85 अंक पर बंद हुआ। मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, प्रमुख सूचकांक शुरूआती कारोबार में तेजी से गिरने के बाद हल्की मजबूती के साथ बंद हुए। वाहन, बिजली और पूंजीगत सामान से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। वहीं आईटी, धातु तथा तेल एवं गैस शेयरों में बिकवाली से दबाव देखा गया।



- धातु, तेल एवं गैस के शेयरों में दिखा बिकवाली का दबाव
- बिजली, वाहन व पूंजीगत सामान वाले शेयरों में लिवाली से आई तेजी

### मिडकैप और स्मॉलकैप भी हुए मजबूत

बीएसई मिडकैप 0 .37 प्रतिशत मजबूत हुआ जबकि स्मॉलकैप सूचकांक 0 .27 प्रतिशत लाभ में रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बजट को लेकर बाजार के सुधार की राह पर होने के बावजूद एफएमसीजी कंपनियों और टिकाऊ उपभोक्ता सामान से जुड़ी फर्मों के शेयरों में गतिविधियां देखी गईं। महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, सन फार्मा, नेस्ले, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक लाभ में रहीं। दूसरी तरफ इंडसइंड बैंक, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक और बजाज फाइनेंस नुकसान में रहे।

# पहले से कहीं अधिक मजबूत है समूह : गौतम

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योगपति गौतम अडाणी ने सोमवार को कहा कि उनका बंदरगाह से लेकर ऊर्जा कारोबार से जुड़ा समूह पहले से कहीं ज्यादा मजबूत है और इसका सर्वश्रेष्ठ आना अभी बाकी है। उन्होंने रिकॉर्ड कमाई, नकदी की मजबूत स्थिति और सबसे कम कर्ज अनुपात का हवाला देते हुए यह बात कही।

अडाणी ने कहा कि भारत 2032 तक 10,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है और बुनियादी ढांचे के 20-25 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2,500 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। ऐसे में अडाणी समूह एक बुनियादी ढांचा कंपनी होने के नाते आने वाले इस अवसर का लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में है। समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लि. के शेयरधारकों की सालाना बैठक में उन्होंने पिछले साल अमेरिकी निवेश और शोध कंपनी की रिपोर्ट के बाद आये अभूतपूर्व संकट का जिक्र किया। सोमवार को 62 साल के हुए अडाणी ने कहा कि हमें एक विदेशी निवेश और शॉर्ट सेलर कंपनी के निराधार आरोपों का सामना करना पड़ा।



- भारत 2032 तक 10,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर

### अडाणी, हिंडाल्को ने तांबा खदानों के विकास में दिखाई दिलचस्पी

**नई दिल्ली।** अडाणी और हिंडाल्को जैसी कंपनियों ने झारखंड में सरकारी स्वामित्व वाली हिंदुस्तान कॉपर की दो तांबा खदानों के विकास में रुचि दिखाई है। अडाणी एंटरप्राइजेज और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज सोमवार को बोली पूर्व बैठक का हिस्सा थीं। दोनों खदानों की संयुक्त क्षमता 30 लाख टन प्रति वर्ष है। इनमें से एक ब्लॉक नया है, जबकि दूसरा 20 वर्षों से बंद है। खान मंत्रालय के नियंत्रण के तहत मिनीरत्न सार्वजनिक उपक्रम हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड भारत में तांबा अयस्क के खनन में लगी एकमात्र कंपनी है।

## एक नजर

### इरेडा ने किया 37,354 करोड़ रुपये का ऋण मंजूर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लि. (इरेडा) ने वित्त वर्ष 2023-24 में 37,354 करोड़ रुपये का ऋण मंजूर किया और 25,089 करोड़ रुपये का वितरण किया। कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रदीप कुमार दास ने सोमवार को यह जानकारी दी। इरेडा के अनुसार कंपनी की 37वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में सीएमडी ने कहा कि मार्च तिमाही के अंत में नेटवर्थ 8,559 करोड़ रुपये था। दास ने कहा कि इरेडा ने वित्तवर्ष 2024 में 37,354 करोड़ रुपये की अपनी अब तक की सबसे अधिक कर्ज मंजूरी और 25,089 करोड़ रुपये ऋण का वितरण किया। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली इरेडा एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है।

### क्वॉन्ट एमएफ सेबी की जांच के घेरे में, सहयोग का भरोसा

**नई दिल्ली।** क्वॉन्ट म्यूचुअल फंड ने कहा है कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) उसकी जांच कर रहा है और वह नियामक के पूरा सहयोग करने को प्रतिबद्ध है। कंपनी का यह बयान मीडिया में आई उस खबर के बाद आया है कि सेबी कथित फ्रंट-रनिंग गतिविधियों को लेकर क्वॉन्ट म्यूचुअल फंड की जांच कर रहा है। खबरों के अनुसार, नियामक ने मुंबई और हैदराबाद में क्वॉन्ट म्यूचुअल फंड के कार्यालय में तलाशी और जब्ती अभियान चलाया है। फ्रंट-रनिंग से तात्पर्य शेयर बाजार में गलत व्यवहार से है, जहां एक इकाई अपने ग्राहकों को जानकारी उपलब्ध कराने से पहले ब्रोकर या विश्लेषक से मिली जानकारी के आधार पर कारोबार करती है।

## स्पैम कॉल पर लगाम के लिए ट्राई का दूरसंचार कंपनियों को निर्देश

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने अनचाही कॉल पर अंकुश के लिए सोमवार को दूरसंचार कंपनियों से कहा कि वे अपने मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल को स्पैम संबंधी शिकायतों के पंजीकरण और वरीयता एवं सहमति की सेटिंग के लिए उपयोगकर्ताओं के अधिक अनुकूल बनाएं।

ट्राई ने कहा कि सभी सेवा प्रदाताओं को पिछली तिमाही के बजाय मासिक आधार पर प्रदर्शन निगरानी रिपोर्ट पेश करनी होगी। अनचाहे वाणिज्यिक संचार (यूसीसी) यानी स्पैम को कम करने के अपने निरंतर प्रयास में ट्राई ने सेवा प्रदाताओं को अपने मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल को बेहतर बनाना अनिवार्य कर दिया है, ताकि स्पैम कॉल संबंधी शिकायतों के पंजीकरण और वरीयता की सेटिंग के लिए उन्हें उपयोगकर्ताओं के अधिक अनुकूल बनाया जा सके। ट्राई ने सेवा प्रदाताओं को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि स्पैम शिकायत के पंजीकरण और वरीयता प्रबंधन के विकल्प उनके मोबाइल ऐप और वेबसाइट पर आसानी से उपलब्ध हों।

## सरकार ने 18 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों में 14 की नीलामी की रद

**नई दिल्ली।** सरकार ने दूसरे दौर की नीलामी में पेश किए 14 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी रद कर दी है। खान मंत्रालय ने फरवरी में दूसरे चरण में महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की 18 खदानों को नीलामी के लिए रखा था। एमएसटीसी की वेबसाइट पर दी जानकारी के मुताबिक खान मंत्रालय ने हाल में नोटिस जारी कर बताया कि इन 14 ब्लॉकों में पांच के लिए कोई बोली नहीं मिली। इस वजह से इन पांच खनिज ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया को रद कर दिया गया। ये पांच ब्लॉक अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में स्थित हैं।

# रत्न-आभूषण आयात में 23.61% का उछाल

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) की एक रिपोर्ट के अनुसार मई, 2024 में देश में रत्न-आभूषणों के सम्पूर्ण आयात में 23.61% की भारी वृद्धि दर्ज की गयी जबकि इस दौरान निर्यात में 6.14% की गिरावट आई।

मई में रत्न-आभूषणों का समग्र आयात गत वर्ष के इसी माह के 1.53 अरब डालर (12625.59 करोड़ रुपये) की तुलना में 1.89 अरब डॉलर (15794.26 करोड़ रुपये) रहा। इसे घरेलू बाजार में मजबूत मांग का परिणाम माना जा रहा है क्योंकि देश आगामी त्योहारी सीजन के लिए तैयार हो रहा है। मई 2024 में रत्न एवं आभूषणों का सकल निर्यात 2.48 अरब डालर (20713.370 करोड़ रुपये) से कुछ अधिक रहा जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के करीब 2.65 अरब डॉलर (21795.65 करोड़ रुपये) की तुलना में 6.14 गिरावट दर्शाता है। कामा ज्वेलरी के एमडी कॉलिन शाह ने कहा कि रत्न एवं आभूषण उद्योग एक साल से अधिक समय से चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। पहले रूस और यूक्रेन के बीच और फिर इज़राइल और हमास के बीच भू-राजनीतिक तनाव के फैलने से निर्यात पर गहरा असर पड़ा है क्योंकि विदेशी बाजारों में मांग अस्थिर रही है। इस साल 60 से ज्यादा देशों में चुनाव होने हैं, जो एक और महत्वपूर्ण घटना है, जिससे इन देशों में व्यापार में और बाधा आ सकती है। उन्होंने कहा कि इन वैश्विक घटनाओं पर कड़ी निगरानी रखने की ज़रूरत है क्योंकि ये आगे चलकर साल के बाकी समय में व्यापार गतिविधियों की दिशा तय करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में त्योहारी सीज़न की शुरुआत के साथ, हम उम्मीद करते हैं कि व्यापार गतिविधियों में धीरे-धीरे तेज़ी आएगी।



- जीजेईपीसी की रिपोर्ट के अनुसार निर्यात में 6.14% की आई गिरावट

## चालू वित्त वर्ष में 3 से 5 प्रतिशत बढ़ सकती है यात्री वाहनों की बिक्री

**मुंबई।** यात्री वाहनों की बिक्री में चालू वित्त वर्ष में तीन से पांच प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले वित्त वर्ष के ऊंचे तुलनात्मक आधार प्रभाव, ऑर्डर बुक कमजोर होने तथा शुरूआती स्तर के संस्करणों की मांग घटने से 2024-25 में यात्री वाहनों की बिक्री हल्की रहने की संभावना है।


क्रेडिट रेटिंग एजेंसी केयरएज की रिपोर्ट के अनुसार 2023-24 में 90 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के साथ यात्री वाहन खंड में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 90,432 इकाई रही थी, जिसके चालू वित्त वर्ष में बढ़कर 1.30 से 1.50 लाख इकाई पर पहुंचने का अनुमान है। रिपोर्ट कहती है कि 2021-22 और 2022-23 में यात्री वाहन उद्योग ने कोविड के बाद दबी मांग और नए उत्पादों की पेशकश के बल पर सालाना आधार पर मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की थी। केयरएज ने कहा कि इसमें यूटिलिटी वाहनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी।

# मार्च तिमाही में चालू खाता 5.7 अरब डॉलर के अधिशेष में : आरबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के चालू खाते में इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में 5.7 अरब डॉलर के अधिशेष की स्थिति रही जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 0.6% है। आरबीआई ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आरबीआई ने भारत के भुगतान संतुलन में विकास पर कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में चालू खाता में 1.3 अरब डॉलर के घाटे की स्थिति थी जो जीडीपी का 0.2%थी। अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की तिमाही में 8.7 अरब डॉलर का घाटा रहा था जो जीडीपी का 1% था। मार्च तिमाही के आंकड़े के साथ ही 2023-24 के समूचे वित्त वर्ष में चालू खाते का घाटा 23.2 अरब डॉलर पर आ गया जो जीडीपी का 0.7% है। 2022-23 में चालू खाते का घाटा 67 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 2% था। पिछले वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में वस्तु व्यापार घाटा 50.9 अरब डॉलर रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि में 52.6 अरब डॉलर से कम है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि इस खंड में 4.1% वृद्धि होने से देश की शुद्ध सेवा प्राप्तियां 42.7 अरब डॉलर रहीं जो एक साल पहले के 39.1 अरब डॉलर से अधिक है। इससे चालू खाते को अधिशेष की स्थिति में लाने में मदद मिली। आरबीआई के मुताबिक, प्राथमिक आय खाते पर शुद्ध बर्हप्रवाह, जो मुख्य रूप से निवेश आय के भुगतान को दर्शाता है, एक साल पहले के 12.6 अरब डॉलर से बढ़कर 14.8 अरब डॉलर हो गया। विदेशों में कार्यरत भारतीयों द्वारा प्रेषित धन को दर्शाने वाली निजी हस्तांतरण प्राप्तियां 11.9% बढ़कर 32 अरब डॉलर हो गईं। में यह 3.6 अरब डॉलर थी। 2023-24 की में शुद्ध विदेशी प्रत्यक्ष निवेश दो अरब डॉलर था, जबकि एक साल पहले यह 6.4 अरब डॉलर था।




- 4.1% वृद्धि से शुद्ध सेवा प्राप्तियां 42.7 अरब डॉलर रहीं

# अमीरों पर कर के पक्ष में भारत के 74% लोग

नई दिल्ली, एजेंसी

जी-20 के वित्त मंत्री अगले महीने दुनिया के बेहद अमीर (सुपर-रिच) लोगों पर संपदा कर (वेल्थ टैक्स) लगाने को लेकर विचार-विमर्श करेंगे। वहीं एक सर्वे में यह तथ्य सामने आया है कि इन देशों के 68 प्रतिशत लोग अमीरों पर इस तरह का कर लगाने के पक्ष में हैं। भारत में तो यह आंकड़ा और अधिक यानी 74 प्रतिशत है। इनका मानना है कि वैश्विक स्तर पर भुखमरी, असमानता और जलवायु संकट से निपटने के लिए ऐसा कर लगाया जाना चाहिए।

अर्थ4ऑल इनिशिएटिव एंड ग्लोबल कॉमन्स अलायंस के सर्वेक्षण में दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के 22,000 लोगों की राय ली गई। सुपर-रिच पर कर लगाने का प्रस्ताव 2013 से चर्चा में है और पिछले कुछ वर्षों में इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय समर्थन बढ़ रहा है। जी-20 के मौजूदा अध्यक्ष ब्राज़ील का लक्ष्य अमीरों पर कराधान को लेकर आम सहमति बनाना है। जुलाई में जी-20 के वित्त मंत्रियों की बैठक में इस बारे में एक संयुक्त घोषणा पर जोर दिए जाने की संभावना है। फ्रांसीसी अर्थशास्त्री गैब्रियल जुकमैन मंगलवार को इस बारे में एक रिपोर्ट पेश करेंगे कि कैसे बेहद अमीर लोगों पर वैश्विक स्तर पर न्यूनतम कर काम करेगा और इसे कितना बढ़ाया जा सकता है। ब्राजील के जी-20 में इस कर के प्रस्ताव के पीछे जुकमैन का ही दिमाग है। जुकमैन का कहना है कि आम लोगों की तुलना में बेहद अमीर लोग काफी कम कर देते हैं। प्रस्ताव का उद्देश्य एक नया अंतरराष्ट्रीय मानदंड स्थापित करना है। प्रत्येक देश के अरबपति व्यक्ति को इस प्रस्ताव के तहत अपनी संपदा का दो प्रतिशत सालाना कर के रूप में देना होगा।

सर्वे के अनुसार, 74% भारतीय इसके पक्ष में हैं। 68% भारतीयों का मानना है कि दुनिया को अगले दशक में अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों - बिजली उत्पादन, परिवहन, भवन, उद्योग और भोजन - में नाटकीय कार्रवाई करने की जरूरत है। सर्वेक्षण में शामिल 81% भारतीयों ने कल्याणकारी अर्थव्यवस्थाओं में बदलाव का समर्थन किया है।




- जी-20 के वित्त मंत्री अगले महीने दुनिया के बेहद अमीर (सुपर-रिच) लोगों पर संपदा कर लगाने को लेकर विचार-विमर्श करेंगे
- सुपर-रिच पर कर लगाने का प्रस्ताव 2013 से चर्चा में और कुछ वर्षों में इस मुद्दे पर बढ़ रहा है अंतर्राष्ट्रीय समर्थन



# वेस्टइंडीज को बाहर कर अफ्रीका सेमीफाइनल में

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

**टी-20 वर्ल्ड कप**

- **डकवर्थ लुईस के नियम से दक्षिण अफ्रीका ने विंडीज को तीन विकेट से हराया**

स्पिनर तबरेज शम्सी की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने बारिश से प्रभावित रोमांचक मैच में वेस्टइंडीज को डकवर्थ लुईस नियम से तीन विकेट से हराकर टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

इस मैच में हार से सह मेजबान वेस्टइंडीज टूर्नामेंट से बाहर हो गया। शम्सी ने 27 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्हें दो अन्य स्पिनरों केशव महाराज (24 रन देकर एक विकेट) और कप्तान एडन मार्कराम (28 रन देकर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला जिससे दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट पर 135 रन ही बनाने दिए। वेस्टइंडीज की तरफ से रोस्टन चेज ने सर्वाधिक 52 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने जब दो विकेट पर 15 रन बनाए थे तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा था।

खेल दोबारा शुरू होने पर दक्षिण अफ्रीका के सामने डकवर्थ लुईस प्रणाली से 17 ओवर में 123 रन बनाने का नया लक्ष्य रखा गया। अफ्रीका ने 16.1 ओवर में सात विकेट पर 124 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। उसने सुपर-8 में अपने तीनों मैच जीते और ग्रुप 2 में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस ग्रुप से इंग्लैंड चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। अफ्रीका ने बारिश के कारण खेल रुकने से पहले अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों रीजा हेंडरिक्स (00) और क्विंटन डिकॉक (12) के विकेट गंवा दिए थे। बारिश थमने के बाद जब खेल शुरू हुआ तो मार्कराम (18), ट्रिस्टन स्टब्स (27 गेंदों में 29 रन) और हेनरिक क्लासेन (10 गेंदों में 22 रन) ने जिम्मेदारी संभाली।

वेस्टइंडीज के खिलाड़ी चेज ने बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीन ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट लिए लेकिन उनका यह ऑलराउंड प्रदर्शन भी विंडीज को जीत दिलाने में नाकाम रहा।



दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज तबरेज शम्सी विकेट लेने के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

## नयी टीम दबाव से पार पाना जानती है : शम्सी

**नॉर्थ साउंड।** लंबे समय से 'चोकर्स' का ठप्पा झेल रही दक्षिण अफ्रीका टीम के स्पिनर तबरेज शम्सी ने कहा कि 'नयी दक्षिण अफ्रीका' टीम ने इस टी-20 विश्व कप में दबाव का सामना बखूबी किया है। एडेन माक्ररम की टीम टूर्नामेंट में अपराजेय रही है जबकि लगभग सभी मैचों में उसने करीबी जीत दर्ज की है। दक्षिण अफ्रीका ने नेपाल को एक रन से, बांग्लादेश को चार रन से और इंग्लैंड को सात रन से हराया। रविवार को उसने मेजबान वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। शम्सी ने मैच के बाद कहा कि कई मैच काफी करीबी रहे जो नहीं होने चाहिये थे। लेकिन खुशी की बात यह है कि यह नयी दक्षिण अफ्रीका टीम है जो दबाव के आगे घुटने नहीं टेकती।

**03** विकेट लेकर 27 रन देने वाले तबरेज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया

**22** रन की पारी तूफानी पारी खेली हेनरिक क्लासेन ने

**06** अंकों के साथ अफ्रीका ग्रुप-2 में पहले नंबर पर

**52** रन की पारी खेली वेस्टइंडीज के रोस्टन चेज ने

**81** रन की शानदार साझेदारी की वेस्टइंडीज के काइल मेयर्स और रोस्टन ने

### सुपर-8 अंक तालिका

**ग्रुप-1**

| टीमें | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.017 |
| ऑस्ट्रेलिया | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.331 |
| अफगानिस्तान | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.650 |
| बंगलादेश | 2 | 0 | 2 | 0 | -2.489 |

**ग्रुप-2**

| टीमें | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| दक्षिण अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.599 |
| इंग्लैंड | 3 | 2 | 1 | 4 | 1.992 |
| वेस्टइंडीज | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.963 |
| अमेरिका | 3 | 0 | 3 | 0 | -3.906 |

# रोहित ने कंगारुओं को किया हिट

## भारत ऑस्ट्रेलिया को 24 रन हराकर सेमीफाइनल में, शर्मा सबसे तेज रिकॉर्ड शतक लगाने से चूके



**92** रन

**41** गेंद

**08** छक्के

**04** चौके

**79** रन की नाबाद पारी ऑस्ट्रेलिया के ही खिलाफ 2010 में ब्रिजटाउन में खेली थी रोहित ने

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी

रोहित शर्मा की (92) रनों की कप्तानी पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम सोमवार को टी-20 विश्वकप में सुपर आठ ग्रुप-एक के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हरा कर सेमीफाइनल में पहुंच गई है।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 206 रनों का लक्ष्य दिया था। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और जॉश हेजलवुड ने पहले ही ओवर में कोहली (0) को आउट कर दिया, लेकिन इससे कप्तान रोहित के तूफानी तेवर पर कोई फर्क नहीं पड़ा।

उन्होंने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए 19 गेंदों में अपने करियर का सबसे तेज अर्धशतक ठोक डाला। कोहली के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आये रिषभ पंत के साथ रोहित ने दूसरे विकेट के लिय 87 रन जोड़े। रिषभ पंत 14 गेंदों में (15) रन बनाकर आउट हुये, लेकिन इससे भी रोहित की बल्लेबाजी पर कोई फर्क नहीं पड़ा। बल्लेबाजी करने आये सूर्यकुमार यादव ने अपने हाथ अजमाते हुए मैदान के चारों ओर शानदार शॉट लगाये।

उन्होंने 16 गेंदों में (31) रन बनाये। 12वें ओवर में मिचेल स्टार्क ने रोहित को बोल्ड कर उन्हें विश्वकप में रिकॉर्ड शतक बनाने से रोक दिया। रोहित ने 41 गेंदों में सात चौके और आठ छक्के लगाते हुये (92) रनों की पारी खेली।

शिवम ने 22 गेंदों में (28) रन बनाये। पांड्या 17 गेंदों में 27 रन बनाकर और रवींद्र 5 गेंदों में नौ रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 205 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क और स्टॉयनिस ने दो-दो विकेट लिये। हेजलवुड ने एक बल्लेबाज को आउट किया। 206 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की भी शुरुआत खराब रही। उसने पहले ही ओवर में डेविड वॉर्नर (6) का विकेट गवां दिया। फिर हेड और कप्तान मिचेल मार्श ने पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिय 81 रनों की साझेदारी हुई। भारत की ओर से अक्षर व जसप्रीत बुमराह ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### टी-20 विश्वकप में रोहित का सर्वोच्च स्कोर

| रन | बनाम | स्थान |
|---|---|---|
| 92 | ऑस्ट्रेलिया | ग्रोस आइलेट (2024) |
| 79* | ऑस्ट्रेलिया | ब्रिजटाउन (2010) |
| 74 | अफगानिस्तान | अबु धाबी (2021) |
| 62* | वेस्टइंडीज | मीरपुर (2014) |

### टी-20 विश्व कप में भारत के लिए बड़ी पारी

| रन | खिलाड़ी | बनाम | स्थान |
|---|---|---|---|
| 101 | सुरेश रैना | साउथ अफ्रीका | ग्रॉस, आइलेट (2010) |
| 92 | रोहित शर्मा | ऑस्ट्रेलिया | ग्रॉस, आइलेट (2024) |
| 89* | विराट कोहली | वेस्टइंडीज | वानखेड़े (2016) |
| 82* | विराट कोहली | ऑस्ट्रेलिया | मोहाली (2022) |
| 82* | विराट कोहली | पाकिस्तान | मेलबर्न (2022) |

**03** विकेट लिए अर्शदीप सिंह ने

**02** विकेट लिए कुलदीप यादव ने

### स्कोर बोर्ड

**भारत 205/5 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा बोल्ड मिचेल स्टार्क | 92 | 41 | 7/8 |
| विराट कोहली कैच डेविड बो जोश | 0 | 5 | 0/0 |
| ऋषभ पंत कैच जोश बो स्टोइनिस | 15 | 14 | 1/1 |
| सूर्यकुमार यादव कैच वेड बो स्टार्क | 31 | 16 | 3/2 |
| शिवम दुबे कैच वॉर्नर बो स्टोइनिस | 28 | 22 | 2/1 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 27 | 17 | 1/2 |
| रवींद्र जडेजा नाबाद | 9 | 5 | 0/1 |

**अतिरिक्त** -06 रन, **विकेट पतन:** 1-6, 2-93, 3-127, 4-159, 5-194,

**गेंदबाज :** मिचेल स्टार्क 4-0-45-2, जोश हेजलवुड 4-0-14-1, पैट कमिंस 4-0-48-0, एडम जम्पा 4-0-41-0, मार्कस स्टोइनिस 4-0-56-2।

**ऑस्ट्रेलिया 181/7 (20ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेविड वॉर्नर कैच यादव बो. अर्शदीप | 06 | 06 | 1/0 |
| ट्रैविस हेड कैच रोहित बो. बुमराह | 76 | 43 | 9/4 |
| मिचेल मार्श कैच अक्षर बो. कुलदीप | 37 | 28 | 3/2 |
| ग्लेन मैक्सवेल बोल्ड कुलदीप यादव | 20 | 12 | 2/1 |
| मार्कस स्टोइनिस कैच पंड्या बो. अक्षर | 04 | 04 | 0/0 |
| टिम डेविड कैच बुमराह बो. अर्शदीप | 15 | 11 | 1/1 |
| मैथ्यू वेड कैच कुलदीप बो. अर्शदीप | 01 | 02 | 0/0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 11 | 07 | 0/1 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 04 | 07 | 0/0 |

**अतिरिक्त**- 09 रन, **विकेट पतन:** 1-6, 2-87, 3-128, 4-135, 5-150, 6-153, 7-166

**गेंदबाज :** अर्शदीप सिंह 4-0-37-3, जसप्रीत बुमराह 4-0-29-1, अक्षर पटेल 3-0-21-1, हार्दिक पंड्या 4-0-47-0, कुलदीप यादव 4-0-24-2, रवींद्र जडेजा 1-0-17-0।

## खेल डायरी

### अदिति व दीक्षा ने ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**नयी दिल्ली।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने सोमवार को विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के टिकट हासिल कर लिया। दोनों महिला खिलाड़ियों से पहले शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर (पुरुष वर्ग) ने भी ओलंपिक के लिए टिकट पहले ही पक्का कर चुके हैं। इससे चार सदस्यीय भारतीय टीम 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित होने वाले खेलों में चुनौती पेश करेंगी। अदिति पहली भारतीय गोल्फर है जो तीसरी बार देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। दीक्षा दूसरी बार तो वहीं शुभंकर और भुल्लर पहली बार इन खेलों में चुनौती पेश करेंगे।

### सिनर ने ग्रास कोर्ट पर पहला खिताब जीता

**हाले (जर्मनी)।** शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने हाले ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में ह्यूबर्ट हुरकाज को सीधे सेटों में हराकर ग्रास कोर्ट पर अपना पहला खिताब जीता। इटली के 22 वर्षीय खिलाड़ी सिनर ने टाइब्रेकर तक खिंचे दोनों सेट में पोलैंड के अपने प्रतिद्वंद्वी को 7-6(8), 7-6(2) से हराकर विंबलडन की अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम दिया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर ने कहा कि मैं जानता था कि मैं अच्छी सर्विस कर रहा हूं। मैं यह टूर्नामेंट जीत कर बहुत खुश हूं क्योंकि मैंने पहली बार ग्रास कोर्ट पर खिताब जीता है।

### पेगुला ने पांच मैच प्वाइंट बचाकर खिताब जीता

**बर्लिन।** जेसिका पेगुला ने आखिर तक हार न मानने के अपने जज्बे का शानदार नमूना पेश करते हुए पांच मैच प्वाइंट बचाकर बर्लिन लेडीज ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने फाइनल में अन्ना कलिन्स्काया को 6-7(0), 6-4, 7-6(3) से हराया। पेगुला का इस वर्ष का यह पहला और करियर का पांचवा डब्ल्यूटीए खिताब है। ग्रास कोर्ट पर अपने करियर का पहला खिताब जीतने वाली पेगुला ने कहा कि मैंने इस सप्ताह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया तथा ग्रास कोर्ट पर अच्छा खेल दिखाने वाली खिलाड़ियों को हराया।

### भारत की अगुआई करेगी त्रीशा और गायत्री की जोड़ी

**फोर्ट वर्थ (अमेरिका)।** राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में मंगलवार से यहां शुरू हो रहे अमेरिकी ओपन बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। मई-जून में सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में उपविजेता रही विश्व की 24वें नंबर की भारतीय जोड़ी त्रीशा और गायत्री को इस सुपर 300 टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता मिली है। त्रीशा और गायत्री को बाई के बाद सीधे प्री क्वार्टर फाइनल में जगह मिली है।

# भारत की पुरुष और महिला तीरंदाजी टीमें ओलंपिक में

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने सोमवार को विश्व तीरंदाजी की नवीनतम रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए तीरंदाजी में पुरुष और महिला टीम कोटा हासिल कर लिया।

भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में क्वालिफिकेशन हासिल करने में नाकाम रहे देशों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर टीम कोटा पक्का किया। भारत इस तरह से पेरिस में सभी पांच पदक स्पर्धाओं (पुरुष और महिला टीम, व्यक्तिगत और मिश्रित श्रेणियों) में प्रतिस्पर्धा करने का पात्र होगा। पुरुष वर्ग में रैंकिंग के आधार पर भारत और चीन ने कोटा हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में भारत के अलावा इंडोनेशिया कोटा हासिल करने वाला दूसरा देश रहा।

ओलंपिक में 12 देश टीम स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेंगे जबकि मिश्रित प्रतियोगिताओं में पांच टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह पहली बार है जब तीन चरण के ओलंपिक क्वालीफायर के बाहर रहने वाले शीर्ष दो देशों को टीम कोटा प्रदान किया गया है।

**भारतीय टीम :**

**पुरुष :** तरुणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव।

**महिला :** दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भकत।

# जर्मनी ने स्विट्जरलैंड को ड्रॉ पर रोका

**फ्रैंकफर्ट (जर्मनी), एजेंसी।** निकोलस फुलक्रग के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से जर्मनी ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के मैच में स्विट्जरलैंड को 1-1 से बराबरी पर रोक कर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया।

जर्मनी यूरोपीय चैंपियनशिप में स्विट्जरलैंड के खिलाफ पहली हार के करीब था लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी फुलक्रग ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में खूबसूरत गोल किया जिससे जर्मन टीम के खिलाड़ियों ने ही नहीं दर्शकों ने भी राहत की सांस ली। फुलक्रग ने एक रक्षक और स्विट्जरलैंड के गोलकीपर यान सोमर को छकाकर गोल किया। इससे पहले स्विट्जरलैंड ने 28वें मिनट में डैन एनडोये के गोल की मदद से बढ़त हासिल की थी।


गोल करने के बाद जश्न मनाते जर्मनी के खिलाड़ी हुए। ● एजेंसी

## डिनामो जगरेब की खिताबी जीत में भारतीय तिकड़ी की अहम भूमिका

**नयी दिल्ली।** ज्योति चौहान, एमके काशमीना और किरण पिस्दा की भारतीय तिकड़ी ने जेडएनके डिनामो जगरेब को क्रोएशियाई महिला फुटबॉल कप दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई। यह इस क्लब का क्रोएशिया के शीर्ष स्तर के महिला फुटबॉल का पहला बड़ा खिताब है। मणिपुर की 25 साल की कशमीना ने 19 बार की चैंपियन टीम ओसिजेक के खिलाफ फाइनल मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटने के बाद पेनल्टी शूट ऑफ के आखिरी मौके को गोल में बदल कर टीम को 5-4 से जीत दिलायी। डिनामो जगरेब ने पिछले दो सत्र में चार भारतीय खिलाड़ियों को मौका दिया है जिसमें ज्योति और सौम्या गुगुलोथ 2022 में इस टीम से जुड़ी थी जबकि किरण और कशमीना बाद भी यहां आयी।

# उरुग्वे ने जीत से अपना अभियान शुरू किया

मियामी गार्डन्स, एजेंसी

**कोपा कप**

- **ग्रुप-सी में पनामा को 3-1 से दी करारी शिकस्त**
- **उरुग्वे की टीम लुईस सुआरेज के बिना उतरी थी मैदान पर**

उरुग्वे ने कोपा अमेरिका कप फुटबॉल का खिताब रिकॉर्ड 16वीं बार जीतने के लक्ष्य के साथ अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप-सी में पनामा पर 3-1 की जीत के साथ की। उरुग्वे की टीम इस मैच में देश के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले दिग्गज लुइस सुआरेज के बिना मैदान में उतरी थी।

मैक्सिमिलियानो अराउजो ने 16वें मिनट में उरुग्वे का खाता खोला जबकि डार्विन नुनेज (85वें मिनट) और मैटियास विना (90+1 मिनट) ने आखिरी पलों में छह मिनट के अंदर दो गोल टीम की जीत को पक्का कर दिया। इस पूरे मैच में उरुग्वे का दबदबा रहे जो 20 बार पनामा की रक्षापंक्ति को भेदने में सफल रहा।

# जिम्बाब्वे दौरे के लिए गिल कप्तान

नयी दिल्ली, एजेंसी

युवा रियान पराग, अभिषेक शर्मा और नीतिश रेड्डी को आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के कारण जिम्बाब्वे दौरे के लिये पहली बार भारतीय क्रिकेट टीम में जगह मिली है जबकि शुभमन गिल टीम के कप्तान होंगे। वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 विश्व कप खेल रहे सीनियर खिलाड़ियों कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, रविंद्र जडेजा और बुमराह को आराम दिया गया है।

जिम्बाब्वे दौरा छह जुलाई से शुरू होगा, जिसमें पांच टी-20 मैच खेले जायेंगे। पराग, अभिषेक और रेड्डी के अलावा तुषार देशपांडे, हर्षित राणा, आवेश खान और रिंकू सिंह को भी आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के कारण टीम में शामिल किया गया है। टी-20 विश्व कप में शामिल संजू और यशस्वी को भी 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली। गिल और आवेश टी-20 विश्व कप में रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें ग्रुप चरण के मैचों के बाद रिलीज कर दिया गया। नये खिलाड़ियों में अभिषेक और पराग ने आईपीएल के इस सत्र में अच्छी बल्लेबाजी की। पंजाब के बल्लेबाज अभिषेक ने आईपीएल में हैदराबाद के लिये खेलते हुए 484 रन बनाये जबकि राजस्थान के पराग ने 573 रन जोड़े।



**टीम :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, नीतिश रेड्डी, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे।

# सफलता की नई कहानी लिख रही अफगानी टीम

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** युद्ध की तबाही, बुनियादी ढांचे की कमी और अपना कोई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम नहीं होने के बाद भी अफगानिस्तान की टीम वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व में सुपर आठ में जगह पक्की करने के बाद सेमीफाइनल की दावेदारी में बनी हुई है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड 1995 में अस्तित्व में आया था।

यह देश 2001 में आईसीसी का संबद्ध सदस्य बना और इसके एक दशक बाद उसे टेस्ट खेलने का दर्जा मिला। अफगान 2017 से आईसीसी का पूर्ण सदस्य है। टीम ने टी20 विश्व कप में टीम ने न्यूजीलैंड को बड़े अंतर से शिकस्त देकर सुपर आठ चरण में जगह पक्की की। सुपर आठ में उसने 2021 की चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

# बांग्लादेश रोक सकता है अफगान का सफर

किंग्सटाउन, एजेंसी

पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराकर उत्साह से ओतप्रोत अफगानिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में आत्ममुग्धता से बचना होगा। अफगानिस्तान ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया की टीम को हराकर पहली बार विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा।

बांग्लादेश के खिलाफ मैदान पर उतरने से पहले उसकी टीम हालांकि भारत की ऑस्ट्रेलिया पर जीत के लिए दुआ करेगी। भारत की टीम इस ग्रुप से सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में सबसे आगे है क्योंकि उसका नेट रन रेट अन्य टीमों से बेहतर है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच का परिणाम कुछ भी हो, अफगानिस्तान की टीम बांग्लादेश के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी। बांग्लादेश की टीम अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। अफगानिस्तान ने दिखा दिया है कि उसकी टीम के पास बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने की मानसिकता और कौशल दोनों हैं तथा अब वह जीत के लिए केवल अपने गेंदबाजों पर ही निर्भर नहीं है।

टूर्नामेंट में अभी तक सर्वाधिक रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित किया है और अफगानिस्तान इन दोनों से बांग्लादेश के खिलाफ भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।



**टीमें : अफगानिस्तान :** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़, इब्राहिम ज़द्रन, अज़मतुल्लाह उमरज़ई, नजीबुल्लाह ज़दरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, हज़रतुल्लाह ज़ज़ई, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फ़ज़लहक फ़ारुकी, फ़रीद अहमद मलिक।

**बांग्लादेश :** तनजीद हसन, लिटन दास, नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), शाकिब अल हसन, तौहीद हृदॉय, महमूदुल्लाह, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, तनजीम हसन साकिब, मुस्तफिजुर रहमान, जैकर अली, तनवीर इस्लाम, शोरफुल इस्लाम, सौम्या सरकार।

मैच भारतीय समयानुसार आज सुबह 6 बजे शुरू होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली, पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की

दुबई, एजेंसी

- विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी अल-नाहयान के साथ चर्चा की
- दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के विविध क्षेत्रों में हुई ठोस प्रगति पर खुशी जतायी



यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद के साथ विदेश मंत्री एस. जयशंकर।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ दोनों देशों के बीच बहुआयामी व्यापक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की और सहयोग बढ़ाने के लिए ऐसे नए क्षेत्रों पर चर्चा की, जिनमें अभी संभावनाओं को तलाशा नहीं गया है।

रविवार को संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर आए जयशंकर ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी अल-नाहयान के साथ चर्चा की। उन्होंने अल नाहयान से मुलाकात से पहले 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लिया। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि दोनों विदेश मंत्रियों ने बहुआयामी भारत-संयुक्त अरब अमीरात व्यापक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की। एक बयान में कहा कि दोनों नेताओं ने वाणिज्यिक व आर्थिक सहयोग, फिनटेक, शिक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच परस्पर संपर्क समेत द्विपक्षीय सहयोग के विविध क्षेत्रों में हुई ठोस प्रगति पर खुशी जतायी। दोनों मंत्रियों ने और सहयोग बढ़ाने के लिए ऐसे नए क्षेत्रों पर चर्चा कीए जिनमें अभी तक संभावनाएं तलाशी नहीं गयी हैं और उन्होंने क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर भी विचार साझा किए।

# अमेरिका निर्मित मिसाइलों के इस्तेमाल पर राजदूत तलब

मास्को, एजेंसी

- रूसी विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी राजदूत से विरोध दर्ज कराया

रूस के कब्जे वाले क्रीमिया पर यूक्रेन के हमले में अमेरिका निर्मित मिसाइलों के इस्तेमाल को लेकर रूसी विदेश मंत्रालय ने अपना विरोध दर्ज कराने के लिए सोमवार को अमेरिकी राजदूत को तलब किया। इस हमले में चार लोगों की मौत हो गई और 150 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

रूस के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अमेरिका, यूक्रेन के युद्ध में प्रभावी रूप से एक पक्ष बन गया है और निश्चित रूप से जवाबी कार्रवाई की जाएगी। क्रीमिया पर रूस ने 2014 में कब्जा कर लिया था। रूसी अधिकारियों ने कहा कि रविवार के हमले में मारे गए लोगों में दो बच्चे भी शामिल थे, जो क्रीमिया के बंदरगाह शहर सेवस्तोपोल के तटीय क्षेत्र में यूक्रेन द्वारा दागी गईं मिसाइलों के मलबे की चपेट में आ गए। रूसी अधिकारियों ने कहा कि हमलों में क्लस्टर हथियारों का भी इस्तेमाल किया गया जिसके बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि लड़ाकों की तुलना में आम नागरिकों को इससे ज्यादा नुकसान होता है। रूस ने कहा कि ये मिसाइलें अमेरिका में बनी एटीएसीएमएस थीं, जो लंबी दूरी की निर्देशित मिसाइल है। रूस ने अमेरिकी राजदूत लिन ट्रेसी को विदेश मंत्रालय में तलब किया।

# द.कोरिया में लिथियम बैट्री बनाने वाली फैक्ट्री में आग, 16 की मौत

सियोल, एजेंसी



फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लगी भीषण आग।

दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल के समीप लिथियम बैट्री बनाने वाली फैक्ट्री में सोमवार को आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गयी, सात घायल हो गए तथा छह लोग लापता हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय दमकल अधिकारी किम जिन-यंग ने बताया कि बचाव कर्मियों ने सियोल के दक्षिणी क्षेत्र ह्वासियोंग शहर में फैक्ट्री की तलाशी के बाद शव बरामद किए। किम ने पहले बताया था कि ज्यादातर लापता लोग विदेशी हैं, जिनमें चीनी नागरिक शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि लापता लोगों के मोबाइल फोन के सिग्नल फैक्ट्री की दूसरी मंजिल से आने का पता चला है। उन्होंने कहा कि एक प्रत्यक्षदर्शी ने प्राधिकारियों को बताया कि जब कर्मचारी बैट्रियों की जांच और उन्हें पैक कर रहे थे तो उनमें विस्फोट हो गया, जिससे आग लग गयी लेकिन आग लगने की असली वजह की अभी जांच की जाएगी। किम ने बताया कि आग लगने के समय फैक्ट्री में कुल 102 लोग काम कर रहे थे।

## एक नजर

### अमेरिका में रैपर चार्ल्स की गोली मारकर हत्या

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रैपर चार्ल्स जोन्स की गोली मारकर हत्या कर दिये जाने की घटना सामने आयी है। जोन्स के वकील ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रैपर की 26वें जन्मदिन के दो दिन बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई। एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार पुलिस को टाम्पा शहर के एक होटल में रविवार को गोलीबारी की सूचना मिली।घटनास्थल पर पहुंचने पर उन्हें पार्किंग में गोलियों से छलनी दो गाड़ियां मिलीं। पुलिस के अनुसार गोलीबारी में जोन्स की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### राजकुमारी एनी को मामूली चोट लगी

**लंदन।** गैटकोम्ब पार्क एस्टेट में रविवार को हुई एक घटना में राजकुमारी एनी को मामूली चोट और सिर में चोट आयी है। यह जानकारी बकिंघम पैलेस ने दी। ब्रिटेन के महाराज चार्ल्स तृतीय की 73 वर्षीय बहन एनी को एहतियात के तौर पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनके पूरी तरह ठीक होने की उम्मीद है। बकिंघम पैलेस ने सोमवार को एक बयान में कहा, चार्ल्स को पूरी जानकारी दी गई है और उन्होंने पूरे शाही परिवार के साथ मिलकर राजकुमारी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। बयान में कोई अन्य विवरण नहीं दिया गया है।

### उ. कोरिया ने सियोल की ओर फिर से गुब्बारे छोड़े

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया की ओर फिर से गुब्बारे छोड़े हैं, जिन पर संभवत: कचरा रखा हुआ है। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि गुब्बारे दक्षिण (कोरिया) की ओर बढ़ रहे हैं। बयान में, दक्षिण कोरिया के लोगों से इन गुब्बारों को न छूने की अपील की गई है तथा इस बारे में सेना और पुलिस अधिकारियों को सूचित करने को कहा गया है।

### पश्चिमी जापान में भूस्खलन की चेतावनी

**टोक्यो।** जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने सोमवार को कहा कि मंगलवार तक पश्चिमी जापान में गरज के साथ अतिवृष्टि होने का आसार है, जिससे भूस्खलन के लिए सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। मौसम एजेंसी ने कहा कि गर्म और नम हवाएं पश्चिमी जापान में मौसमी बारिश की संभावनाएं बना रही हैं, जिसने इस क्षेत्र में वायुमंडलीय स्थितियां बहुत अस्थिर बना दी हैं।

# रूस आतंकवादी हमले में 15 पुलिस अधिकारी समेत 19 लोगों की मौत

## रविवार शाम बंदूकधारियों ने डर्बेंट और माखचकाला शहरों में गोलीबारी की थी

मॉस्को, एजेंसी

- आतंकवादी हमलों में शामिल पांच बंदूकधारियों को पुलिसकर्मियों ने मार गिराया
- राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी समिति ने कहा कि बंदूकधारियों की पहचान कर ली गई है



रूस के दागेस्तान में आतंकवादी हमले में 19 लोगों की मौत हो गयी है। मरने वालों में 15 पुलिस अधिकारी और एक पादरी और चार नागरिक हैं। आतंकवादी हमलों में शामिल पांच बंदूकधारियों को पुलिस ने मार गिराया है। रूस की जांच समिति ने सोमवार को यह जानकारी दी।

रविवार शाम को अज्ञात बंदूकधारियों ने डर्बेंट और माखचकाला शहरों में दो चर्चों, एक आराधनालय और एक यातायात थाना पर गोलीबारी की जिससे अधिकारियों को आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू करना पड़ा। इससे पहले दिन में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी समिति ने कहा कि ऑपरेशन पूरा हो गया है। समिति ने एक बयान में कहा, प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, 15 पुलिस अधिकारी मारे गए। साथ ही एक रूढ़िवादी पादरी सहित चार नागरिक मारे गए। इसके अतिरिक्त, आतंकवादी हमलों में शामिल पांच बंदूकधारियों को मार गिराया गया है। बयान में कहा गया है कि उनकी पहचान कर ली गई है।

हमलों की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। अधिकारियों ने एक आतंकवादी अधिनियम के आरोप में एक आपराधिक जांच शुरू की। इससे पहले देर रात आई विदेशी मीडिया की शुरुआती खबर में इसे आतंकी हमला बताया गया। वहीं हमलावरों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के दौरान रूस के सुरक्षाबलों ने कई हमलावरों को मार गिराया।

खबर के मुताबिक आतंकी हमले के बाद यहूदियों के धर्मस्थल की एक मंजिल पर बनी खिड़कियों से आग की बड़ी-बड़ी लपटें निकलती देखी गईं। धुएं का गुबार भी देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को तीन जगहों पर हमले किए गए। माखचकाला शहर में पुलिस यातायात स्टॉप पर हमले की खबरें मिली हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि हमलों में 12 कानून प्रवर्तन अधिकारी घायल भी हुए हैं।

अधिकारियों के मुताबिक तीनों जगहों पर हमले के तरीके और समय को देखते हुए ऐसा लगता है कि हमलावरों ने संगठित तरीके से हमले किए। जिस समय डर्बेंट शहर में हमला हुआ उसी समय यहां से करीब 120 किलोमीटर दूर माखचकाला में पुलिस यातायात चौकी पर भी गोलीबारी की गई। इस हमले में एक पुलिसकर्मी के घायल होने की भी खबर है। दागेस्तान रूस और पुतिन के लिए किसी दुखती रग की तरह है। पहले भी यहां हमले होते रहे हैं। इस बार हमला यहूदियों के उपासना स्थल सिनेगॉग, दो चर्च और एक पुलिस पोस्ट पर हुआ। ये आतंकी हमला पुतिन के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है।

# हमास के वरिष्ठ हथियार विशेषज्ञ को मार गिराने का दावा

**यरुशलम।** इजरायल की सेना ने सोमवार को दावा किया कि उसने गाजा पट्टी में हमास के एक वरिष्ठ हथियार विशेषज्ञ को मार दिया है और वह राफा शहर में आक्रमण जारी रखेगा। इजरायली सेना ने ताजा बयान में कहा कि हमास में हथियार बनाने वाले मुख्यालय में वह परियोजना और विकास प्रभारी के रूप में हथियार विशेषज्ञ के तौर पर काम करता था। वह रणनीतिक हथियार बनाने की एक परियोजना का हिस्सा था और उसने हथियार बनाने के काम करने वाले कई दस्तों की कमान संभाल रखी थी।

# युद्ध समाप्ति के समझौते पर सहमत नहीं होंगे : नेतन्याहू

तेल अवीव, एजेंसी

- टिप्पणी से बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों में आक्रोश



गाजा में आठ महीने से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका समर्थित प्रस्ताव की व्यवहारिकता पर सोमवार को उस समय संदेह के बादल छा गए, जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वे केवल आंशिक युद्धविराम के समझौते पर सहमत होने के लिए तैयार होंगे, जिससे युद्ध समाप्त नहीं होगा। नेतन्याहू की इस टिप्पणी से हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों में आक्रोश फैल गया।

रविवार देर रात इजराइली चैनल 14 पर प्रसारित एक साक्षात्कार में नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में अब भी बंधक बनाए गए लगभग 120 लोगों का जिक्र करते हुए कहा कि वह आंशिक समझौता करने के लिए तैयार हैं और यह कोई रहस्य नहीं है, जिससे हमें कुछ लोग वापस मिल जाएंगे।

# आतंकवाद की अनदेखी न हो: उच्चायुक्त

ओटावा, एजेंसी

- कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी पर कहा कि आतंकवाद की कोई सीमा या राष्ट्रीयता नहीं होती

भारत ने कनाडा में आतंकवाद का महिमामंडन करने वाले कृत्यों को निंदनीय करार देते हुए कहा है कि विश्व में किसी भी देश की सरकार को अपनी धरती से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के खतरे की अनदेखी राजनीतिक फायदे के लिए नहीं करनी चाहिए। भारतीय उच्चायोग ने 1985 में हुए कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी पर एक बयान में कहा कि आतंकवाद की कोई सीमा, राष्ट्रीयता या नस्ल नहीं होती।

मॉन्ट्रियल-नयी दिल्ली एअर इंडिया 'कनिष्क' उड़ान संख्या-182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया था, जिससे विमान में सवार 86 बच्चों समेत सभी 329 लोग मारे गए थे। इनमें से ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे। माना जाता है कि 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए चलाए गए ऑपरेशन ब्लूस्टार के प्रतिशोध में सिख आतंकवादियों ने कनिष्क बम विस्फोट को अंजाम दिया था। ओटावा में भारतीय उच्चायोग और टोरंटो तथा वैंकूवर में भारत के वाणिज्य दूतावासों ने, 1985 में आतंकवाद के घृणित कृत्य में मारे गए लोगों की याद में रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया था।

# हिजबुल्लाह ने बेरूत हवाई अड्डे पर जमा किए हथियार

बेरूत, एजेंसी

- कर्मचारियों ने हिजबुल कमांडरों और ईरान से लाए जाने वाले असामान्य बड़े बक्से देखे
- लेबनान के श्रम और परिवहन मंत्री अली हमीह ने रिपोर्ट को गलत और भ्रामक बताया

लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्लाह ने बेरूत के हवाई अड्डे पर मिसाइलों और विस्फोटकों सहित भारी मात्रा में ईरानी हथियार जमा कर रखे हैं। द टेलीग्राफ अखबार ने सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक हवाई अड्डे पर वहां के कर्मचारियों ने हिजबुल कमांडरों और ईरान से लाये जाने वाले असामान्य बड़े बक्से देखे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हवाईअड्डे के कर्मचारियों ने भी चिंता व्यक्त की कि हवाईअड्डा प्राथमिक सैन्य लक्ष्य बन सकता है। दूसरी तरफ लेबनान के श्रम और परिवहन मंत्री अली हमीह ने रिपोर्ट को गलत और भ्रामक बताते हुए सभी मीडिया आउटलेट्स और राजदूतों या उनके प्रतिनिधियों को हवाई अड्डे का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया ताकि यह सत्यापित किया जा सके कि वहां कोई हथियार नहीं हैं। उन्होंने कहा, मैंने प्रधानमंत्री से संपर्क किया है। हम झूठे आरोपों और बेरूत हवाई अड्डे की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए द टेलीग्राफ अखबार के खिलाफ मुकदमा दायर करेंगे।

# चीन के उप विदेश मंत्री नेपाल पहुंचे

**काठमांडू।** चीन के उप विदेश मंत्री सुन विदोंग तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को काठमांडू पहुंचे। अपनी यात्रा के दौरान वह देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और नेपाल-चीन राजनयिक परामर्श तंत्र की 16वीं बैठक में भाग लेंगे।

विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव कृष्ण प्रसाद ढकाल ने यहां त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचने पर चीनी उप विदेश मंत्री का स्वागत किया। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नेपाल-चीन राजनयिक परामर्श तंत्र की 16वीं बैठक मंगलवार को राजधानी काठमांडू में होगी। काठमांडू में होने वाली उच्च स्तरीय बैठक में नेपाल और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों और द्विपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा की जाएगी।

# सिंधु जल संधि: पाकिस्तानी डेलिगेशन निरीक्षण के लिए जम्मू-कश्मीर पहुंचा

जम्मू, एजेंसी

- चिनाब घाटी में किशनगंगा और रातले पनबिजली परियोजनाओं का निरीक्षण होगा

सिंधु जल संधि के तहत जम्मू-कश्मीर में दो पनबिजली परियोजनाओं का निरीक्षण करने के लिए एक पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल तटस्थ विशेषज्ञों के साथ रविवार शाम यहां पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। साल 1960 की संधि के विवाद निपटान तंत्र के तहत पांच साल से अधिक समय में किसी पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल की यह पहली जम्मू-कश्मीर यात्रा है।

भारत और पाकिस्तान ने नौ साल की बातचीत के बाद सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें विश्व बैंक भी हस्ताक्षरकर्ता के रूप में शामिल हुआ था। यह संधि सीमा के दोनों ओर की नदियों के पानी के उपयोग पर समन्वय एवं सूचनाओं के आदान प्रदान का प्रावधान करती है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। जनवरी 2019 में तीन सदस्यीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल ने आखिरी बार आईडब्ल्यूटी के प्रावधानों के तहत पाकल दुल और लोअर कलनाई जलविद्युत परियोजनाओं का निरीक्षण किया था। अधिकारियों ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल केंद्र शासित प्रदेश में चिनाब घाटी में किशनगंगा और रातले पनबिजली परियोजनाओं का निरीक्षण करेगा।

### तोशाखाना मामले की जल्द सुनवाई को अपील

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय से तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में निर्वाचन आयोग द्वारा उन्हें अयोग्य ठहराये जाने के खिलाफ उनकी अपील पर जल्द सुनवाई का अनुरोध किया। पिछले साल दिसंबर में, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक खान ने तोशाखाना के उपहारों की जानकारी सार्वजनिक रूप से घोषित नहीं करने के मामले में उन्हें दोषी ठहराते हुए पांच साल तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य करार देने के आयोग के फैसले को लाहौर उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। अपील में दलील दी गई है कि खान को पार्टी प्रमुख के रूप में काम करने पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

# अमेरिका के टेक्सास में गोलीबारी में भारतीय नागरिक की मौत

**नई दिल्ली।** अमेरिका के टेक्सास प्रांत में डकैती की घटना के दौरान गोलीबारी में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई है। ह्यूस्टन स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी है। वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर अपनी पोस्ट में बताया कि टेक्सास प्रांत के डलास में प्लेज़ेंट ग्रोव में एक डकैती के दौरान गोलीबारी की घटना में भारतीय नागरिक गोपी कृष्ण दासारी के दुखद निधन के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। दूतावास ने कहा, हम मृतक के परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। भारतीय वाणिज्य दूतावास दासारी के स्थानीय परिजनों के संपर्क में है और अपने स्तर पर एवं विभिन्न भारतीय संगठनों के माध्यम से हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

## बॉलीवुड हलचल

### गदर 3 में काम करना चाहती हैं अमीषा पटेल

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री अमीषा पटेल गदर 3 में काम करना चाहती हैं। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर : एक प्रेम कथा वर्ष 2001 में प्रदर्शित हुयी थी। इस फिल्म में सन्नी देओल और अमीषा पटेल ने मुख्य भूमिका निभायी। पिछले वर्ष गदर : एक प्रेम कथा की सीक्वल गदर 2 प्रदर्शित हुयी। अब अनिल शर्मा गदर 3 बना रहे हैं। अमीषा पटेल ने हाल ही में एक आस्क मी एनीथिंग सेशन ट्विटर यानी एक्स पर किया। अमीषा ने यहां अपनी आने वाली फिल्मों के बारे में बातें की। अमीषा पटेल ने कहा कि वह गदर-3 में काम करना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि निर्देशक अनिल शर्मा उनके लिए फैमिली के जैसे ही हैं। उन्होंने कहा, हमारे रचनात्मक मतभेद फिल्म की बेहतरी के लिए हैं, लेकिन एक-दूसरे के प्रति हमारा सम्मान और लगाव इन सबसे कहीं अधिक गहरा है, इसलिए हां, यदि हम एक ही पृष्ठ पर हैं तो निश्चित रूप से गदर 3 में खुशी से काम करेंगे। अमीषा पटेल ने अपनी हिट फिल्म हमराज के बारे में कहा कि यह अभी पाइपलाइन में हैं। अब्बास मस्तान इसकी स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं।

### अक्षय कुमार की सरफिरा का पहला गाना मार उड़ी रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सरफिरा का पहला गाना मार उड़ी रिलीज हो गया है। अपनी आगामी फिल्म सरफिरा के ट्रेलर रिलीज के बाद जंगली म्यूजिक और फिल्म के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का पहला ट्रैक मार उड़ी रिलीज किया है। यदु कृष्णन, सुगंध शेकर, हेस्टन रोड्रिग्स और अभिजीत राव द्वारा स्वरबद्ध किया गया और मनोज मुंतशिर शुक्ला द्वारा लिखित, मार उड़ी साहस की भावना का प्रतीक है। गाने में जी.वी. प्रकाश कुमार का कम्पोजीशन है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधा कोंगारा द्वारा निर्देशित सरफिरा एक मनोरंजक कहानी है जो स्टार्ट-अप और विमानन की दुनिया पर प्रकाश डालती है। सच्ची कहानियों और कैप्टन गोपीनाथ की किताब सिंपलीफ्लाई से प्रेरित यह फिल्म धैर्य और दृढ़ता की एक जबरदस्त तस्वीर पेश करती है।

### सोल्जर का सीक्वल बनायेंगे रमेश तौरानी!



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार रमेश तौरानी सुपरहिट फिल्म सोल्जर का सीक्वल बनाने की तैयारी कर रहे हैं। वर्ष 1998 में प्रदर्शित रमेश तौरानी निर्मित और अब्बास-मस्तान निर्देशित सुपरहिट फिल्म सोल्जर में बॉबी देओल, प्रीति जिंटा, राखी, सुरेश ओबेराय, दिलीप ताहिल ने मुख्य भूमिका निभायी थी।इस फिल्म को दर्शकों ने बेहद पसंद किया था। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट बनने वाला है। रमेश तौरानी सोल्जर का सीक्वल बनाने जा रहे हैं। उन्होंने बताया है कि 'सोल्जर' के सीक्वल पर काम चल रहा है। जल्द ही इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट की जायेगी।

**खगोल विज्ञान** पृथ्वी से 5,300 प्रकाश वर्ष की दूरी पर पप्पीस तारामंडल में स्थित है यह तारों की नर्सरी

# निहारिका में जन्म लेते शिशु तारों की हुई खोज

संवाददाता, नैनीताल

- तारों की दुनिया के विकास को लेकर यह खोज महत्वपूर्ण मानी जा रही



निहारिका आरसीडब्ल्यू 7।

**अमृत विचार :** हबल ने निहारिका में जन्म लेते शिशु तारों को खोज की है। इस निहारिका का नाम आरसीडब्ल्यू 7 है, जो पृथ्वी से 5,300 प्रकाश वर्ष की दूरी पर पप्पीस तारामंडल में स्थित है। तारों की दुनिया के विकास को लेकर यह महत्वपूर्ण खोज मानी जा रही है। निहारिकाएं नए तारे बनाने के लिए आवश्यक कच्चे माल से समृद्ध नर्सरी होती है। जिसमें तारों के निर्माण के साथ गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की विस्तृत जानकारी हासिल की जा सकती है। इनमें आणविक बादलों के कुछ हिस्से नष्ट होने के साथ ही बादलों के विकासशील तारों में परिवर्तित होने की जानकारी भी मिलती है। इन तारों को प्रोटोस्टार कहा जाता है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि आरसीडब्ल्यू 7 में बनने वाले प्रोटोस्टार विशेष रूप से विशाल हैं, जो जोरदार आयनकारी विकिरण और भयंकर तारकीय हवाएं छोड़ते हैं। तारों के निर्माण क्षेत्र में हाइड्रोजन आयन को सामान्य हाइड्रोजन परमाणु में संदर्भित करने की सटीक जानकारी मिल पाती है। कुल मिलाकर तारों के निर्माण की प्रक्रिया की सही जानकारी मिल पाती है। यह निहारिका आणविक बादल के अंत की शुरुआत का प्रतीक है। जिसमें कुछ मिलियन वर्षों के भीतर विशाल तारों से निकलने वाला विकिरण और हवाएं धीरे-धीरे नीहारिका की गैस को तितर-बितर कर देंगी। विशाल तारे सुपरनोवा विस्फोटों में अपने जीवन के अंत तक पहुंच जाते हैं। इस निहारिका में नए तारे निहारिका की गैस का केवल एक अंश ही शामिल करेंगे, शेष पूरी आकाशगंगा में फैल जाएगा और अंततः नए आणविक बादल बनेंगे।

### निहारिकाओं के बारे में सीमित है जानकारी

**नैनीताल :** निहारिकाओं के बारे में हमारी जानकारी बहुत अधिक नहीं है, जबकि निहारिका ब्रह्मांड का वह क्षेत्र है, जहां न केवल तारों के अंत की विस्तृत जानकारी हासिल की जा सकती है, बल्कि तारों की उत्पत्ति व ग्रहों के विकास के साथ कई अन्य जानकारी हासिल की जा सकती है।